रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ | RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 18 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-29 मूल्य 3.00 ₹



## क्विक न्यूज़

### संतोष कश्यप बने भारतीय राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम के प्रमुख कोच



**नयी दिल्ली।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी संतोष कश्यप भारतीय राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। एआईएफएफ ने यह घोषणा करते हुए कहा कि अगले महीने काठमांडू में होने वाली एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप के लिये तैयारी शिविर के मद्देनजर 58 वर्षीय कश्यप तत्काल प्रभाव से भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कमान संभालेंगे। इसके साथ ही वर्ष 2022 से भारत की अंडर-17 महिला टीम की मुख्य कोच प्रिया पी.वी. नई सहायक कोच तथा रघुवीर प्रवीण खानोलकर गोलकीपिंग कोच होंगे।

### विपक्ष की विश्वसनीयता नहीं बची : राजनाथ



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि विपक्ष की कोई विश्वसनीयता नहीं बची है और वह विदेशों में जाकर देश की प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश कर रहा है। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपना एक वीडियो साझा कर मोदी सरकार की पहले 100 दिनों की उपलब्धियों का जिक्र किया। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष कुछ भी कहे सरकार को काम करना है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का एक जुनून है। सरकार उस लक्ष्य को हासिल करके रहेगी।

### आप की सरकार रहते दिल्ली की दुर्दशा रहेगी बरकरार : बांसुरी



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री का चेहरा कोई भी हो, लेकिन आप सरकार के रहते दिल्ली की बदहाल स्थिति में कोई परिवर्तन नही होने वाला है। स्वराज ने आम आदमी पार्टी की ओर से आतिशी को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री बनाए जाने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि आतिशी का नाम दिल्ली की मुख्यमंत्री के लिए प्रस्तावित किया गया है। मैं आतिशी को बहुत बधाई देना चाहती हूं, लेकिन यह दिल्ली का दुर्भाग्य है कि यहां पर एक दशक से आम आदमी पार्टी सत्ता में है।

# चौतरफा दबाव के बाद सीमेंट कंपनियों ने प्रति बोरी 45 रुपए रेट घटाया

## राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीमेंट कंपनियों के खिलाफ खोला था मोर्चा

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

**पायनियर इम्पैक्ट**







सीमेंट कंपनियों के संगठनों द्वारा कार्टेल बनाकर कीमतों में एकाएक 50 रूपए प्रति बोरी की बढ़ोत्तरी कर दी गई थी। जिसके खिलाफ राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। वहीं रायपुर से भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीमेंट कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। समाचार पत्र में खबरों के प्रकाशित होने के बाद प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने जगह-जगह बढ़े हुए सीमेंट दाम के खिलाफ आंदोलन चालू कर दिया। चौतरफा दबाव को देखते हुए सीमेंट कंपनियों को 45 रूपए प्रति बोरी रेट कम करना पड़ा। आखिरकार सीमेंट कंपनियों को बढ़े हुए दाम वापस लेने पड़े। कंपनियों ने सीमेंट की कीमत 45 रुपए घटाने की घोषणा कर दी है। अब रिटेल में सीमेंट 255 से 265 रुपए प्रति बोरी बिकेंगे। सीमेंट कंपनियों ने बीते 3 सितंबर को प्रति बोरी की कीमत 50 रुपए बढ़ाने की घोषणा की थी। छह महीनों में चौथी बार हुआ, जब चौतरफा दबाव के चलते सीमेंट कंपनियों को दाम वापस लेने पड़े। छत्तीसगढ़ में सीमेंट का मासिक उत्पादन करीब 30 लाख टन (6-8 करोड़ बैग) है। देश भर की कुल जरूरत का 20 प्रतिशत सीमेंट उत्पादन छत्तीसगढ़ में होता है। ज्ञात हो रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भारतीय प्रतिस्पर्धा के आयोग अध्यक्ष को पत्र लिखकर सीमेंट के बढ़े दामों को कम करने कहा था। बृजमोहन अग्रवाल ने मोर्चा खोलते हुए साफ तौर पर कहा कि सीमेंट कंपनियों को छत्तीसगढ़ में ही खदाने, कोयला, ऊर्जा और सस्ती बिजली के साथ ही श्रमिक भी उपलब्ध हो रहे है। अग्रवाल ने मुखरता के साथ कहा कि छत्तीसगढ़ के सारे संसाधनों का सीमेंट कंपनियों के द्वारा दोहन किया जा रहा है। उत्पादन के लिए कच्चा माल भी यही तैयार हो रहा है। फिर भी प्रति बोरी 50 रूपए की वृद्धि करना यहां के जनता के उपर आर्थिक भार लादना है। रेट बढ़ने से घरों के निर्माण के साथ-साथ रोड़, सरकारी भवनों और अन्य निर्माणों की भी लागत बढ़ जाएगी। गरीबों के लिए मकान बनाना दूभर हो जाएगा। बहरहाल पक्ष-विपक्ष के मिले जुले दबाव के चलते सीमेंट कंपनियों को कीमत घटाना पड़ा।

# आतिशी के हवाले दिल्ली, वह तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी


**पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। इससे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। आतिशी का जन्म आठ जून, 1981 को दिल्ली में हुआ था। वह मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं। उनके माता-पिता दोनों ही दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रहे हैं। आतिशी ने सेंट-स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की डिग्री हासिल की है। भ्रष्टाचार विरोधी अन्ना आंदोलन के दौरान आतिशी ने 2012 में राजनीति में कदम रखा और आम आदमी पार्टी की नींव रखने वाले लोगों में शामिल रहीं। आतिशी ने जुलाई 2015 से 17 अप्रैल 2018 तक तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के सलाहकार के तौर पर काम किया है। 2013 के विधानसभा चुनाव के दौरान वह पार्टी का घोषणापत्र तैयार करने वाली मसौदा समिति की प्रमुख सदस्य रह चुकी हैं। वह पार्टी प्रवक्ता की भी जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। वह पहली बार 2020 में कालकाजी विधानसभा से जीतकर विधायक बनीं। आप नेता मनीष सिसोदिया को कथित शराब घोटाले के आरोप में जेल जाना पड़ा तो उनकी जगह आतिशी को शिक्षा मंत्री बनाया गया और अब उनके पास शिक्षा मंत्रालय समेत कई मंत्रालय की ज़िम्मेदारी हैं। आतिशी को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का खास माना जाता है। आतिशी को 2019 में पूर्वी दिल्ली से लोकसभा लिए टिकट दिया गया।उन्हें भले ही हार का सामना करना पड़ा, लेकिन अगले साल ही विधानसभा चुनाव में उन्हें उतारा गया और वह कालकाजी से विधायक निर्वाचित हुईं।

# पटाखा गोदाम में विस्फोट, 5 की मौत, 11 घायल

**एजेंसी < फिरोजाबाद**
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिलेद के शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में एक पटाखा गोदाम में आग लगने से हुए भीषण विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि 11 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताते हुये मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं। उन्होने हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को चार चार लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव नौशहरा में भूरा खान नामक व्यक्ति के मकान में पटाखो का गोदाम है। सोमवार रात में अचानक गोदाम में भीषण विस्फोट हुआ विस्फोट इतना भयंकर था कि आसपास के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में मकान के मलबे में कई लोग दब गये जानकारी मिलते ही मौके पर थाना पुलिस सी औ सहित फायर ब्रिगेड की टीमजिलाधिकारी रमेश रंजन पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच गए। राहत कार्य के बाद मलबे के अंदर से निकाो गए घायल लोगों को जिला अस्पताल और शिकोहाबाद के अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे मे मीरा देवी (52) और उनके बेटे अमन (20),गौतम (18) और पड़ोसी धर्मेंद्र की चार वर्षीय पुत्री इच्छा और दो वर्ष का बेटा अभिनव की मौत हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमार स्वामी ने सौजन्य मुलाकात की



**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास में केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमार स्वामी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी का अपने निवास में आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कुमारस्वामी को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। साय ने केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान सेल और एनएमडीसी का प्रोडक्शन बढ़ाने, दोनों उपक्रमों और राज्य सरकार के मध्य और बेहतर समन्वय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों उपक्रमों सेल और एनएमडीसी को सीएसआर मद के कार्यों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगरनार अंचल में स्थानीय युवाओं के कौशल उन्नयन के अधिक से कार्य किए जाएं, ताकि युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर मिल सकें।

# जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू

**वार्ता < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण के लिए सभी हित धारकों को मिलकर काम करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि जल ही जीवन है इसलिए सब प्राणियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण को आंदोलन बनाने की ज़रूरत है। मुर्मू ने भारत मंडपम में तीन दिन तक चलने वाले 8वें भारत जल सप्ताह सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि जल संरक्षण को देश ही नहीं पूरी दुनिया में आंदोलन बनाने की ज़रूरत है और इसके लिए सभी हितधारकों को मिलकर पानी बचाने के नए तथा सभी परंपरागत तरीकों को अपना कर पानी का संरक्षण करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि जल संरक्षण प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने, इसके विकास और वितरण के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग, समावेशिता और साझेदारी को बढ़ावा देने के जो प्रयास जल शक्ति मंत्रालय कर रहा है उसके कार्य सराहनीय हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मंत्रालय ने जल मिशन के तहत सभी नागरिकों तक स्वच्छ पानी की पहुंच सुनिश्चित की है। यह और प्रसन्नता की बात है कि देश में 78 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों को पानी के कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और पानी की पहुंच की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सभी को भागीदारी से आगे बढ़कर जल संरक्षण, बेहतर प्रबंधन,विकास और वितरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जन आंदोलन शुरु करना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना आरोपी की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने पर रोक

**पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा कि बिना उसकी अनुमति किसी भी आपराधिक मामले में राज्यों द्वारा आरोपी की संपत्ति नहीं गिराया जाएगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता जमीयत उलमा ए हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई (आपराधिक मामले के आरोपी की अचल संपत्ति गिराना) संविधान की भावना के विरुद्ध है। पीठ ने दो सितंबर के उसके आदेश के बाद दिए गए बयानों पर भी आपत्ति जताई, जिसमें उसने बुलडोजर के इस्तेमाल पर दिशा-निर्देश बनाने का संकेत दिया गया था। पीठ ने कहा कि उसके आदेश के बाद भी ऐसे बयान आए हैं कि बुलडोजर का इस्तेमाल जारी रहेगा। शीर्ष अदालत ने कहा, दो सितंबर के आदेश के बाद भी इस पर जोरदार बहस हुई है। क्या हमारे देश में ऐसा होना चाहिए? क्या चुनाव आयोग को इस पर ध्यान देना चाहिए? हम निर्देश तैयार करेंगे। पीठ ने कहा, हम स्पष्ट कर दें कि हमारे निर्देश होंगे। उन्हें दिशा-निर्देश कहा जा रहा है। अगली तारीख (एक अक्टूबर) तक अदालत की अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण पर रोक होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन, जल निकायों आदि पर कोई अनधिकृत निर्माण होने पर उसका यह आदेश लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा, हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम अनधिकृत निर्माण के बीच में नहीं आएंगे, लेकिन यह ध्यान रहे कि कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए एक अक्टूबर की तारीख मुकर्रर करते हुए कहा, अगली तारीख तक, जब तक वैधानिक रूप से अनुमति न हो, तब तक कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। पीठ ने गत 02 सितंबर को कहा था कि वह बुलडोजर न्याय के विवादास्पद मुद्दे से निपटने के लिए पूरे भारत के लिए एक दिशा-निर्देश बनाएगी, जिसका इस्तेमाल कुछ राज्य सरकारें किसी व्यक्ति पर अपराध का आरोप लगने के तुरंत बाद उसके घर या दुकान को ध्वस्त करने के लिए करती हैं।

## औद्योगिक और कृषि क्षेत्र की प्रगति में भी मदद मिलेगी

# पीएम मोदी ने 2,871 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी

**पायनियर संवाददाता < भुवनेश्वर**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा में कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का मंगलवार को शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं का कुल निवेश 2,871 करोड़ रुपये है, जो रेल कनेक्टिविटी में सुधार, महत्वपूर्ण मार्गों की भीड़भाड़ कम करने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के हैं। यह निवेश भारतीय रेलवे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो देश के परिवहन क्षेत्र का मुख्य घटक है और राष्ट्रीय अखंडता को बढ़ावा देता है।इन परियोजनाओं से न केवल रेल यात्रियों की सुविधा में वृद्धि होगी, बल्कि देश के औद्योगिक और कृषि क्षेत्र की प्रगति में भी मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य ओडिशा के औद्योगिक, संसाधन-संपन्न और आदिवासी-बहुल क्षेत्रों में महत्वपूर्ण रेल नेटवर्क को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री ने जिन चार रेल खंडों को राष्ट्र को समर्पित किया उनमें 25.394 किलोमीटर लंबा लांजीगढ़ रोड-अंबाडोला-दोई कल्लू रेल खंड शामिल है जो विजयनगरम-टिटलागढ़ तीसरी लाइन परियोजना का हिस्सा है। यह महत्वपूर्ण खंड व्यस्त विजयनगरम-टिटलागढ़ मार्ग की क्षमता बढ़ाएगा, जिससे पश्चिमी ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच संपर्क बढ़ेगा और इससे यात्रियों को लाभ होगा और माल ढुलाई आसान होगा। प्रधानमंत्री द्वारा समर्पित 260 करोड़ रुपये की लागत वाली कोरापुट-सिंगापुर रोड दोहरीकरण परियोजना के 22.94 किलोमीटर लंबे लक्ष्मीपुर रोड-सिंगारम-टिकिरी रेलवे खंड का उद्देश्य दक्षिणी ओडिशा में ट्रेनों की आवागमन क्षमता बढ़ाना है।यह परियोजना संसाधन समृद्ध क्षेत्रों से प्रमुख बाजारों तक माल की आवाजाही को आसान बनाएगी। पांच सौ 40 करोड़ रुपये की लागत से 40.62 किमी लंबी ढेंकनाल-सदाशिबापुर-हिंडोल रोड रेलवे खंड की बुधपंक-सालेगांव तीसरी और चौथी लाइन परियोजना महत्वपूर्ण औद्योगिक मार्ग पर क्षमता बढ़ाएगी, जिससे माल ढुलाई सुगम और तेजी से होगा। इसी तरह, 239 करोड़ रुपये की लागत वाली बोंडामुंडा-रांची दोहरीकरण परियोजना के 12.5 किलोमीटर लंबे बंगुरकेला-नौगांव रेलवे खंड से भीड़भाड़ कम होगी और ओडिशा और झारखंड के बीच संपर्क में सुधार होगा। इनके अलावा, प्रधानमंत्री चार अन्य परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे, जो महत्वपूर्ण नयी रेलवे विकास की शुरुआत का प्रतीक हैं। ये परियोजनाएं सिजू और पारादीप कोचिंग यार्ड के बीच सात फ्लाईओवर हैं जिनकी लागत 200 करोड़ रुपये है। यह भारत के प्रमुख व्यापार केंद्रों में से एक, पारादीप बंदरगाह पर सुगम और निर्बाध ट्रेन आवागमन सुनिश्चित करते हुए, जमीनी क्रॉसिंग को खत्म कर देगा। इसके अलावा, 300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर 18.51 किलोमीटर लंबी पारादीप-बड़ाबंधा तीसरी और चौथी लाइनों के विस्तार से माल ढुलाई और यात्री यातायात दोनों के लिए क्षमता बढ़ेगा, जिससे पारादीप बंदरगाह से संपर्क बढ़ेगा।. इसी तरह, 152 करोड़ रुपये की लागत के एमसीआरएल इनर कॉरिडोर चरण-1 के 10.93 किलोमीटर के दोहरीकरण से कोयले की निकासी आसान होगी। बहुप्रतीक्षित 41.9 किलोमीटर लंबी जेपोर-नबरंगपुर नयी लाइन की लागत 748 करोड़ रुपये है, यह जेपोर और नबरंगपुर के आदिवासी बहुल क्षेत्रों को जोड़ेगी, आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी और बाजारों और संसाधनों तक बेहतर पहुंच प्रदान करेगी। यह महत्वाकांक्षी परियोजना जयपुर और नबरंगपुर के आदिवासी बहुल क्षेत्रों को जोड़ेगी, जिससे क्षेत्र के लोगों के लिए बाजारों और सेवाओं तक बेहतर पहुंच उपलब्ध होगी।

# राहुल गांधी को लेकर भाजपा नेताओं के बयान पर खड़गे ने लिखा मोदी को पत्र

**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर



उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लेकर आपत्तिजनक बयानबाजी की जा रही है जिस पर तत्काल रोक लगाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। खड़गे ने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी, सबसे पहले मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई देता हूं। इसके साथ ही ऐसे मुद्दे पर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं, जो सीधे लोकतंत्र और संविधान से जुड़ा हुआ है। आप अवगत होंगे कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है। मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि भारतीय जनता पार्टी और आपके सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का प्रयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है। विश्व हैरान है कि केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के मंत्री, लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता को नंबर एक आतंकवादी कह रहे हैं।

# विश्व की प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक शक्ति के रूप में मजबूती से उभर रहा भारत : शाह

**पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा, गति और क्रियान्वयन का सातत्य भारत एक सुरक्षित राष्ट्र बन गया है तथा विश्व की प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक शक्ति के रूप में मजबूती से उभर रहा है। शाह और रेल, सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है। पूरे देश में कई संस्थाओं ने उनके जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के नाम से मनाने के निर्णय लिया है। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक 15 दिन देश भर के सभी जरुरतमंदों की सेवा में हमारे जैसे काफी कार्यकर्ता लगेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्म लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बने। दस साल में दुनिया के 15 अलग अलग राष्ट्रों ने मोदी को अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया है। इससे न केवल प्रधानमंत्री जी बल्कि देश का भी गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि 60 साल के बाद पहली बार देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है और नीतियों के सातत्य को भी हमने अनुभव किया है। नीतियों की दिशा, नीतियों की गति और नीतियों का क्रियान्वयन सटीकता से 10 साल तक बरकरार रखकर 11वें साल में प्रवेश करना बहुत कठिन है। शाह ने एक सवाल पर कहा कि जनगणना का काम बहुत जल्द शुरू किया जाएगा।

# माँ कर्मा महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






माँ कर्मा महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का आयोजन दल्लीराजहरा के साहू सदन में किया गया। सर्वप्रथम माँ कर्मा की पूजा अर्चना सभी महिलाओ के द्वारा किया गया, प्रथम पाली में महिलाओं का खेलकूद हुआ, मटका दौड़ में प्रथम ललिता, द्वितीय देवंतीन, तृतीय अनिता, फूगडी प्रथम सीमा, द्वितीय लक्ष्मी, तृतीय अनिता। कुर्सी दौड़ प्रथम निर्मला, द्वितीय लक्ष्मी, तृतीय अनिता, पोरा जाता सजाओ प्रथम पुष्पा द्वितीय संगीता, तृतीय अनिता छत्तीसगढ़ी सोलह श्रंगार प्रथम उषा, द्वितीय कल्याणी पारंपरिक वेशभूषा प्रथम रेखा, द्वितीय निर्मला, तृतीय दिव्या, भजन प्रस्तुति बिमला, , चम्पा देवी, निर्मला, प्राची, लक्ष्मी, नीता, उर्मिला, नाट्य प्रस्तुत शहीद चौक की युवती टीम, ने छत्तीसगढ़ी गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। परिक्षेत्रीय महिलाओं के द्वारा नृत्य की प्रस्तुत किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन विमला साहू ने की,स्वागत भाषण दामिनी साहू ने दिया, आभार गायत्री साहू ने किया। आयोजन में राधा,संगीता ,द्रौपती , सत्यवती, मीना, साधना, दुलेश्ववरी, आशा, किरण, भुनेश्वरी, ओम, लिली, सुषमा, रामेजेश्वरी, पुष्पा, लिलेश्वरी, मनीषा, रेवती, खेमीन, गीता, महेश्वरी, , भूमिका, रंजना, सुमित्रा, , , नीता, लता, , लिलामा , मिनुका, योगिता, देविका, , संतराम साहू, गोविन्द साहू, गजेंद्र, शीतल साहू, भूखन साहू, शंकर साहू, देवेन्द्र, अजीत साहू, पीयूष साहू , खूब लाल साहू, सहित समाज के लोग उपस्थित थे द्वितीय पाली में विधायक अनिला भेडिया के द्वारा तहसील साहू संघ को देय राशि 5 लाख का साहू सदन में न्यू किचन रुम का लोकार्पण एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। . मुख्य अतिथि शीबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अध्यक्षता युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल साहू, लैलन कुमार साहू, तोरण लाल साहू थे, युवराज साहू ने विधायक अनिला भेडिया का आभार एवं धन्यवाद किया,मंच संचालन रेखू राम साहू ने किया, आभार घना राम साहू ने किया।

## उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए लंबर के शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी



**सरायपाली।** लंबर शिक्षक कला साहित्य अकादमी सारंगढ़ के तत्वावधान में साहू भवन में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश भर के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सारंगढ़ विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े जी के मुख्य आतिथ्य , कौशलेन्द्र पटेल प्रांताध्यक्ष लोकसा छत्तीसगढ़ की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत मातृ वंदना से की गई। नगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने मनमोहक नृत्य का मंचन कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में उदबोधन में अतिथियों ने गुरु की महत्ता को बताते हुए सभी अच्छे कार्य कर रहें गुरुओं को बधाई दिया। एवं उत्कृष्ट कार्य करने हेतु उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया गया। जिसमें विकास खंड के गिरीश कुमार पाढ़ी, डिजेन्द्र कुर्रे, शरण दास, डॉ विवेकानंद दास, नीलाबर नायक, हरिराम साव, लक्ष्मण पटेल, सालिक राम टंडन, डॉ गिरधारी साहू सम्मानित हुए। आयोजन समिति में मुख्य सयोजक एवं जिला अध्यक्ष लोकनाथ ताण्डेय, महेत्तर देवांगन, विनोद डडसेना एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सभी सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया गया।

# स्वच्छता एवं संस्कार विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य थीम स्वभाव में स्वच्छता एवं संस्कार में स्वच्छता विषय पर विचार गोष्ठी एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं दिनेश रात्रे,अन्नू पटेल, आरती साहू, दुर्योधन निषाद, देवप्रसाद, बबिता साहू, भूपेंद्र, पुरुषोत्तम साहू, गीत कविता व भाषण के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। पोस्टर प्रदर्शनी में प्रथम बबिता साहू,द्वितीय निशा दास एवं तृतीय स्थान हर्ष साहू ने प्राप्त किया।जिन्हें पुरस्कृत किया गया।शिक्षकों की ओर से डी एल खटकर, डी एल पोर्ते,रोहित साहू,टेकलाल पटेल एवं प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वभाव स्वच्छता व संस्कार स्वच्छता शपथ के साथ कार्यकम का समापन हुआ।

# ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर खाद्य मंत्री दयाल दास के निवास कार्यालय पंहुचे

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





लगभग पांच ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर खाद्य मंत्री दयाल दास के निवास कार्यालय में पंहुचे। अपनी समस्याओं को व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भंवरमरा पंजीयन क्र. 2025 के उपार्जन केन्द्र भंवरमरा में 15 राजस्व ग्राम में आता है। हम सभी कृषकगण ग्राम खोलझर, नलपानी, भीमदो, लुरकाझर, एवं बुल्लुटोला वर्तमान में सेवा सहकारी समिति मर्यादित भवंरमरा तहसील. डौंडीलोहारा में धान बेचने जाते है। जो हमारे ग्रामो से लगभग 10 कि. दूरी पर स्थित है चूंकि धान विक्रय केन्द्र पहुंचने का मार्ग दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र बहुत बड़ा है। बडे क्षेत्र होने के कारण पंजीकृत किसानों की संख्या भी सर्वाधिक है। जिस वजह से समय सीमा के अंतर्गत कृषक महिला वर्ग भी है धान बेचते समय कभी शाम-रात्रि तक हो जाता है उस वक्त घर पहुंचने में रास्ता जंगल पहाड़ी होने के कारण बड़ी असुविधा होती है। धान खरीदी केन्द्र के लिए ग्रामवासियों द्वारा लगभग 1.49 हेक्टेयर. जमीन सहकारी खाद गोदाम के पास सुरक्षित रखा गया है। इन समस्त कारणों के कारण ग्राम खोलझर में इसी वर्ष 2024-25 में धान खरीदी केन्द्र खोला जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उपरोक्त सभी ग्राम के कृषक अपनी समस्या को लेकर मंत्री के यहां आए हैं। आपको बता दें कि आगामी खरीफ वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी करने कि घोषणा की गई है इस कारण से एक अन्य उपार्जन केन्द्र ग्राम खोलझर के अंतर्गत 5 ग्राम के लगभग 460 किसानों के 650 हेक्टेयर. रकबा में अनुमानित मात्रा 32500 क्विंटल खरीदी कि जा सकती है। ग्रामीणों ने मंत्री से निवेदन किया कि अगर धान खरीदी केंद्र ग्राम खोलझर में धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने से यह समस्या दूर हो जायेगी।

# कुम्हारी में 445 हितग्राहियों को मिला आवास योजना के तहत गृह प्रवेश की चाबी

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर पालिका में शहरी आवास योजना अंतर्गत 445 हितग्राहियों को गृह प्रवेश की चाबी दी गई। पालिका अधिकारी ने बताया कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दिये निर्देशानुसार कुम्हारी पालिका में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों को विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम को संबोधित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद कुम्हारी सभाकक्ष में किया गया। उक्त कार्यक्रम में निकाय क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 445 हितग्राहियों को गृह प्रवेश की चाबी एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निकाय के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी, पार्षद मनहरण यादव, थनेश पटेल, रागिनी निषाद, प्रमोद सिंह राजपूत, ओंकार मारकंडे, जानकी ध्रुव, मिथलेश यादव रामाधर शर्मा, पीएन दुबे, अश्वनि देशलाहरे, फिंगेश्वर साहू सुजीत यादव सहित पालिका परिषद के चंद्रकांत पोद्दार सीएलटीसी (पी.एम.ए.वाई.) एवं निकाय के अधिकारी/कर्मचारी एवं हितग्राही (पी.एम.ए.वाई.) बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक उत्कृष्ट शिक्षक से सम्मानित हुए



**भंवरपुर।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़, जिला -सारंगढ़ -बिलाईगढ़ द्वारा आयोजित उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024,कार्यक्रम स्थल साहू सदन सारंगढ़ मे हुआ, जिसमे मुख्य अतिथि माननीया उत्तरी गनपत जांगड़े विधायक सारंगढ़, कौशलेन्द्र पटेल, एल. पी. पटेल, महेत्तर देवांगन, विनोद डडसेना एवं अन्य कार्यकारिणी की उपस्थिति मे नीलाम्बर नायक प्रधान पाठक पी. एम. स्कूल चनाट को शिक्षा के क्षेत्र मे नवाचार, कला, साहित्य, स्वच्छता, सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरण सनंरक्षण के क्षेत्र मे विशेष योगदान देने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भी इन्हे इनोवेटिव टीचर, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, 2.0 तहत उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, कोरोना काल मे ऑनलाइन /ऑफ्लाइन पढ़ाई हेतु, छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान, स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार आदि अनेक प्रशस्ति पत्र से सम्मनित किया जा चूका है।

## छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना की बैठक भगवान प्रसाद सेठ की अध्यक्षता में सम्पन्न



**भंवरपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना की बैठक भगवान प्रसाद सेठ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें वर्ष 2024 के सदस्यता शुल्क जमा करने तथा महिला पेंशनरों के घर जाकर संघ में शामिल करने सहित अनेक विषयों पर विचार विमर्श किया गया । संघ के मीडिया प्रभारी गुलाब किशोर स्वर्णकार ने विज्ञप्ति में बताया कि भवन निर्माण संबधी सहयोग राशि की सूची में नए सदस्य दान देकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नए सदस्यों में बिहारी लाल जगत ,चंद्र शेखर दीवान , ठाकुर सिंह नेताम , गुरुदेव प्रधान , किशोरचंद्र साहू का श्रीफल साल से स्वागत किया गया। वहीं सीताराम प्रधान एवं भगवान प्रसाद सेठ का जन्म दिन मनाया गया। तथा सुचिता बाक एवं श्रीराम साहू को श्रद्धांजलि दी गई। बताया गया है कि संघ की आगामी बैठक 19 अक्टूबर शनिवार को 2 बजे अपरान्ह में पेंशनर भवन में आयोजित की जावेगी। बैठक में भगवान प्रसाद सेठ, गुलाब किशोर स्वर्णकार ,रासबिहारी प्रधान ,गुलाब सिंह तोमर ,कमल लोचन प्रधान, वैष्णव पात्र, रविलाल पटेल, रास बिहारी भोई, धनुर्जय पटेल, संतराम सारथी, युधिष्ठिर कर, हेतलाल पटेल, बाबूलाल नायक, सुमित्रा, किशोरचंद्र साहू , उत्तम प्रधान, प्यारेलाल सिदार, शोभाराम कैवर्त, ठाकुर राम नेताम, डमरूधर सिदार, चंद्रशेखर दीवान, बिहारीलाल जगत, गुरुदेव प्रधान, कीर्ति कुमार साहू , ऋषिकेश वैष्णव, टिकलाल बेहरा , पुक्रम पटेल, अंतर्यामी पाढ़ी, सचिदानंद त्रिपाठी, मोहम्मद इस्माईल, जेएम कुरैशी, दुर्गा चरण भोई, आरएल साव, एसके बारीक, बीएम प्रधान सहित पेंशनर्स उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान जारी, 30 सितंबर तक रहेगा जारी

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी के निर्देश पर जिला के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों सहित महिला बाल विकास विभाग लवन अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम डोंगरा, डोंगरीडीह, तिल्दा, लाटा, परसापाली, सीरियाडीह, चंगोरी, पैसर, कोयदा, मरदा, अमलीडीह, हरदी, तुरमा, भालुकोना,सहित लवन के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान की शुरुआत 1 सितम्बर से जारी है जो30 सितंबर तक चलेगा।आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के लिए सेक्टर पर्यवेक्षक शान्ति पटेल भी आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुँचकर व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिखे।आसपास के गॉव तिल्दा ,डोंगरा, डोंगरीडीह के कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके यहां पोषण अभियान में सभी महिलाएं एवं हितग्राहियों की उपस्थिति बहुत ही अच्छा है।इस सम्बंध में ज्यादा जानकारी के लिए डोंगरा से शांता वर्मा, डोंगरीडीह से सरिता टंडन, तिल्दा से प्रमिला कैवर्त ,सीरिया डीह से नारायणी साहू सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके द्वारा लगातार हितग्राहियों को जागरूक कर आँगबाड़ी केंद्रों में पहुंचने के लिए लगातार अपील करने की बात कहा गया है।आगे यह बात भी कहा कि सभी का योगदान सराहनीय है ।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिषद् 17/09/2024 को स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर द्वारा किया गया ।स्वच्छता शपथ, स्वच्छता श्रमदान, स्वच्छता रैली आदि का आयोजन किया गया। जिसमे नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया एवम हरी झंडी दिखा कर स्वच्छता रैली को रवाना किया, स्वच्छता ही सेवा है, के अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली गई, आदर्श गौठान में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया । जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, जन प्रतिनिधि थानेश पटेल, मनहरण यादव एवं समस्त अधिकारी , जिला समन्वयक गौरव केशरवानी तथा पालिका के समस्त अधिकारी, स्वच्छता दीदी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

# नगर निगम की पहल, रायपुर को बनाना है स्वच्छ ताकि जनता रहे स्वस्थ

## सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आयोजित किया गया स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम रायपुर और स्मार्ट सिटी के विशेष पहल पर सोमवार को सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पायनियर समाचार पत्र द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर अन्तर्गत सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जगह-जगह स्वच्छता के लिए कैंप लगाकर लोगो को स्वच्छता प्रति जागरूक किया गया। पायनियर और नगर पालिक निगम रायपुर तथा स्मार्ट सिटी के प्रयासों से लोगो को जल जनित बीमारियों के प्रति सावधानी बरतने की अपील भी की गई। क्षेत्रवसियों को स्वच्छ और साफ पानी पीने की सलाह दी गई। इसके साथ ही रायपुर शहर को स्वच्छ बनाने में सबको आगे आने का अनुरोध किया गया।

स्वच्छता कार्यक्रम में युवाओं ने खासी रुचि दिखाई, तथा आयोजन में दिये गये संदेशों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सपथ ली। रायपुर को साफ और स्वच्छ बनाने के संकल्प को पूरा करने में युवाओ की सहभागिता निश्चित ही सराहनीय है। आयोजन में प्रमुख रूप से पायनियर के वाणिज्य प्रबंधक सुमिल जैन, रीजनल प्रबंधक गुणवंत साहू, कार्यकारी प्रबंधक सुशांत वर्मा, योगेश्वरी साहू, अनुज शुक्ल, मनोज दुबे, प्रदीप वर्मा, नरोत्तम सिंह तोमर, पूर्णिमा साहू, कुशल निशाद समेत काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# नगर में दर्जनों जगह भव्य गणेशमूर्ति की स्थापना की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





लौह नगरी दल्लीराजहरा में गणेशउत्सव की धूम है। नगर में दर्जनों जगह भव्य गणेशमूर्ति की स्थापना की गई है। पूरे नगर में घरों,संस्थानों के अलावा 100 से भी अधिक स्थानों में गणेश प्रतिमा स्थापित हुई है। शुक्रवार को नगर के मुख्य मार्ग में स्थापित मार्केट का राजा श्री गणपति गणेश जी पूजापाठ एवं आरती शिवम महाराज के द्वारा करने के पश्चात प्रतिदिन नए नए व्यजंन का प्रसाद वितरण किया जा रहा है।मिठाईयां,पोहा, चना, पुलाव बांटा गया।आयोजन समिति के शेखर गुप्ता, जैकी खंडेलवाल, सुभाष जायसवाल, चंद्रबोष जायसवाल ने बताया की तमिलनाडु के मदुरई में बने भगवान विष्णु के अलागार मंदिर में प्रसाद के तौर पर डोसा दिया जाता है। उसी तर्ज पर श्री साईबाबा गणेश उत्सव समिति के द्वारा डोसा प्रसाद वितरण किया गया जिसमें लगभग 5000 लोगों ने डोसा प्रसादम प्राप्त किया ,साथ ही हजार की संख्या में भक्तगण भगवान गणेश का दर्शन किया। 4 घन्टे चला प्रसाद वितरण - सूरजभान महाराज के नेतृत्व में 6 स्टाल के द्वारा डोसा वितरण किया गया।आयोजन कमेटी ने व्यवस्था सम्हाली। इस दौरान श्री साईबाबा गणेशउत्सव समिति अध्यक्ष राहुल चौधरी ,यशवर्धन काम्बले, यश खंडेलवाल, अनिकेत, मयूर लालवानी, प्रशांत जैन, वैभव गुप्ता, रजत जग्गी,अक्षय छाजेड़, आदित्य चोपड़ा, गौतम गोगड़, करण पटवा, पृथ्वी पारख,गौरव वाधवानी,मनजी सिंह, मयंक,नमन,गोलू उपस्थित थे।

# संभाग स्तरीय 'जनसंख्या शिक्षा' कार्यक्रम में कांकेर जिला का उत्कृष्ट प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

एन सी ई आर टी नई दिल्ली द्वारा 'राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा प्रायोजना' के अंतर्गत शिक्षा का सर्वभौमिकरण करने के लिए शालेय विद्यार्थियों के लिए संभाग स्तरीय रोल प्ले, लोक नृत्य एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शा उ मा वि कन्या क्रमांक 02 जगदलपुर में हुआ । जिसमें बस्तर संभाग के 7 जिला ने हिस्सा लिया । इस कार्यक्रम में कांकेर जिला के 12 प्रतिभागियों ने कांकेर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के दिशा निर्देश में




हिस्सा लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पी एम सेजेस चारामा के छात्र मोक्ष देवांगन ने 'पर्यावरण संरक्षण' पर चित्रकला करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तथा शा उ मा वि मुरडोंगरी के विद्यार्थियों गरिमा चौहान, यामनी दुग्गा, चेतना नेताम, संध्या नेताम, अदिती नेताम, कौशल धनकर ने 'पर्यावरण संरक्षण' थीम पर लोक नृत्य में सहभागिता दी। शास हाई स्कूल ईरादाह के विद्यार्थियों ममता कुमेटी, जयंत्री सलाम, हेमंत कुमार कुमेटी, संदीप मरकाम, युसूफयादव ने 'स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता' थीम पर नाटक में सहभागिता दी। इस कार्यक्रम की जिला नोडल शिक्षक पुष्पांजलि ठाकुर ने बताया कि यह कार्यक्रम 'जनसंख्या शिक्षा' के अंतर्गत शालेय विद्यार्थियों में जिज्ञासा, खोज, अनुभव, संवाद के आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए एन सी ई आर टी नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया था।विद्यार्थियों के टीम प्रभारी व्याख्याता ओम प्रकाश डडसेना थे । सभी बच्चों को प्राचार्या गण चंद्रशेखर यादव, हरीश कुमार साहू, जी आर गुरुवर, शिक्षक आदित्य गोस्वामी, सीमा गोस्वामी, आनंद यादव, विनोद राजपूत, उमेश चंद्राकर, दिनेश देवांगन, मनीषा साहू ने बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी ।

# जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 20 सितम्बर को

**गरियाबंद।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक शुक्रवार 20 सितम्बर को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। जिसमें जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा एवं खरीफ सिंचाई, वर्ष 2024-25 में खरीफ सिंचाई लक्ष्य निर्धारित करने, एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। जिला जल उपयोगिता समिति के सचिव एस.के. बर्मन ने समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थिति हेतु आग्रह किया गया है।

## खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल का दौरा कार्यक्रम

**गरियाबंद।** प्रदेश के खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल बुधवार 18 सितम्बर को जिले के दौरे पर रहेंगे। प्रोटोकॉल से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री बघेल 18 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे गरियाबंद पहुंचेंगे। जहां वे सुबह 11 बजे पार्टी कार्यालय के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात बघेल दोपहर 02 संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। इसके उपरांत शाम 6.30 बजे गरियाबंद से महासमुंद जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कलेक्टर ने नगरीय निकायों के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, नवीन राशन कार्ड निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, कोपरा नगर पंचायत के जमीन आबंटन के संबंध में, जनसमस्या निवारण शिविर, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं स्वच्छता सर्वेक्षण सहित अन्य कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधोसंरचना मद अंतर्गत निकायों को आबंटित जारी एवं व्यय राशि तथा स्वीकृत पूर्ण प्रगतिरत, अप्रारंभ एवं निरस्थ कार्यो की जानकारी ली। नगरीय निकायों के अधिकारियों ने बतया कि अधोसंरचना मद अंतर्गत जिले के चार नगरीय निकायों में 37 कार्य स्वीकृत किये गये थे। जिसमें 10 कार्य पूर्ण 11 कार्य प्रगतिरत, 3 कार्य निरस्त तथा 13 कार्य अप्रारंभ की स्थिति में है। इस पर कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूरा करने तथा अप्रारंभ कार्यो को प्रारंभ करने के निर्देश दिये। इसी तरह जिले के पांच नगरीय निकायों में 12 हजार 700 राशन कार्ड का वितरण किया जा चुका है। 1264 राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए शेष है। कलेक्टर अग्रवाल ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष रूप से साफ-सफाई कराने तथा दुकानदारों को अपने दुकान के सामने डस्टबिन लगाने हेतु प्रेरित करने को कहा, जिससे अनावश्यक गंदगी या कचरा बहार न हो। एनयूएलएम के महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में प्रेरित करने को कहा। इस अवसर पर नगर पालिका गरियाबंद की सीएमओ संध्या वर्मा, राजिम सीएमओ अशोक कुमार सलामे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों एवं दूरदराज से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में 33 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम भेण्डरी के ग्रामवासी ने पुलिया निमर्श्राण हेतु, ग्राम देवरी के हीरालाल साहू ने पषु षेड प्रदाय करने, ग्राम सढ़ौली की फुलेष्वरी कष्यप ने मुआवजा राषि दिलाने, ग्राम कुरूद के गैंदलाल साहू ने शौचालय निर्माण की राषि दिलाने, ग्राम कुकदा की कलेन्द्री बाई ने पीएम आवास सूची में नाम जोड़ने, ग्राम खैरझिटी की संतराम पटेल ने अवैध कब्जा को हटाने, ग्राम कौंदकेरा की समारी बाई ने महतारी वंदन योजना की राषि प्रदान करने, ग्राम सड़क परसुली के डमेष्वर साहू ने नया घरेलू विद्युत कनेक्षन लगाने आवेदन प्रस्तुत किये है। इस पर कलेक्टर अग्रवाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय आईटीबीपी में हिंदी पखवाड़े का समापन



पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय कोंडागांव में हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मो. ओबैदुल्लाह खानए उप सेनानी द्वारा हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिताओं में 'प्रथम', द्वितीय' व 'तृतीय' स्थान प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों को नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र भेंट किए गए। ए.एस.आई. शूरवीर सिंह और हेड कांस्टेबल गोबिन्द सिंह ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 'हिंदी नोटिंग/ड्राफ्टिंग' और 'हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' में 'प्रथम' स्थान हासिल किया। इस समारोह में कोंडागांव के अलावा क्षेत्रीय मुख्यालय, खोर्द्धा से भी ऑनलाइन माध्यम से पदाधिकारी उपस्थित रहे। मो. खान ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कार विजेताओं को बधाई प्रेषित की और रोजमर्रा के कामकाज व बोलचाल में हिंदी के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग पर बल दिया। इस पखवाड़ का शुभारंभ 2 सितंबर, 2024 को राणा युद्धवीर सिंह, डी.आई.जी. के दिशा निर्देशन में किया गया। पखवाड़े के दौरान 7 हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें कार्मिकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

इन सभी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना है। इस मौके पर महानिदेशक, आईटीबीपी की अपील को भी पढकर सुनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय, आईटीबीपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व जवान भी मौजूद रहे।

# श्री रामलला दर्शन योजना से ओरछा के ग्रामीण लाभान्वित : प्रताप मंडावी



पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राज्य के राम भक्तों को निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन कराने हेतु श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत, विशेष ट्रेन से जिलों से श्रद्धालुओं का चयन कर उन्हें अयोध्या धाम ले जाया जा रहा है। इसी क्रम में, 16 सितंबर को नारायणपुर जिले के 12 श्रद्धालुओं को जिला पंचायत सदस्य प्रताप मंडावी और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी विक्रम बहादुर ने हरी झंडी दिखाकर दुर्ग के लिए कार द्वारा रवाना किया। ये सभी श्रद्धालु 17 सितंबर को दुर्ग से आस्था विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं ओरछा मंडल अध्यक्ष प्रताप मंडावी ने ओरछा ब्लाक से अयोध्या जा रहे ग्रामीणों को बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त कर कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि ओरछा जैसे सुदूर अंचल के लोगों को श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। यात्रा में जा रहे श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया और बताया कि इस योजना से उनका श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। इस योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या यात्रा के लिए पूरा पैकेज दिया जा रहा है, जिसमें यात्रा, ठहरने, मंदिर दर्शन, और भोजन की सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, यात्रा के दौरान सुरक्षा कर्मी, टूर एस्कॉर्ट और चिकित्सकों का दल भी साथ रहेगा

# कलेक्टर अग्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com





कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में आज से ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' का शुभारंभ किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर गरियाबंद में किया गया। इस अवसर पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने साफ-सफाई एवं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। कलेक्टर अग्रवाल ने कार्यक्रम में आमजनों सहित अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता को अपनाने स्वच्छता शपथ दिलाया। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत प्रवीण यादव एवं जनप्रतिनिधियों ने दो स्वच्छता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर सिग्नेचर ड्राईव भी चलाया गया, जिसमें अतिथियों एवं नागरिकों ने हस्ताक्षर कर सभी लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की। साथ ही सेल्फी जोन में फोटो भी खिचवायें। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। हमें अपने घर के समान ही आसपास एवं कार्यालयों में साफ सफाई रखना चाहिए ये हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज शहरों एवं गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बन सकता है। इसके लिए हमे अपने स्वभाव में भी परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने नागरिकों को जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर तक ''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' विषय पर केंद्रित रहेगा। जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुअंजली खलखो, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, जनपद पंचायत सीईओ अमजद जाफरी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी ठाकुर, सांख्यिकी के उप संचालक ओमप्रकाश देशमुख, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक परवेज हनफी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# गुजराती समाज की नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष दिलीप दीवान, सचिव गीतेश गांधी बने

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव में गुजराती समाज की नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार को किया गया। अध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार दीवान को नियुक्त किया गया है। उनके अलावा संदीप शाह उपाध्यक्ष, गीतेश गांधी सचिव, कल्पेश दीवान सह सचिव, कोषाध्यक्ष शिवम गांधी नियुक्त किए गए है। मरार पारा स्थित समाज भवन में गुजराती समाज की वार्षिक आमसभा आयोजित की गई।

इसमें निवर्तमान अध्यक्ष दीपक दीवान ने दिलीप दीवान को पदभार सौंपा। इसके बाद सत्र 2023-24 में की गई गतिविधियों का विवरण व निवर्तमान कोषाध्यक्ष ने आगामी सत्र के लिए लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान आगामी नवरात्र को धूमधाम से मनाने के लिए रूपरेखा बनाई गई। नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष दिलीप कुमार दीवान ने बताया कि, विगत कई दशकों से गुजराती समाज कोंडागांव द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोये रखते हुए विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। समाज को मजबूती से संगठित कर अन्य सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में समाज को अग्रणी स्थान पर लाने का वचन देकर सभी सामाजिक जनों का आभार प्रकट किया।

इस दौरान कमलेश मोदी, नलिन पंड्या, चिनेश गांधी, भावेश शाह, रौनक दीवान, अरुण छिपानी, हिमांशु दीवान, राजेश दीवान, अलका बेन दीवान, भूमिका गांधी, निशिता गांधी, बिना शाह सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहें।

# स्कूली बच्चों ने श्रमदान कर दिए स्वच्छता ही सेवा का संदेश





पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मड़ानार में 17 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी का जन्मदिन विद्यालय के बच्चों द्वारा काष्ठशिल्प से तैयार पोट्रेट के समक्ष यशस्वी प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं संदेश और स्वच्छता शपथ लेते हुए मनाया गया, काष्ठशिल्पकार शिवचरण साहू और उनके प्रशिक्षु खिलेंद्र विष्णु मजनू ने लकड़ी में प्रधानमंत्री की तस्वीर और उनके द्वारा विकसित भारत के अमृतकाल में लिए गए अहम फैसले स्किल इंडिया,मेक इन इंडिया,स्वच्छ भारत, नोटबंदी, आयुष्मान भारत, सर्जिकल स्ट्राइक, उज्जवला योजना, सीसीए, मुद्रा, उड़ान, जनधन, जीएसटी, तीन तलक खत्म, कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने जाने का उल्लेख सुंदर काष्ठकारीगरी के द्वारा किया गया हैं।

विद्यालय के बच्चों और प्रधान अध्यापक पीएल नाग शिक्षिका आरती बेर रंजीता तिग्गा ललिता समरथ शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा स्कूल मैदान पंचायत भवन उचित मूल्य की दुकान आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास और अपने विद्यालय परिवेश में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान करते हुए स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया हैं।

# जश्न ईद मिलादुन्नबी की रही धूम नगर में जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्यौहार में से 'जश्न ईद मिलादुन्नबी' बढ़ी ही शानो शौकत के साथ मुस्लिम धर्म गुरु हुजूर मुहम्मद सल्लाहु ताआला अलैहि वसल्लम की पैदाइश की खुशी में मनाया गया। मुस्लिम समाज अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज ने बतलाया की अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने माह भर पहले मीटिंग कर पुरी तैयारियों की रूप रेखा तैयार कर ली थी जिसके तहत 14 सितंबर को बच्चों का प्रोग्राम ,14 सितंबर को ईमाम सहाब की तकरीर का प्रोग्राम और 16 सितंबर को जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया जो की शहर के मुख्य चौक चौहारे से होता हुआ जामा मस्जिद पहुंचा जिसमे मुस्लिम समुदाय द्वारा जगह जगह जुलूस का स्वागत किया गया। मस्जिद में परचम कुशाई ईमाम सहाब के जानिब से किया गया।नौजवान की जानिब से जय स्तम्भ चौक में सर्व समाज के लिए लंगर का इंतजाम किया गया जिसमे सभी समाज के लोगो ने काफी तादाद में शिरकत किया। हाजी डॉक्टर सैय्यद वली आजाद की जानिब से अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। जुलूस के दौरान सोनपुर रोड में शब्बीर बड़गुर्जर द्वारा खारा, मीठा एवं लीची शरबत वितरित किया।शंकर मैरिज हाल में बस्तर संभाग कमेटी के जानिब से शाम 7 से 10 बजे तक मेडिकल कैंप लगाया गया, वही शंकर मैरिज हाल में शाम 8 से 10 बजे तक आम लंगर का इंतजाम किया गया। इस प्रोग्राम में मुख्यता हाफ्जि रब्बानी, कयामुद्दीन, अजहरुद्दीन, सिराज, हाशिम खान, अख्तर खान, तस्लीम ख़ान, अकबर खान,मुबारक खान, मोहसिन,आबिद भाई, जफर भाई, मोहम्मद इकबाल कुरैशी, मोहम्मद अनीस, सैय्यद अख्तर, सैय्यद अनवर, जनाब शेख तौकीर भाई, हाजी जावेद, हाजी हुमायू ,मो.इमरान,मो.इलियास ,मो.सरवर,मो.सलमान,मो.बब्बू फारूकी ,शेख तौहीद ,जमील भाई,आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना जरुरी : सांसद कमलेश जांगड़े

## चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के आठ सौ से अधिक खिलाडी दिखाएंगे हुनर

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता क़ा शुभारंभ मंगलवार को जांजगीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने किया। आउटडोर स्टेडियम मैदान बलौदाबाजार में आयोजित शुभारम्भ कायक्रम में खेल ध्वजारोहण, मशाल प्रज्जवलन, मार्चपास्ट एवं मनमोहक सांस्कृतिक कायक्रम की छटा बिखरी। इस अवसर पर खिलाड़ियों को नियमों क़ा निष्ठा पूर्वक पालन करते हुए खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अग्रवाल ने खेल प्रतियोगिता उद्घाटन की विधिवत घोषणा की। उद्घाटन अवसर पर रग्बी एवं कुराश खेल स्पर्धा की शुरुआत की गई जिसमें अतिथियों ने खिलाड़ियों क़ा उत्साहवर्धन किया। कायक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि इस शालेय खेल प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाडी भाग ले रहे हैं। इस आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा क़ा प्रदर्शन करने क़ा अवसर मिलेगा। आज खेल के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ - साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कायक्रमों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए जिससे उनका सम्पूर्ण विकास हो सके।



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश क़ा सौगात दिया। प्रदेश निर्माण के बाद हमारी सरकार ने लगातार खेल सुविधाओं में विस्तार किया और अब भी जारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाडियों को अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने क़ा अवसर देता है। खिलाडी उम्दा प्रदर्शन कर प्रदेश के साथ अपने जिले, गांव व माता -पिता क़ा नाम रोशन करें।कायक्रम को पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता क़ा बेहतर आयोजन करने क़ा प्रयास किया गया है। खिलाड़ियों सहित कोच एवं अन्य सम्बंधित शिक्षको को भी बेहतर सुविधा प्रदान करने क़ा प्रयास किया जा रहा है फ़िर भी किसी प्रकार की समस्या हो तो तो जरूर बताएं ताकि जल्द दूर किया जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचो संभाग के 840 खिलाड़ी एवं कोच शामिल हो रहे हैं।चार दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रग्बी बालक एवं बालिका 14 वर्ष, कुराश बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष, फेन्सिग बालक एवं बालिका 14, 17, 19 वर्ष के 144 खिलाड़ी प्रत्येक संभाग से आये हुये है। रग्बी की प्रतियोगिताएं इसी आउटडोर स्टेडियम में, कुराश की प्रतियोगिताएं इसी इनडोर स्टेडियम में और फेन्सिग प्रतियोगिताएं नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित की जायेंगी। उद्घाटन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक,खिलाडी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# महासमुंद क्षेत्रवासीयों को मिली वंदेभारत ट्रेन की सौगात

## सांसद रुक कुमारी चौधरी एंव विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ट्रेन का स्वागत कर उसे हरी झंडी दिखाकर रखाना किया



पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

वंदे भारत ट्रेन दुर्ग- विशाखापट्टनम दुर्ग का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद जंक्शन से वर्चुअल माध्यम से किया गया। यह ट्रेन शाम 5.08 बजे महासमुंद पहुंची, 14 मिनट रूकने के पश्चात 5.22 बजे महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी एंव विधायक योगेश्वर राजु सिन्हा ट्रेन का स्वागत कर उसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महासमुंद रेलवे स्टेशन में वंदे मातरम ट्रेन के स्वागत के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूल के बच्चों, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। वंदे भारत ट्रेन के आगमन को लेकर शहर के बच्चों एंव नागरिकों में भारी उत्साह दिख रहा था और स्टेशन उपस्थित नागरिक ने बड़े उत्साह के साथ नई ट्रेन का स्वागत किया। साथ ही बड़ी संख्या में बच्चे एवं नागरिक सफ़र करने के लिए उत्सुक थे। गाड़ी नंबर 20829-20830 दुर्ग - विशाखापट्टनम- दुर्ग वंदे मातरम ट्रेन उद्घाटन स्पेशल के तहत 16 सितंबर को चलाई गई एवं 20 सितंबर से अपनी नियत समय सारणी, के अनुसार चलेगी, इस ट्रेन में कुल 16 कोचो की संख्या है। संबलपुर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी त्रिविक्रम सेठ ने बताया कि इस अवसर पर संबलपुर मंडल के 5 स्थानों महासमुंद स्टेशन, खरियार रोड स्टेशन, कांटाबांजी स्टेशन, टिटलागढ़ स्टेशन एवं केसिंगा स्टेशन पर समारोह आयोजित किया गया था। दुर्ग- विशाखापट्टनम वंदे भारत ट्रेन 50 मिनट में दुर्ग से महासमुंद पहुंचेगी और विशाखापट्टनम का 11 घंटे का सफ़र अब 8 घंटे में पूरा होगा। ये ट्रेन दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, खरियारोड, कांटाबांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, रायगढ़ा, विजयनगरम, विशाखापट्टनम में रुकेगी। उक्त ट्रेन 130 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चलेगी, जिसकी औसंत स्पीड 70 रहेगी।

### ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी

गौरतलब है कि दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत ट्रेन का परिचालन 20 सितंबर से सप्ताह में 6 दिन नियमित होगा। दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का 8 स्टेशन पर स्टापेज दिया गया है। दुर्ग से सुबह 5.45 बजे रवाना ' होकर 6.08 बजे रायपुर व 6.38 बजे महासमुंद पहुंचेगी। बाद 7.15 को ओडिशा के खरियार रोड, 8 बजे कांटाबांजी, 8.30 को टिटिलागड़, 8.45 बजे केसिंगा और 10.50 को रायगढ़ा पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन 12.35 को आंध्रप्रदेश के विजयनगरम और वहां से दोपहर 1.45 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। विशाखापट्नम से वहां से दोपहर 2.50 को वापसी के लिए रवाना होकर निर्धारित स्टापेज से होकर रात 10.50 बजे दुर्ग वापस लौटेगी। इस तरह यह ट्रेन एक दिशा में 566 किमी की दूरी 8 घंटे में तय करेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। गुरुवार को तकनीकी रखरखाव के लिए इस ट्रेन का परिचालन नहीं रहेगा।

# हमे सार्थक प्रयास करते हुए सिद्धांत बनाना चाहिए तभी जीवन को सही दिशा मिल सकती है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि हे परमात्मा संभव नाथ आप तो असंभव को संभव करने वाले है। अब आप ही मेरे सही घर का पता बता दो। न जाने मैं कब से इस संसार में भटक रहा हू। अब तो इतनी कृपा कर दो की मैं अपने वास्तविक संबंधों से अर्थात उनसे मिल जाऊं जिनसे मिलने के बाद किसी और से मिलने की चाह न रहे, मैं इस जग को जानने के चक्कर के स्वयं को भूल गया हू। मानव तन पाकर परमात्मा को भूल गया हू। ये संसार एक मायानगरी है जहां मैं फंस गया हू। मुझे अब आप ही इस संसार से निकालिए। मैं तो सिद्धों के कुल का हू अर्थात भव्य आत्मा हूं। लेकिन फ़िर भी निगोद में जाकर बस गया हूं। इसलिए नरक जैसा दुख पा रहा हूं। हे परमात्मा आप ही मुझे इस दुखो के ताप से बचा सकते हैं। मैने सोचा था मैं देवलोक में जाकर सुख ही सुख को प्राप्त करूंगा। अपार वैभव पाऊंगा। लेकिन मैं अपने कर्मो के कारण इस संसार में दुख पा रहा हूं। एक रोटी के लिए जिनको डंडे पड़ते हैं ऐसे तिर्यंच भवो के दुखो को मैंने भी भोगा है। संसार में बहुत भीड़ है। अब मुझे अपना वास्तविक स्थान अर्थात मोक्ष तक पहुंचना है। ज्ञानी कहते है अपनी विवेक की दृष्टि को खोलना है। अपने वास्तविक स्वरूप को अर्थात निज आत्मा को देखना है। अपने ही अंदर सुख का सिंधु है। स्वयं के अंदर आनंद का भंडार है। और हम इसे बाहर खोज रहे है। अपने आत्मा को देखते ही संसार की भटकन से हम मुक्ति पा सकते है। इसलिए हे परमात्मा आप मेरी आत्मा से मेरा वास्तविक परिचय करा दीजिए। हमे विचार करना



है। हम तत्वों को जानते है लेकिन उसे जीवन में उतारने का प्रयास करना है। लेकिन ज्ञानी कहते है तत्वों को जानकर उसे पहले जांचने का काम करना चाहिए और उसके बाद जीवन में उतारने का प्रयास होना चाहिए। परमात्मा के सिद्धांतो को अपने जीवन में उतारना चाहिए जीवन सफ़ल हो जायेगा। सिद्धांत हमेशा एक पक्षीय होना चाहिए। लेकिन वर्तमान में हम अपनी सुविधानुसार सिद्धांत बना लेते है। और यही गलती संसार में भटकन का कारण है। जीवन में दूसरो के उदाहरण से सीखकर सिद्धांत बनाया जा सकता है। लेकिन किसी सिद्धांत से उदाहरण नही बनाया जा सकता। हमे सार्थक प्रयास करते हुए सिद्धांत बनाना चाहिए तभी जीवन को सही दिशा मिल सकती है। हमेशा ऐसे सिद्धांतो का निर्माण करना चाहिए जिससे स्वयं के साथ दूसरो का भी उद्धार हो सके। हम पड़ोसीए परिवार सहित पूरे संसार की चिंता हमेशा करते है लेकिन अपनी आत्मा की कभी चिंता कभी नही करते। हम जीवन रूपी तोते की जितनी भी जतन कर ले लेकिन एक दिन इस शरीर को छोड़कर आत्मा चला ही जाएगा। इसलिए हमे उसे प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए जो नित्य है शाश्वत है। जीवन में कभी भी परमात्मा के बनाए सिद्धांतो पर प्रश्न नही उठाना चाहिए।

# भक्तो ने गणपत्ति बप्पा को दी बिदाई रूद्रेश्वर घाट में विसर्जन का सिलसिला शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

गणेशोत्सव के दौरान घरो एवं पंडालो में श्री गणेश विराजित करने के 11 दिनो पूजा अर्चना किये जाने पश्चात मंगलवार 17 सितंबर को हवन पूजन के बाद विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। विसर्जन को लेकर तैयारियां की गई है। धमतरी में महानदी किनारे रूद्रेश्वर घाट में विसर्जन स्थल बनाया गया है जहां पर छोटी बडी मूर्तिया विसर्जन किया जा रहा है।



प्रथम पूज्यनीय भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला मंगलवार से शुरू हो गया जो दूसरे दिन को भी जारी रहेगा। हवन-पूजन पश्चात तलाबों में विसर्जन किया गया। अंचल के गांवों में भगवान श्री गणेशजी की स्थापना धूमधाम से की गई थी। भक्तों ने भगवान गणेश की पूरे 11 दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र, गांव व अपने परिवार की मंगलकामना की। कई गांवों में इस उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंचल में गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन का सिलसिला से शुरू हो गया जो शाम तक चला और दूसरे दिन को भी विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। जो बाईक, आटो, कार, सिर में लेकर बप्पो को विसर्जित करने रंग-गुलाल खेलते नाचते-गाते गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ... जैसे गणेश जी के जयकारे लगाते हुए वाहनों में गणेश जी की प्रतिमा को रखकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। जगह-जगह लोगों ने गणेश जी की प्रतिमा का पूजा-अर्चना किये। तत्पश्चात सरोवरों में भक्तों ने भगवान गणेश को नम आंखों से विसर्जन किया।

# प्रभु श्री राम रक्षा के देवता एवं विष्णु के अवतार थे : कविता योगेश बाबर

## ग्राम डोड़की में 2 दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता के अवसर पर शामिल हुई कविता बाबर

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

नव जागरण गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में 2 दिवसीय मानसगान एवम व्याख्यान सम्मेलन प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम डोड़की में आयोजित किया गया । द्वितीय दिवस समापन समारोह के अवसर पर अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य एवं वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर उपस्थित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमति बाबर ने ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति को प्रतियोगिता के आयोजन की बधाई देते हुए कहा



गाँव में इस प्रकार के आयोजन करने से एक स्वस्थ एवं धार्मिक वातावरण का निर्माण होता है। प्रभु श्री राम चंद्र जी का जन्म सूर्यवंशी क्षत्रीय कुल में हुआ था रामजी रक्षा के देवता एवं विष्णु के अवतार थे प्रभु श्रीराम ने अपना संपूर्ण जीवन नैतिकता के साथ सामाजिक व्यवहार का पालन करते हुए किया वे सत्य एवं नैतिकता के प्रतिमूर्ति थे राजा दशरथ के आदर्श सुपुत्र होने के साथ ही साथ माता सीता के लिए आदर्श पति और सबसे बढ़कर अपनी प्रजा के लिए आदर्श राजा थे उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अच्छाई को जीवित रखने के लिए बुराई को समाप्त कर के एवं इस चराचर जगत में व्याप्त बुराइयों का नाश करते हुए किया।

कार्यक्रम में मनीषा साहू जनपद अध्यक्ष भी शामिल हुई व सभा को सम्बोधित किया इस अवसर पर डोड़की सरपंच प्रदीप सिन्हा गेंदलाल साहू,चंदू साहू चमन साहू ,सुरेश सिंह ग्राम विकास समिति के समस्त सदस्य आयोजन समिति के समस्त सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# खरोरा में पिछड़ा वर्ग सर्वे का कार्य जोरो पर

पायनियर संवाददाता ✓ खरोरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों में आरक्षण के संबंध में मान. उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पारित निर्णय के परिपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग का सर्वेक्षण सह अध्ययन कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत् नगर पंचायत खरोरा में भी सर्वे का कार्य जोरो पर है। नगर पंचायत खरोरा के सर्वेयर दल द्वारा घर-घर पहुंचकर पिछड़ा वर्ग के परिवारों का 54 बिन्दुओं में जानकारी प्राप्त कर रहे है। गौरतलब हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अब पिछड़ा वर्ग का सीट भी शहर में पिछड़ा वर्ग के जनसंख्या के आधार पर आरक्षित होगा। वर्तमान में नगर पंचायत खरोरा में कुल 15 वार्ड है, जहां से अध्यक्ष व पार्षद निर्वाचित होकर आते है। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले से आगामी नगरीय निकाय चुनाव के समीकरण में बदलाव संभावित है। नगर में लगभग 2000 पिछड़ा वर्ग के परिवार है, जिनमें से लगभग 700 परिवारों का सर्वेक्षण दल द्वारा किया जा चुका है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि शहर में सर्वे का कार्य छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के दिशानिर्देशानुसार किया जा रहा है एवं सर्वे का कार्य प्राप्त दिशानिर्देशानुसार समयसीमा में पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए नगरवासी एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील किया गया है।

# आकाशगंगा कॉलोनी में आपसी एकता प्रेम एवं सद्भावना का प्रतीक बना गणेश उत्सव, जनप्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित लोग हुए शामिल

## आपसी प्रेम, एकता एवं भाईचारा का शहर में प्रादुर्भाव करता है गणेश उत्सव : विजय मोटवानी

## भगवान गणेश जी की सहजता ,सरलता ,सुगमता को जीवन मैं युवा वर्ग बनाएं आइडल : राजेंद्र

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

11 दिनों तक भगवान गणेश की पूजा अर्चना के पश्चात कल शहर के अनेक पंडालों पर हवन पूजन संपन्न हुआ। डॉ अंबेडकर वार्ड के आकाशगंगा फेस 2 मे भी गणेश पूजा की धूम रही जिसमें प्रतिदिन शहर के अनेक जनप्रतिनिधि तथा प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए । अंतिम दिवस नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा तथा भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पार्षद विजय मोटवानी, युवा नेता कुलेश सोनी शामिल होकर सभी को इस धार्मिक उत्सव की शुभकामनाएं





दी। इस अवसर पर विजय मोटवानी द्वारा गणेश पूजा को आपसी प्रेम ,भाईचारा एकता का एक सशक्त माध्यम बताते हुए वर्तमान समय में सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने के लिए 11 दिनों के इस आस्था और भक्ति को पूरे साल भर विस्तारित करने की सभी से विनम्रता पूर्वक आग्रह किया। वहीं पार्षद राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले लोगों के लिए भगवान गणेश जी की सहजता सरलता व सुगमता उन्हें जनता के बीच में लोकप्रिय बनाकर उज्जवल भविष्य को संवार सकती है इसलिए वर्तमान समय में युवा वर्ग भगवान गणेश को अपना आइडल बनाएं। उपस्थित जनों को कलेश सोनी रविंद्र बिंद्रा ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ आशीष नायक द्वारा किया गया।

# गांव गांव स्वच्छता का संदेश देने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना,स्वच्छग्राही समूहों का हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का आगाज किया गया। इस कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा स्वच्छता का संदेश देने प्रचार रथ को जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सनम जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी विजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के 3 स्वच्छग्राही समूह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे मां गायत्री स्व सहायता समूह अमेरा,महिला स्व सहायता समूह भद्रापाली,जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह पुरैना खपरी शामिल है। जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया की उक्त प्रचार रथ 2 अक्टूबर तक जिले के गांव गांव में जाकर स्वच्छता का संदेश देंगे। गौरतलब है की उक्त अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता विषय पर केंद्रित है जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती 'स्वच्छ भारत दिवस' पर पूर्ण होगा।

# भरत देवांगन शासकीय विद्यालय खरोरा में विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ✓ खरोरा
www.dailypioneer.com

भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे अनेकों छात्र-छात्राओं द्वारा ओजोन परत का क्षय एवम संरक्षण पर जागरूकता पोस्टर निर्माण नारा लेखन का भी कार्य किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता शाहिना परवीन थे। ओजोन परत संरक्षण दिवस पर प्रियांशु जोशी (9वीं ब), अमृता देवांगन (11वीं ब), दिप्ती धीवर



(11वीं अ), भूमिका वर्मा (11वीं अ), ज्योति बांधे (11वीं अ), दीपिका साहू (11वीं अ), लक्ष्मी जोशी (11वीं अ), गरिमा निर्मलकर (11वीं अ), लक्ष्मी बांधे (11वीं अ), ओमकुमारी देवांगन (11वीं अ), नम्रता बंजारे (11वीं अ), खुशबू प्रजापति (11वीं अ), भावना साहू (11वीं अ), खुशबू साहू (11वीं अ), मुस्कान मंडावी (11वीं अ), मुस्कान प्रजापति (11वीं अ), सिखा नारंग (11वीं अ), यशवंत देवांगन (11वीं अ), हेमंत देवांगन (11वीं अ), अभ्युदय देवांगन (11वीं अ), विकास साहू (11वीं अ), टेकेश्वर देवांगन (11वीं अ), सुमित खूंटे (11वीं अ), उगेश्वरी साहू (11वीं अ), रुचि देवांगन (11वीं अ), दीपिका साहू (11वीं ब), रितु साहू (12वीं अ), देवेंद्र घृतलहरे (12वीं अ), रोशन देवांगन (12वीं अ), सुनील साहू (12वीं अ) ने पोस्टर व महावीर देवांगन (10वीं स), हेमलता साहू (11वीं अ), ईशा नायक नायक (12वीं अ), अनीस सेन (12वीं अ) भाषण द्वारा अपने विचारों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी ओजोन परत संरक्षण पर डागेश्वरी एवम योगिता (12वीं अ) द्वारा वाद-विवाद के तहत अपनी जानकारी भरी वैज्ञानिक जानकारियों से भरी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य हरीश देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्लोबल वार्मिंग ओज़ोन परत संरक्षण के वैश्विक प्रयास पर चर्चा की। व्याख्याता रीतारानी वर्मा ने भी ओजोन परत संरक्षण व पर्यावरण पर अपने विचार रखें ।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, डोमार सिंह यादव, महेंद्र कुमार साहू, शाहिना परवीन, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, चमेली खरे, नेहा वर्मा, तान्या भट्टाचार्य, नीतू यादव, प्रिया संघवी, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजलि पान,,जगदेव बंजारे एवम समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पर्यावरणविद् सम्मान से सम्मानित हुए दुखनाशन प्रधान



पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरुबाबा बिशासहे कुल कोलता समाज कुल कार्यकारिणी सभा रायपुर छत्तीसगढ़ का नवाखाई मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम बेलडीह कोलता समाज शाखा सभा गिरना आंचलिक सभा पिथौरा में किया गया। जिसमें गांधी आदर्शवादी सेवा समिति के संस्थापक दुखनाशन प्रधान को उत्कृष्ट पर्यावरणविद सम्मान से बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के अध्यक्ष गिरधारी साहू,महामंत्री मथामणी बड़ाई, सहित उपस्थित कार्यकारिणी, आंचलिक, शाखा सभा सभापतियों के हाथों शाल, श्रीफ़ल,प्रशस्ति पत्र,मेडल से सम्मानित किया गया। बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज रायपुर छत्तीसगढ़ के सचिव ललित साहू( र्य म संचालक)ने उपस्थित समाज जनों को बताते हुए कहा की गांधी आदर्शवादी सेवा समिति के संस्थापक दुखनाशन प्रधान ने 18 वर्ष की आयु (विगत 24 वर्षों ) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो को जनमानस तक पहुंचाने एवं पूर्णतः नशामुक्त समाज निर्माण हेतु कृत संकल्पित इनके द्वारा नशा उन्मूलन , नशामुक्ति अभियान, कार्य म के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति हेतु प्रेरित किया जा रहा है ।

# विधायक एवं महापौर ने लगाई झाड़ू, अधिकारी एवं जन भागीदारियों ने उठाया कचरा

**स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुवात,विधायक व महापौर द्वारा स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com





स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के आदेशानुसार नगर पालिक निगम द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा हैं। आज 17 सितंबर से इसका शुभारंभ कर स्वच्छता ही सेवा हेतु एक साथ रैली, श्रमदान गतिविधि का आयोजन नगर निगम द्वारा किया गया।मंगलवार की सुबह प्रातः7 बजे से विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा नागरिको एवं ब्रांड एम्बेसडर,अधिकारी/ कर्मचारियो के अलावा विज्ञान विकास छात्रावास के तीन सौ छात्राओं और नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम की शुरुवात के साथ स्वच्छता शपथ लेकर की गई। स्वच्छता व WINDOW रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया।स्वच्छता ही सेवा बैंक स्पॉट का ट्रांसफ्रोमेर्शन श्रमदान के माध्यम से किया गया. विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर सहित अधिकारी/कर्मचारी और सभी जन भागीदारी द्वारा स्वच्छता signature साइन कैंपेन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य भोला महोविया, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,स्वास्थ्य अधिकारी, धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियंता मोहित मरकाम, हरिशंकर साहू, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती ने सडक़ पर झाड़ू लगाई। आम नागरिकों के साथ विज्ञान विकास केंद्र की छात्राओं ने भी मिलकर स्वच्छता सेवा में झाड़ू लगाकर श्रम दान कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न वार्डो के लिए रवाना किया गया।साथ ही विधायक व महापौर ने आयुक्त सहित सभी के साथ मिलकर एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत नाना-नानी दादा दादी पार्क एवं मानस भवन में श्रमदान करते हुए क्षेत्र में विधायक व महापौर ने सभी के साथ मिलकर झाड़ू लगाकर,विधायक व महापौर ने कचरा को उठाकर डस्टबिन में डाला।और सभी ने स्वच्छता सेवा अभियान की सफलता जताई। इसके अलावा वार्डो के प्रमुख मार्गों पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

# गणपति बप्पा के दर्शन के लिये उमड़ रहे श्रद्धालु

**श्रीराम मंदिर प्रांगण में महाभण्डारा का हुआ आयोजन, हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण**




पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

धर्म और संस्कृति के प्रतीक धार्मिक नगरी मनेन्द्रगढ़ में धार्मिक उत्सव बड़े उत्साह उमंग के साथ मनाए जाते हैं। इसी के तहत इन दिनों गणेश उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। शहर के तमाम पूजा पंडालों में कई धार्मिक आयोजन आयोजित किया जा रहे हैं। इसी के तहत श्रीराम मंदिर प्रांगण में जय भोले सेवा समिति द्वारा भी बड़े भक्ति भाव के साथ गणेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मंदिर और मंदिर प्रांगण को आकर्षित विद्युत साख सज़्ज़ा कर सजाया गया जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंडाल में विराजित गणेश जी और रिद्धि सिद्धि जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार और महाआरती कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ के श्रीराम मंदिर प्रांगण में जय भोले सेवा समिति के द्वारा गणेश जी के नूतन स्वरूप की स्थापना की गई थी।

प्रतिदिन शाम की आरती होने के बाद होने वाले भंडारा के साथ ही सोमवार 16 सितम्बर को विशाल महाभण्डारा का आयोजन किया गया। आपको बता दें की जय भोले सेवा समिति के द्वारा गणेश पूजा के दसवे दिन सोमवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई थी। यहां विधि विधान से भगवान गणेश को पूड़ी, सब्जी, चांवल और बूंदी के प्रसाद का भोग लगाया गया। जिसके बाद दिनभर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद प्राप्त करने के लिए बारी बारी से शहर के विभिन्न इलाकों से लोग यहां पहुंच रहे थे। लोगों ने बताया की यहां बड़े ही धूमधाम से गणेश उत्सव का आयोजन किया गया था। गणेश पूजा के दसवें दिन यहां विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

इस भव्य भंडारे के आयोजन में समिति के अध्यक्ष आकाश दुआ, दिनेश द्विवेदी, सौरभ गुप्ता, आशीष अग्रवाल, हिमांशु श्रीवास्तव, गोलू रैना, संकेत शर्मा, ऋषि तिवारी, गोलू केसरवानी, बादल मलिक, विजय पाठक, कृष्णा वस्त्रकार, अमित भोजवानी, प्रणय शर्मा, अमन अरोड़ा, ध्रुव द्विवेदी, तनय अग्रवाल, शैंकी अरोरा सक्रिय रहे।

# अभियंता दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विगत दिवस 15 सितम्बर को सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या जी की 164 वीं जंयती के अवसर पर जल संसाधन परिसर में अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में सम्मानीय आई.पी. मिश्रा, चेयरमैन, शंकराचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, इंजी. इन्द्रजीत उईके, प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, इंजी. सतीश कुमार टीकम, मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, इंजी. जयंत पवार, से.नि. प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, इंजी. डी.सी. जैन, से.नि. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, इंजी. समीर जार्ज, से.नि. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, इंजी. दिनेश कुमार भगोरिया, से.नि. अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विश्वेश्वरय्या के मूर्ति में माल्यअर्पण पश्चात् अतिथियों द्वारा उनके जीवनी एवं हिन्दुस्तान के विकास में उनके योगदान एवं उनके द्वारा किये गए उल्लेखनीय निर्माण कार्यों के संबंध में प्रकाश डाले गये। आई.पी. मिश्रा जी के द्वारा वर्तमान समय में इंजीनियरिंग विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सम्पूर्ण भारत में विश्व के देशों के अपेक्षा इंजीनियरियों/ वैज्ञानियकों व चिकित्सों द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया। जो कि वर्तमान में विश्व स्तर में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। अभियंता दिवस का कार्यक्रम सुरेश पाण्डेय, अधिक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग दुर्ग के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शिवनाथ मंडल के अंतर्गत दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, कबीरधाम व बेमेतरा जिले के समस्त अभियंता एवं सेवा.नि. अभियंता एवं कर्मचारी सम्मिलित हुये। इस अवसर पर इंजी. उबेद देशमुख, इंजी. किशोर शर्मा, इंजी. जी. एल. साहू, इंजी. ए.एम.झा एवं इंजी. आर. एस. नेताम, कार्यपालन अभियंता का सम्मान किया गया।

# महापौर ने अधिकारियों के साथ शिवनाथ तट के विसर्जन स्थल की देखी व्यवस्था

**प्रतिमाएं प्रतिवर्ष की भांति शिवनाथ नदी विसर्जन करने पहुँचे श्रद्धालु**

- **महापौर ने श्रद्धालुओं से की अपील धैर्य से करें विसर्जन**

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में भगवान गणपति जी का उत्सव धूम धाम से मनाया जा रहा है। विभिन्न कालोनियों, मुहल्लों, चौक चौराहों में समितियों द्वारा भव्य झांकी एवं पंडाल के साथ विराजमान आराध्य देव गणेश जी की बड़ी प्रतिमाओं के अलावा लोगों ने अपने अपने घरों में भी पूजा अर्चना के लिए गणेश प्रतिमा स्थापित की है।आज शिवनाथ नदी तट पर भगवान गणेश चतुर्थी विसर्जन का दौर लगातार चल रहा है।जिसमें हजारों प्रतिमाएं प्रतिवर्ष की भांति शिवनाथ नदी विसर्जन करने के लिए पहुँचे श्रद्धालु।जिसे दृष्टिगत रखते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल अधिकारियों के साथ विसर्जन स्थल शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महापौर ने कहा कि हर तरह से निगम द्वारा विसर्जन कुंडों का निर्माण किया किया गया है। निरीक्षण के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने निर्देश पर सभी तैयारियां पूरी कर लिया गया था।अधिकारी व कर्मचारी समन्वय स्थापित कर बैरिकेडिंग और गोताखोर को विसर्जन के समय नदियों, कंडों और सरोवरों में उतारा जाए यातायात की व्यवस्था की गई है।अन्य सभी स्थानों में साफसफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम कर लिए जाएं। पुलिस प्रसाशन एवं एसडीआरएफ की टीमें हर जगह तैनात एवं मुस्तैद रहनी चाहिए।

# जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

- **2 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' थीम पर होंगी विभिन्न गतिविधियां**

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस अभियान में सभी से सहभागिता की अपील की है। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' के थीम पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत रहंगी, जनपद पंचायत मस्तूरी में ग्राम पंचायत वेदपरसदा, जनपद पचायत कोटा में नवागावं सल्का तथा जनपद पचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत छतौना के साथ समस्त ग्राम पंचायतों में इस अभियान की शुरूआत एक पेंड़ माॅ के नाम (वृक्षारोपण) एवं विभिन्न स्थानों पर श्रमदान का आयोजन किया गया। सल्का नवागांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। कोटा सीईओ युवराज सिन्हा, मोहित जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, समूह की दीदियों सहित सभी ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता विषय पर केन्द्रित रहेगा जिसमें स्वच्छता को समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी मानते हुए इसे उनके स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने का प्रयास होगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता का यह नियम 2 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती स्वच्छ भारत दिवस पर पूर्ण होगा।

# मिनाक्षी नगर स्थित ( श्रीराम विहार कालोनी ) में नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा



पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

श्रीराम कालोनी, मिनाक्षी नगर वार्ड 53 केडी पब्लिक स्कूल के निकट श्रीराम विहार कालोनी में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो गई।विनोद अरोरा के सहयोग से नव निर्मित हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्रीराम कालोनी वासियों व श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा करने के लिए लग गई। ज्ञात हो कि विजय मालापुरे व मूलचंद वर्मा सहयोग एवं कालोनी वासियों के उपस्थिति में भव्य हनुमान मंदिर का नव निर्मित मंदिर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत पंडितों द्वारा हनुमान जी की नवीन प्रतिमा का मंत्रोच्चार व पंचामृत से अभिषेक कर विधि-विधान से हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना किया और इसके बाद हवन किया गया, जिसमें कालोनीवासियों ने पूर्णाहूति डाली। पूजा अर्चना के बाद में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में सैकड़ों भक्तों को खिचड़ी व हलवा प्रसाद का वितरण भक्तों में किया गया। इस अवसर पर विनोद अरोरा, रत्न यादव, विजय मालापुरे, राजू बक्शी, मूलचंद वर्मा, संतोष खिरोडकर, तेजराम देशमुख, शुभम रामटेके, अनिल सोनवानी, मंजूलता सोनवानी, शालिनी सोनवानी, महेश मालापुरे चिंटू मालापुरे जितेंद्र बरेकर रोहित टाडेकर कमलेश मालापुरे लक्की बिजेवर सहित कालोनी वासी मौजूद रहें।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस-ए-मुहम्मदी का शहर में जगह-जगह हुआ इस्तकबाल

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com




पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर सोमवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी शहर में खुशियों के साथ मनाया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। वहीं तमाम मदरसों व मस्जिदों में परचमे इस्लाम फ्हराया गया। इस दौरान नारा-ए-तकबीर अल्लाहू अकबर और नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह की सदा से आसमान गूंज उठा। शहर में जुलूस-ए-मुहम्मदी का जगह-जगह इस्तकबाल हुआ। जिसमें विभिन्न धर्म-समुदाय के लोग भी शामिल हुए। जुलूसे मुहम्मदी का आगाज़ दोपहर 2:00 बजे गौसिया मस्जिद केम्प-1 से हुआ। जुलूस की कयादत मेहमान-ए-खुसूसी शहजादे आला हजरत अल्लामा तौसीफ रज़ा खान किबला बरेली शरीफ ने की। जुलूस लिंक रोड से होता हुआ कैंप-2 रज़ा जामा मस्जिद पहुंचा। वहां से मदरसा रोड से शीतला कॉम्पलेक्स से नंदिनी रोड फिर ओवर ब्रिज से पार कर शाम को इक्विपवमेंट चौक पहुंचा। जहां पर हाउसिंग बोर्ड, खुर्सीपार, जोन-1/2 व जोन-3 से आने वाली अन्जुमने भी शामिल हुईं। सेंट्रल एवेन्यू से सेक्टर-5 चौक होते हुए जुलूस सेक्टर-6, जामा मस्जिद के ईदगाह मैदान में पहुंचा। पूरे जुलूस के दौरान लोग 'सरकार की आमद मरहबा-आका की आमद मरहबा' की सदा बुलंद करते रहे। यहां हजरत अल्लामा तौसीफ रज़ा खान ने तमाम मस्जिदों के इमामों की मौजूदगी में परचमे इस्लाम फ्हराया। इस दौरान नारों से आसमान गूंज उठा। जुलूस के बाद मगरिब की नमाज हुई और शाम 6:30 बजे से तकरीरी प्रोग्राम शुरु होगा। जिसमें हजरत अल्लामा तौसीफ रजा खान ने पैगम्बरे इस्लाम की तालीम पर अमल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की जिंदगी गुजारने के बताए रास्ते पर चलने से दुनिया में अमन व सुकून कायम कर सकते हैं। इस जुलूस में दुर्ग-भिलाई व भिलाई-तीन सहित आसपास की सभी मस्जिदों के इमाम, यहां की कमेटियों के ओहदेदार और बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। पूरे जुलूस में जगह-जगह लंगर व सबील का इंतजाम किया गया था।

# जनजातीय गौरव दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू), भिलाई के तत्त्वावधान में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस के निमित्त एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को सामने लाना है। कार्यक्रम का आयोजन रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती (5 अक्टूबर) और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (15 नवंबर) को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिसके अंतर्गत पूरे राज्य में 5 अक्टूबर से 15 नवंबर तक 40 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, उनके सामाजिक मूल्यों और स्वतंत्रता आंदोलनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका को समाज के सामने लाया जाएगा। इस कार्यशाला में राज्यभर के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निकल एवं आईटीआई संस्थानों के समन्वयक एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा थे। मुख्य प्रशिक्षक एवं वक्ता के रूप में बस्तर से आए रामनाथ कश्यप और सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सुरंगे ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहलुओं पर गहन प्रकाश डाला। कार्यक्रम स्थल पर जनजाति नायकों की सुंदर प्रदर्शनी भी लगाई गई जो विद्यार्थियों व प्राध्यापकों के बीच में आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर सीएसवीटीयू के कुलपति प्रो. एम. के. वर्मा, वनवासी विकास समिति के प्रांत अध्यक्ष उमेश कच्छप, रजिस्ट्रार प्रो. अंकित अरोड़ा, शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.आर. खान, डॉ अनुराग जैन प्रांत सचिव वनवासी विकास समिति, टेक्निकल एजुकेशन के उप संचालक और राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनजाति छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम में सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग से बड़ी संख्या में अध्येताओं और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

**हौसला अफ्ज़ाई से खिल उठे बच्चों के चेहरे, मिली शाबाशी**

# अल मदद वेलफेयर सोसाइटी ने उल्लेखनीय परिणाम लाने वाले बच्चों को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com


जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में शहर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में अल मदद वेलफेयर सोसाइटी ने सेक्टर-7 में एक आयोजन बच्चों की हौसला अफजाई के लिए रखा। आयोजन में मुख्य अतिथि पार्षद लक्ष्मीपति राजू थे। इस दौरान पिछले दिनों हुए नात शरीफमें बेहतरीन नात पेश करने वाले, 10 वीं व 12 वीं उच्च अंक हासिल करने व अन्य उपलब्धि हासिल करने वाले तथा मदरसों के बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पार्षद और महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने बच्चों की हौसला अफ्ज़ाई को एक बेहतर कदम बताते हुए कहा कि ऐसे प्रोत्साहन से बच्चों को भविष्य की नई राह मिलती है। उन्होंने संयोजक हाजी अनवर अली व अल मदद वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली सहित तमाम पदाधिकारियों को इस तरह के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर खास तौर पर पहुंचे खुर्सीपार से हाफ्जि इमरान और हाफिज जाकिर, अहिवारा से हाफ्जि नदीम अजहरी, मड़ोदा से हाफ्जि जमील और उमरपोटी मदरसा से हाफिज जीशान ने इन बच्चों को दुआओं से नवाजा। जिन बच्चों को सम्मानित किया गया, उनमें बेहतर शैक्षणिक परिणाम लाने वालों में दसवीं में आरिफा पातिमा खान, मिर्जा फरहान बेग, नाजिया खातून, 12वीं में अरबाब हुसैन, अयान रहमान और राबिया कौसर, अन्य सम्मानित बच्चों में जुनैद, फैजान अल्तमश, कैफहैदर, तनवीर आलम, नवेद, नात शरीफ में पहला अमीन, दूसरा सुहैल, तीसरा सुमायरा, फैजाने रसूल कमेटी से फैजान, समीर अहमद, सिराज, हमजा, मुजीब, वसीम, मोहम्मद रुआब, मोहम्मद कैस, मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद जान, मोहम्मद शमीम, नैयर रजा, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद रईस और जुनैद शामिल हैं। अल मदद वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष अंजुम अली, कौसर खान, नाहिदा खान, शाहीन खान, डॉ. अमरीन, रुखसाना सिद्दीकी, फरीदा अली, फरहीन, रानी खान, जुल्फी, बिलकिस, नीलोफर, लीना तजमीन, सबेरा, दिलशाद, सुल्ताना, शिरीन, कैसर इकबाल, सरवरी, रुबीना ने आयोजन को सफ्ल बनाने में अपना योगदान दिया।

# महर्षि कश्यप का मना जन्म महोत्सव

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर के केसरवानी वैश्य सभा के द्वारा शनिवार को केशरवानी जाति के कुल गोत्राचार्य महर्षि कश्यप की जन्म महोत्सव मनाया गया। स्थानिय अमंत्रण धर्म शाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जहां महिला,पुरुष,बच्चों के द्वारा महर्षि कश्यप मुनि की तस्वीर पर माल्यार्पण कर धूप दीप से आरती कर भोग समर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर समाज के मनोनीत अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी

**दुर्ग।** राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा दुर्ग नगर के राजेन्द्र पार्क चौक पर एक दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। विकसित भारत मोदी जी की संकल्पना है। थीम पर आधारित इस प्रदर्शनी में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को छायाचित्र के माध्यम से प्रदर्शित की गई है। नगरवासी सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते है।

## संपादकीय

# अभूतपूर्ण बरसात अनेक शहरों में बाढ़

**अभूतपूर्व बरसात** देश के अनेक शहरों में बाढ़ का कारण बनी है। यह शहरी नियोजन के लिए चुनौती है। अभूतपूर्व बरसात के कारण भारत के प्रमुख शहरों में आई व्यापक बाढ़ से जीवन और संपत्ति का नुकसान हुआ तथा दैनिक जनजीवन में भारी बाधा पड़ी। इनमें मुंबई, दिल्ली और बैंगलुरू शामिल हैं। भारी बरसात इन शहरी केन्द्रों को अब भी प्रभावित कर रही है जिसके कारण निवासियों को पानी में डूबी सड़कों से गुजरना पड़ता है, ट्रैफिक जाम होता है, बिजली चली जाती है तथा देश की शहरी ढांचागत संरचना में अनेक कमियां दिखती हैं। इस साल हुई मूसलाधार बारिश ने खासतौर से नुकसान पहुंचाया है। मुंबई में पानी निचले क्षेत्रों में सीने तक पहुंच गया, जबकि बैंगलुरू के एक समय भीड़भाड़ वाले 'टेक कारीडोर' नदियों की तरह लग रहे थे। बाढ़ के कारण देश में 100 से अधिक लोगों की जानें गईं तथा हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। घर और वाहन डूबने के कारण अनेक परिवारों की पूरी बचत कुछ ही घंटों में पानी में बह गई। इसके साथ ही उत्तर भारत के मेरठ जैसे शहर भी आंशिक रूप से डूब गए, जबकि पहले यहां जलभराव की शिकायत नहीं होती थी। बाढ़ के कारण आर्थिक नुकसान भी बहुत अधिक हैं। दूकानें, कार्यालय और उद्योगों को बंद रखने पर मजबूर होना पड़ा। सार्वजनिक ढांचागत संरचना ने बाढ़ की मार झेली है। हालांकि, भारत के शहरी केन्द्रों में ट्रैफिक जाम कोई खास बात नहीं है, पर बाढ़ के कारण पहले से ही खराब स्थिति और खराब हो गई। दिल्ली में बरसात के पानी से प्रमुख सड़कें बंद हो गई तथा यात्रा के समय में कई गुना वृद्धि हुई।



आजीविका के लिए रोज कमाई पर निर्भर रहने वाले लोगों की परेशानी और बढ़ी क्योंकि बाढ़ के कारण पैदा बाधा से वे काम नहीं कर सके। इन बाढ़ों की व्यापकता एवं गहनता से भारत में तत्काल शहरी नियोजन पर पुनर्विचार की आवश्यकता स्पष्ट होती है। अनेक समस्याओं की जड़ खराब जल निकासी व्यवस्था, प्राकृतिक जल स्रोतों पर कब्जे तथा शहरों का अनियंत्रित विस्तार है। मुंबई व चेन्नै जैसे शहरों में हर साल बाढ़ आती है, वहां विशेषज्ञों ने संभावित बाढ़ वाले क्षेत्रों में बेलगाम विकास के खिलाफ चेतावनी दी है। हालांकि, बरसात अभूतपूर्व रही, पर शहरी नियोजन में सुस्ती के कारण स्थिति गंभीर हुई क्योंकि वे मानसून के मौसम में भारी बरसात के लिए तैयार नहीं थे। नालियां जाम होने, आवश्यक उपकरण उपलब्ध न होने अथवा बेकार होने तथा कार्रवाई में खराब नियोजन के कारण स्थिति और गंभीर होती है। देश भर में शहरों की जल-निकासी या तो पुरानी पड़ गई है अथवा वह भारी बरसात से निपटने में अक्षम है। 'स्थानीय सरकारों' को महत्वपूर्ण ढांचागत संरचना के उच्चीकरण में निवेश करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवासीय व वाणिज्यिक क्षेत्रों से पानी की सक्षम निकासी सुनिश्चित हो। 'बिल्डर-नौकरशाह गठजोड़' के कारण अनेक जल स्रोत नष्ट हुए हैं। पहले अनेक झीलें, नदियां और दलदली क्षेत्र बरसात का पानी सोख लेते थे, पर अब वे अनियोजित अवैध विकास के कारण नष्ट हो गए हैं। शहरी नियोजन में हरित क्षेत्रों को शामिल कर जमीन में पानी सोखने की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए। इसके साथ ही टिकाऊ निर्माण व्यवहार से पानी को सतह पर एकत्र होने के बजाय भूमिगत जल में मिलने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके लिए 'वर्षा जल संचयन' तथा 'स्टार्मवाटर प्रबंधन' जैसे समाधानों को जमीनी स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। शहरों को जलवायु परिवर्तन से निपटने की दीर्घकालीन योजना बनानी चाहिए।

# गणेश पूजा पर अकारण विवाद

भारत में प्रशासन तथा न्यायपालिका संविधान के अनुसार काम करते हैं। ऐसे में गणेश पूजा में प्रधानमंत्री व प्रधान न्यायाधीश की सहभागिता पर विवाद अनुचित है।



**गौरव वल्लभ**
(लेखक, प्रोफेसर हैं)



**भारत के** प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई के आवास पर गणेश पूजा में प्रधानमंत्री की उपस्थिति को प्रतीकात्मक सम्मान और एकता की तरह देखा जाना चाहिए। इसकी अनावश्यक आलोचना अनुचित है। भारतीय प्रशासन की जटिल संरचना में न्यायपालिका व कार्यपालिका के कार्य विशिष्ट तथा अलग होने के बावजूद परस्पर निर्भर हैं, अत: ऐसे संकेत उपयुक्त तथा देश की प्रगति में सामंजस्य बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। 'संकुचित दृष्टिकोण' से इस कृत्य की आलोचना अवसर के व्यापक महत्व को अनदेखा करना होगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका भारतीय लोकतंत्र के दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हालांकि, उनके काम अलग-अलग हैं, पर वे एक साझा उद्देश्य की पूर्ति करते हैं। यह उद्देश्य संविधान के संरक्षण के साथ जनता का कल्याण सुनिश्चित करना है। कार्यपालिका के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री तथा न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में भारत के प्रधान न्यायाधीश उस नेतृत्व के प्रतीक हैं जो सरकार की दो महत्वपूर्ण शाखाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

उनकी व्यक्तिगत या धार्मिक आयोजन में सहभागिता परस्पर सम्मान तथा देश के प्रशासन में उनकी संबंधित भूमिकाओं की स्वीकारोक्ति है। गणेश पूजा भारत में एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है जो विवेक, समृद्धि तथा बाधाओं को हटाने का प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन में एकसाथ आ कर दोनों नेताओं ने संदेश दिया है कि वे राष्ट्र के लक्ष्यों के प्रति एकजुट हैं तथा सबके कल्याण के लिए ईश्वर से आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। इस कृत्य को 'अनुपयुक्त' बताना इस तथ्य को अनदेखा करना होगा कि व्यक्तिगत रूप से साथ आना भारत के संवैधानिक ढांचे के प्रति साझा जिम्मेदारी का निर्वहन है। भारत के प्रधान न्यायाधीश के आवास पर गणेश पूजा में प्रधानमंत्री की सहभागिता की आलोचना करने वालों को याद रखना चाहिए कि गणपति पूजा करना कोई अपराध नहीं है, बल्कि इसके बजाय यह भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत का अंतर्निहित अंग है। महान स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने इसे पुनर्जीवित करते हुए इसके गहन लक्ष्यों-एकता, राष्ट्रवाद तथा सामूहिक शक्ति पर जोर दिया था। गणेश पूजा के महत्व को इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। इस संदर्भ में गणेश पूजा केवल धार्मिक आयोजन न होकर एक शक्तिशाली सांस्कृतिक प्रतीक है जिसने ऐतिहासिक रूप से सामाजिक एकजुटता, एकता और राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया था। ऐसे आयोजन की आलोचना कर आलोचक उन मूल्यों को नुकसान पहुंचाते हैं जिनकी स्थापना लोकमान्य तिलक ने इस त्योहार के माध्यम से की थी। इस भारतीय परंपरा में 'कर्ता' का अर्थ परिवार के प्रमुख या प्रबंधक से है जो पूरे परिवार की भलाई का जिम्मेदार होता है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री और प्रधान न्यायाधीश अपने संबंधित क्षेत्रों-कार्यपालिका और न्यायपालिका के 'कर्ता' के रूप में कार्य करते हैं। भले ही उनकी भूमिकायें अलग हों, पर उनके उद्देश्य अक्सर समान होते हैं, खासकर इनका संबंध राष्ट्रीय हितों, कानून और न्याय से होता है।

इस प्रकार एक धार्मिक आयोजन में साथ आ कर उन्होंने अपने संस्थागत अलगाव के बावजूद यह प्रदर्शित किया ह कि वे किसी व्यापक व महान लक्ष्य, यानी जनता के कल्याण तथा भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। कार्यपालिका के कर्ता के रूप में प्रधानमंत्री सरकार चलाने, कानूनों का क्रियान्वयन करने तथा देश का विकास सुनिश्चित करने के जिम्मेदार हैं। इसी तरह न्यायपालिका के कर्ता के रूप में भारत के प्रधान न्यायाधीश सुनिश्चित करते हैं कि न्याय को लागू किया जाए तथा कानूनों की व्याख्या उचित व न्यायोचित तरीके से कर उनका क्रियान्वयन हो। ये भूमिकायें एक दूसरे की पूरक हैं और सम्मान तथा एकता की सार्वजनिक अभिव्यक्ति हैं। ऐसे में एक धार्मिक आयोजन में साथ भाग लेने से केवल यह समझदारी मजबूत होती है कि प्रशासन के इन दोनों स्तंभों के बीच समझदारी और समन्वय बना हुआ है। ऐसे में कोई संकुचित दिमाग वाला व्यक्ति ही प्रधानमंत्री के गणेश पूजा में भाग लेने की गलतियां निकाल सकता है। अक्सर ऐसी आलोचना की जड़ें देश के व्यापक प्रशासन में कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमित समझदारी में होती हैं। सद्भावना और एकता के ऐसे संकेतों की आलोचना इन शाखाओं के बीच सहयोग के महत्व को अनदेखी करना होगा, जबकि यह लोकतंत्र के अच्छी तरह कामकाज के लिए जरूरी है। गणेश पूजा में शामिल होकर प्रधानमंत्री तथा प्रधान न्यायाधीश ने राष्ट्र के व्यापक कल्याण हेतु एकसाथ काम करने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। सभी जानते हैं कि कांग्रेस की अपने कार्यकाल में अनेक अवसरों पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने या उसे प्रभावित करने के आरोप लगे थे। सभी प्रबुद्ध नागरिकों के मन में इसका एक उदाहरण प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एस.एम. सीकरी ने 25 अप्रैल, 1973 को अपनी सेवानिवृत्ति के एक दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय का परिवर्तनकारी 'केशवानंद भारती फैसला' दिया था। इसमें कहा गया था कि संसद संविधान की 'मूल संरचना' में बदलाव नहीं कर सकती है। इस फैसले से अपने संविधान संशोधन की योजनाओं में सीमाबंधन के कारण नाराज इंदिरा गांधी ने तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों-जस्टिस के.एस. हेगड़े, जे.एम. शीलत व ए.एन.ग्रोवर को 26 अप्रैल को पीछे छोड़ दिया था।

इस प्रकार सरकारी दृष्टिकोण के कम आलोचक जस्टिस ए.एन. रे को प्रधान न्यायाधीश बनाया गया था। इस कृत्य ने सर्वोच्च न्यायालय को स्पष्ट संदेश दिया था और इससे 'हीबियस कार्पस मामले', यानी एडीम जबलपुर में फैसला प्रभावित हुआ था। 25 जून, 1975 को घोषित आपातकाल में जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार समेत मूलाधिकारों को स्थगित रखा गया था। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने राष्ट्रपति आदेश को चुनौती देने वाली याचिकायें सुनी थीं। अटार्नी जनरल नीरेन डे ने कहा था कि आपातकाल के दौरान देश में कोई न्यायिक उपचार लागू नहीं हो सकता है। इस पर जस्टिस खन्ना ने अटार्नी जनरल से आपातकाल के दौरान गंभीर उल्लंघनों, जैसे पुलिस द्वारा की गई हत्याओं पर न्यायिक उपचार पर सवाल पूछा था। अटार्नी जनरल ने स्वीकार किया था कि इस समय कोई न्यायिक रास्ता नहीं है। इस विवादास्पद स्वीकृति के बावजूद बहुमत ने फैसला दिया था कि आपातकाल के दौरान नागरिकों को जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता का कोई अधिकार नहीं है। जस्टिस खन्ना ने इसका विरोध किया, पर बाद में उनको पीछे छोड़ कर जनवरी, 1977 में एम.एच. बेग को प्रधान न्यायाधीश बनाया गया। नवंबर, 1976 में कांग्रेस ने 42वां संशोधन परस किया जिसका उद्देश्य न्यायिक स्वतंत्रता को धक्का दे कर एक ज्यादा तानाशाही सरकार बनाना था। भारत के प्रधान न्यायाधीश के आवास पर गणेश पूजा में प्रधानमंत्री की सहभागिता परस्पर सम्मान तथा एक दूसरे की भूमिकाओं एवं शक्तियों की स्वीकृति है। ऐतिहासिक रूप से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाने वाली कांग्रेस के उलट यह कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच स्वस्थ संबंधों का संकेत देता है। प्रधानमंत्री की धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थिति न्यायपालिका के कामकाज या उसकी निर्णय प्रक्रिया में कोई हस्तक्षप नहीं है। सम्मानपूर्वक सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों में सहभागिता तथा राजनीतिक लाभ के लिए न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप में यह अंतर कांग्रेस युग से तुलना में साफ दिखता है।

प्रधानमंत्री द्वारा प्रधान न्यायाधीश के आवास पर गणेश पूजा में सहभागिता एक ऐसा कृत्य है जो भारत के एकता, परस्पर सम्मान व समावेशन के मूल्यों को प्रकट करता है। केवल संकुचित दृष्टिकोण या विभाजनकारी राजनीतिक उद्देश्यों की सोच वाले लोग ही इसकी आलोचना कर सकते हैं। यह आयोजन न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच स्वस्थ संबंधों का द्योतक है जो संविधान को सम्मान देने तथा राष्ट्र के कल्याण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यरत हैं। अत: इसकी आलोचना करने के बजाय इसे भारत की लोकतांत्रिक व सांस्कृतिक भावना में सामंजस्य व एकता के उत्सव की तरह देखा जाना चाहिए।

# महिला अपराधों में त्वरित न्याय आवश्यक

**विकास तिवारी**
(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं)



सुरक्षा दुनिया भर में एक बुनियादी चिंता का विषय बनी हुई है, जहां बलात्कार और दुर्व्यवहार के व्यापक मुद्दे हर दिन लाखों महिलाओं और लड़कियों को प्रभावित करते हैं। इन जघन्य अपराधों का गहरा एवं व्यापक प्रभाव पड़ता है, जो व्यक्तिगत पीड़ितों से आगे बढ़कर परिवारों, समुदायों और समाजों को भी प्रभावित करता है। इसके परिणाम सिर्फ़ शारीरिक या भावनात्मक ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक भी होते हैं, जो अपना स्थायी निशान छोड़ते हैं जो विश्वास और सामंजस्य को कमज़ोर करते हैं। बलात्कार और दुर्व्यवहार के मूल में सामाजिक दृष्टिकोण और गहराई से जड़ जमाए हुए सत्ता असंतुलन का एक जटिल जाल है।

अक्सर, अपराधी इन अपराधों का इस्तेमाल नियंत्रण के उपकरण के रूप में करते हैं, अपने पीड़ितों पर प्रभुत्व जताते हैं। बलात्कार के विनाशकारी परिणाम शारीरिक चोट से लेकर भावनात्मक आघात, सामाजिक अलगाव और यहां तक कि मृत्यु तक हो सकते हैं। पीड़ितों द्वारा झेले गए मनोवैज्ञानिक नुकसान का आकलन करना मुश्किल है, और समाज पर इसके प्रभाव बहुत ज़्यादा हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला जिसने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया, वह था कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर का बलात्कार और हत्या।

इस क्रूर अपराध ने कुख्यात निर्भया कांड की याद दिला दी, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। एक बार फिर, इसने केंद्र और राज्य सरकारों के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया: क्या न्याय व्यवस्था महिलाओं के खिलाफ अपराधों को पर्याप्त रूप से संबोधित कर रही है?

क्या पीड़ितों को वास्तव में वह न्याय मिल रहा है जिसकी वे मांग कर रही हैं? एक और कुख्यात उदाहरण 1992 का अजमेर सामूहिक बलात्कार और ब्लैकमेल कांड है, जिसमें 100 से अधिक लड़कियों को अश्लील तस्वीरों के साथ ब्लैकमेल किया गया था, जिनमें से कई के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। इस मामले में न्याय 32 साल बाद ही मिला, जिसमें छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और प्रत्येक पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह चौंकाने वाली देरी एक बार फिर इस बात पर चिंता जताती है कि क्या भारतीय न्याय व्यवस्था यौन हिंसा के मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। 1.5 बिलियन की आबादी वाले भारत में न्याय में तेजी लाने के लिए 750 से अधिक फास्ट-ट्रैक कोर्ट हैं। फिर भी, अजमेर सामूहिक बलात्कार, निर्भया, उन्नाव और बलरामपुर जैसे मामले दशकों तक चलते रहते हैं।

न्याय की धीमी गति दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का दावा करने वाले देश में सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सामूहिक विफलता को दर्शाती है। इससे यह सवाल उठता है: क्या हमें यौन हिंसा के पीड़ितों के लिए समय पर न्याय सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक सुधार की आवश्यकता है?

वैश्विक परिदृश्य महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के दृष्टिकोण दिखाता है। उदाहरण के लिए, यू.के. ने हाल ही में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानते हुए एक विधेयक पारित किया है, जो इसे इस्लामी आतंकवाद के बराबर मानता है। डेनमार्क, आइसलैंड और स्विटजरलैंड जैसे कई यूरोपीय देशों ने %जीरो टॉलरेंस% नीतियों के तहत कड़े कानून अपनाए हैं, जिनमें यौन हिंसा के दोषियों के लिए मृत्युदंड भी शामिल है। ये उदाहरण भारत के लिए संभावित मॉडल पेश करते हैं, जिस पर वह विचार कर सकता है, क्योंकि वह लिंग आधारित हिंसा के अपने संकट से जूझ रहा है। बलात्कार और दुर्व्यवहार को रोकने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो इन अपराधों के मूल कारणों को संबोधित करता है। सहमति, स्वस्थ संबंधों और सम्मान के बारे में शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आवश्यक शुरुआती बिंदु हैं।

समुदायों को शामिल करना, विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा के बारे में चर्चाओं में पुरुषों और लड़कों को शामिल करना, सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने और ऐसे अपराधों की व्यापकता को कम करने में मदद कर सकता है।

पीड़ितों के लिए परामर्श और कानूनी सहायता जैसी सुलभ सहायता सेवाएँ प्रदान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ये सेवाएँ पीड़ितों को ठीक होने और न्याय पाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों को मजबूत करने और अपराधियों के लिए त्वरित जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नीतिगत सुधार भी महत्वपूर्ण होते हैं।

महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना बलात्कार और दुर्व्यवहार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देकर किया जा सकता है, जो हिंसा के प्रति संवेदनशीलता को कम करने में मदद करता है, और सुरक्षित स्थानों को बढ़ावा देता है जहां महिलाएं बिना किसी डर के घटनाओं की रिपोर्ट कर सकती हैं। पीड़ितों को हिंसा के खिलाफ़ बोलने के लिए प्रोत्साहित करने से इन अपराधों के इर्द-गिर्द अक्सर होने वाली चुप्पी को तोड़ने में मदद मिल सकती है, कलंक को दूर किया जा सकता है और दूसरों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

आज के डिजिटल युग में, तकनीक महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सुरक्षा ऐप जैसे अभिनव उपकरण, जो महिलाओं को आपात स्थिति में परिवार या दोस्तों को सचेत करने की अनुमति देते हैं, और पीड़ितों के लिए ऑनलाइन सहायता प्लेटफ़ॉर्म सुरक्षा और सहायता के नए रास्ते प्रदान करते हैं। डेटा एनालिटिक्स हिंसा के पैटर्न और हॉटस्पॉट की पहचान करने में मदद कर सकता है, जिससे अधिकारी रोकथाम के प्रयासों को अधिक प्रभावी ढंग से लक्षित कर सकते हैं।

अंतत:, महिलाओं की सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए व्यक्तियों, समुदायों, संगठनों और सरकारों की भागीदारी की आवश्यकता है। बलात्कार और दुर्व्यवहार के मूल कारणों को संबोधित करके और विभिन्न स्तरों पर समाधान लागू करके, हम एक ऐसा समाज बना सकते हैं जहां महिलाएं और लड़कियां हिंसा के डर से मुक्त रहें। यह निर्णायक कार्रवाई का समय है।

महिलाओं की सुरक्षा को एक बाद की बात के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक कल्याण के एक बुनियादी स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। केवल एक साथ काम करके ही हम सभी के लिए एक सुरक्षित, अधिक न्यायसंगत दुनिया बना सकते हैं।

## आप की बात

### कांग्रेस के इरादे

**तीन परिवारों** ने मिल कर जम्मू-कश्मीर को अब तक बर्बाद किया और अपना घर भरा। इनसे कश्मीरी जनता को छुटकारा दिलाने के लिए अनुच्छेद 370 को मोदी सरकार ने अलविदा कह दिया। तीन परिवारों-नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी व कांग्रेस ने अपने और अपनी पार्टी के भले के लिए ही इसे लागू कर रखा था। आज प्रदेश आतंकियों से मुक्त हुआ है और पूरे देश से आकर लोग वहां घूम रहे हैं। कश्मीर में व्यापार, पर्यटन व रोजगार बढ़ रहा है। वहां सिनेमा की शूटिंग हो रही है जो बरसों से आतंकवाद के कारण बंद थी। भाजपा सरकार के इन असाधारण व उल्लेखनीय कामों की प्रशंसा करने के बजाय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यदि 20 सीट और आ जाती तो भाजपा के लोग जेल में होते। जिस लाल चौक पर तत्कालीन केन्द्रीय गृहमंत्री जाने से डरते थे वहां आज राहुल व प्रियंका समेत आम लोग आराम से घूम रहे हैं। क्या कांग्रेस जम्मू कश्मीर समेत सारे देश को फिर उन अंधकारमय दिनों में वापस ले जाना चाहती है, जब आतंकी कहीं भी हमला करते थे और जनता को अनजानी चीजें न छूने की सार्वजनिक घोषणायें की जाती थीं? देश की जनता को खड़गे के बयान से कांग्रेस के इरादे समझ लेने चाहिए कि उसे केवल अपने सुख और सत्ता की चिन्ता है।

**-शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### बेलगाम वक्फ बोर्ड

**वक्फ** बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जा करने वालों ने तो रेलवे प्लेटफार्म तक नहीं छोड़े। वह बड़े ही योजनाबद्ध तरीके से पहले कुछ इंटे रख कर सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू करता है। थोड़े दिन बाद वहां निर्माण शुरू हो जाता है, लोबान के धुएं की खुशबू आने लगती है, वहां कोई कथित पीर बाबा अपना झोपड़ा बना कर झाड़-फूंक शुरू कर देता है। फिर एक-एक फीट कर उस जगह का दायरा बढ़ता जाता है। धार्मिक स्थल पर कुछ भी एक्शन लेने से लगभग सभी कर्मचारी-अधिकारी भयग्रस्त रहते हैं। इस प्रकार वक्फ बोर्ड की जमीन बढ़ती रहती है। पूरे देश में वक़्फ़ बोर्ड की अधिकांश जमीन इसी तरह कब्ज़ा कर हथियाई हुई है। मंदिरों की भूमि और चढ़ावे पर तो सरकार अपना अधिकार मानती है। लेकिन वक्फ बोर्ड तथा मस्जिदों पर कानून को मेहरबान बना दिया है। पिछली सरकारों ने एक खास समुदाय के वोटों के लिए वक्फ बोर्ड कानून से जमीनों पर कब्जा करने तथा चंद लोगों के मालदार होने का रास्ता खोल दिया है, जबकि इनका लाभ गरीब मुसलमानों को बिल्कुल नहीं मिलता है। मोदी सरकार जब इन भू-माफियाओं पर लगाम लगाने का प्रयास कर रही है तो इस्लाम खतरे में का शोर मचाया जा रहा है।

**- सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### ट्रंप पर हमला

**अमेरिका** में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प की एक बार फिर हत्या का प्रयास हुआ है, दो महीने में दूसरी बार। हालांकि, इस घटना में ट्रंप को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अनुसार, ट्रंप के आस-पास के गोल्फकोर्स के बाहरी इलाके में एक बंदूकधारी को देखा गया। एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने उस व्यक्ति पर गोली चलाई, लेकिन वह एक वाहन में भाग गया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिकी मीडिया ने संदिग्ध की पहचान रयान वेस्ले राउथ के रूप में की है। अब कम से कम दोनों प्रमुख पार्टियों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि क्या देश से बन्दूक संस्कृति पर लगाम लगाई जाए या उसे इसी तरह रहने दिया जाय। 2023 में सामूहिक गोलीबारी की रिकॉर्ड संख्या के मद्देनजर सख्त अमेरिकी बंदूक कानूनों की मांगों हो रही है। लेकिन रिपब्लिकनों के साथ डेमोक्रेट पार्टी भी अमेरिकी हथियार लाबी के दबाव में है। हालांकि, ट्रंप को बंदूक कानून का समर्थक माना जाता है, पर हाल ही में कमला हैरिस ने भी कहा था कि उनके और उनके पति के पास बंदूक है। ऐसे में देखना होगा कि बंदूक कानून चुनाव का मजबूत मुद्दा बनता है या नहीं।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### केजरीवाल का ढोंग

**शराब घोटाले** के षड्यंत्र में शामिल होने और 177 दिन जेल में रहकर अंतत: मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई। अब वे इस्तीफा देने की चाल चल रहे हैं। यह उनके ढोंग के सिवा और कुछ नहीं है। वे दिल्ली विधानसभा का चुनाव नवम्बर में कराने की मांग करते हैं, पर विधानसभा भंग नहीं करना चाहते हैं। वे अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने की सोच सकते हैं, लेकिन इसका नतीजा उल्टा हो सकता है। इससे आम आदमी पार्टी-आप में कुर्सी की लड़ाई छिड़ सकती है। उन्होंने बड़ी चालाकी से यह भी कहा कि उनके अलावा शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भी जनता का विश्वास मिलने तक अपनी कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। केजरीवाल बार-बार जनता को भावनात्मक रूप से मूर्ख बनाने का प्रयास करते रहे हैं। देखना होगा कि इस बार वे कितना सफल होंगे। यह भी देखना होगा कि वे हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएंगे या अपने कांग्रेसी वकील अभिषेक मनु सिंघवी की सलाह पर कांग्रेस को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चुनावी लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

**-युगल किशोर शर्मा**, फरीदाबाद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया विश्वकर्मा जयंती

## वभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने किया विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापना एवं पूजा आरती

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर लोगों ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजा अर्चना किया तदुपरांत देर रात मूर्ति का बाजे गाजे के साथ विसर्जन भी किया गया। इस अवसर पर कई स्थानों पर धार्मिक आयोजन भी संपन्न हुआ वहीं कई स्थानों पर स्थापित मूर्ति का विसर्जन दूसरे दिन करने की जानकारी मिली है।

प्रति वर्ष विश्वकर्मा जयंती 17सितबंर मनाया जाता है। जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न नगरी निकाय एवं कई गांव में भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती बड़ी धूमधाम एवं आस्था भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने विधिपूर्वक भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर आरती एवं हवन किये सुबह से ही जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना को लेकर की तैयारियां किया गया। उसके बाद भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को मूर्तिकार के यहां से लाए, इसके पहले मूर्तिकार के यहां भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की पूजा फूल अगरबत्ती एवं श्रीफल के साथ किया गया। तदुपरांत आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ विभिन्न साधनों में उनको शहर के कई स्थानों पर स्थापित किया गया। जहां पर आचार्य के सानिध्य में यजमान ने भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का विधि विधान एवं वैदिक मंत्रों के बीच स्थापना किया गया। आरती एवं हवन का कार्यक्रम संपन्न किया और लोगों को प्रसाद वितरण भी किया गया इसी तरह नगर पालिका परिषद बेमेतरा के परिसर में सृष्टि के रचयिता विश्वकर्मा देव की पूजा अर्चना पंडित श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा विधि विधान से कराया गया जिसमें सीएमओ कोमल ठाकुर लेखपाल सौरभ सिंह जीवन लाल दास प्रेम सनत धनंजय जीवन जितेंद्र रोहित राजकुमार अशोक ठाकुर फलित बालक दास नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

# भाजपाइयों ने मनाया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव का जन्मदिन

## ब्लड डोनेट व मरीजों को फल वितरण किया

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम उतई में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत उतई भाजपा मंडल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। मोदी जी एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का जन्म दिन रक्तदान और मरीजों को फ्ल वितरण कर उनके दीर्घायु की कामना कर मनाया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माँ भारती के परम उपासक, 'नए भारत' के शिल्पकार, 'विकसित भारत' के स्वप्नद्रष्टा, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के प्रति संकल्पित, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। आप स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और भारत माँ के परम वैभव को सम्पूर्ण विश्व में और अधिक फैला सकें, यही कामना हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर से विधायक किरण सिंह देव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर जिला मंत्री रोहित साहू , उदय मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा , महामंत्री सोनू राजपूत जी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम वर्मा जी, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता चंदू देवांगन , रूपेश पारख , लक्ष्मी नारायण साहू , सतीश चंद्राकर , खूब लाल चंद्राकार , सोहन रिगरी जी, चेतन साहू , हरीश यादव हिमांशु साहू , आ पो चंद्राकर , नरेंद्र साहू , ममता चंद्राकर , संगीता रजक जी, विमल कामडे शीतल , दानेश्वरी देशमुख , सुनीता वर्मा , रंजना चंद्राकर डामिन नेताम जी, प्रीति साहू , लक्ष्मी ठाकुर , विजयलक्ष्मी कोमिन जी, मांडवी , पूजा साहू जी, आरती साहू एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और भक्ति भाव से गणेश भगवान की मूर्ति का किया गया विसर्जन



पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर के श्रद्धालु भक्त जनों ने अत्यंत ही विनम्र और श्रद्धापूर्ण ढंग से श्री गणेश जी का विसर्जन खारुन नदी के तट पर पहुंचकर किया । अनेक मूर्तियां खारुन के जल में प्रवाहित की गई कई लोगों ने बड़े भाव विभोर होकर अश्रुपूर्ण ढंग से गणेश जी को विदाई दी और गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ, की ध्वनि से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजित हो गया । ज्ञात हो कि खारुन नदी तट के दूसरे भाग में रायपुर से चंदन डीह तथा आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु भक्त जनों द्वारा मूर्ति विसर्जित किया जाता है । नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कुम्हारी की चाक चौबंद व्यवस्था से मूर्ति विसर्जन का काम अत्यंत शांतिपूर्ण तरीके से समाचार लिखे जाने तक हो रहा था सुरक्षा की दृष्टि से एस डी आर एफकी टीम वहां तट पर तैनात थी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना से तत्काल निपटा जा सके इस बीच तट पर निरीक्षण में आए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर जी ने कहा कि नगर के समस्त जनों को तट पर किसी प्रकार की कठिनाई या कष्ट ना हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है और किनारों पर और भी सुधार भविष्य में किया जाएगा ताकि लोगों को असुविधा न हो ।

# कालेज मैदान में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परितवर्तन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के द्वारा एक पेड़ मॉं के नाम वृक्षारोपण महाभियान के तहत् 17.09.2024 को एक दिवसीय विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश प्राप्त हुए है। उपरोक्त निर्देश के परिपालन में माननीय प्रधान मंत्री, भारत सरकार द्वारा 05.06.2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ किये गये एक पेड़ मॉं के नाम वृक्षारोपण महाभियान के तहत् 17 सितंबर को आचार्य पंथ गृंधमुनि नाम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा प्रांगण में 17 नग कदम और नीम के विशेष वृक्षारोपण कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम में संतोष पाण्डेय सांसद लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही सुशीला रामकुमार भट्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत, कबीरधाम, रामकुमार भट्ट, सभापति जिला पंचायत, कबीरधाम, इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष, जनपद पंचायत कवर्धा, मनहरण कौशिक, अध्यक्ष, नगर पालिका परिसद कवर्धा, जनमेजय महोबे, कलेक्टर, जिला कबीरधाम, संदीप अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, शशि कुमार वनमंडलाधिकारी, कवर्धा, जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण, हरीतिमा टीम एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा की अरूणा का चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में शिक्षा के साथ साथ सह-संज्ञानात्मक क्षेत्र में भी बालिकाओं के उन्नति पर विशेष ध्यान दिया जाता हैं। जिससे बालिकाओं का सर्वांगीण विकास हो सके। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि यहां की बालिकाएं खेल के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंबिकापुर में यहां की तीन बालिकाओं अरूणा यादव, मुकेश्वरी दुबे, जागेश्वरी ने गतका में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिसमें अरूणा यादव ने गतका में गोल्ड मेडल जीतकर अपना स्थान राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित कर अपने माता पिता और कस्तूरबा विद्यालय को गौरान्वित किया है। शाला परिवार में अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शिक्षिका राज किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू , विजयलक्ष्मी परगनिया, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, दीप्ति, सावित्री सभी ने अरूणा का भव्य स्वागत किया। साथ ही उनके उज्जवल और यशस्वी भविष्य की कामना की।

# विभिन्न चौक चौराहों में विराजमान गणेश की मूर्ति का हुआ विसर्जन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर सहित के विभिन्न क्षेत्रों के घरों चौक चौराहों पर 11दिन तक विराजमान विघ्नहर्ता गणेश भगवान का विधि-विधान से पूजन हवन करने के बाद विर्सजन करने का सिलसिला शुरू हो गया बीते दिनों गणेश जी की मूर्ति की स्थापना गाजे-बाजे के साथ मूर्ति की स्थापना किया गया इसके साथ ही 11 दिन तक पर्व चला इस अवसर पर कई जगहों पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे भादो मास के शुक्ल पक्ष को गणेश चतुर्थी मनाया गया इस पर्व में कई लोगों ने जहां अपने अपने घरों में छोटे से गणेश जी के मूर्ति रखे हैं वही नगर के के चौक चौराहे पर गणपति के लिए पंडाल बनाया गया है जहां पर गणेश जी के मूर्ति की स्थापना किया गया इस अवसर पर पंडाल में आचार्यों के द्वारा मूर्ति की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ आरती कर उन्हें स्थापित किए गए थे । जिसे अनंत चतुर्दशी को पूजा अर्चना हवन करने के विर्सजन करना प्रारंभ किया गया कुछ लोगों ने अनंत चतुर्दशी के एक दिन पहले ही विसजर्न कर दिया गया जबकि अधिकतम लोगों ने अनंत चतुर्दशी को विसजर्न किया। इसके लिए प्रशासन पुलिस प्रशासन के द्वारा बैठक लिए गए थे। सभी तरह की मूर्ति का विसजर्न के लिए जिला मुख्यालय से करीब आठ किलोमीटर दूर स्थित शिव नाथ नदी में विशेष रूप से व्यवस्था किया गया था साथी ही सुरक्षा की भी विशेष व्यवस्था किया गया था।

# नगर पालिका कर्मचारियों का तीन दिवसीय हड़ताल आज से

## रायपुर में होगा हड़ताल प्रदेश भर से जुटेंगे कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है जिसके तहत अपनी माँगो को लेकर व संघ के आव्हान पर नगर पालिका के नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारी 18 सितंबर से 20 सितम्बर तक 3 तीन दिवस तक रायपुर स्थित तुता मैदान में हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल अवधि में निकाय के कार्य बंद रखेंगे इसके बाद भी शासन द्वारा माँगे पूरी नहीं की जाती है तो सभी अधिकारी कर्मचारी अनिश्चित क़ालीन हड़ताल पर चले जाएँगे। कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीराम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से प्राप्त निर्देश के परिपालन एवं नगरीय निकाय की महासंघ बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार हड़ताल में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे।हड़ताल में जाने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष महोदय मनहरण कौशिक व मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू को सौंपा गया है। नगरीय निकायो में प्रत्येक माह 1 तारीख़ वेतन भुगतान ट्रेज़री के माध्यम से हो। नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद हो व 10 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण। नगरीय निकाय में अन्य विभाग की भाँति ओल्ड पेंशन लागू हो। नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के मृत्यु उपरांत परिवारजनो को संभाग स्तर में रिक्त पदो पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करे। संभाग स्तर में रिक्त पद पर पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र किया जावे। छठवें एवम् सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि का भुगतान की स्वीकृति प्रदान किया जावे।

# सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने किया एक पेंड मां के नाम पौधरोपण



पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पीजी कॉलेज परिसर में हरीतिमा टीम द्वारा एक पेंड मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद संतोष पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधिनियों ने पौध रोपण किया। सांसद पाण्डेय ने पौधरोपण करते हुए कहा कि यह एक अद्भुत पहल है जो पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है। हरीतिमा टीम द्वारा एक पेंड मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करना एक प्रशंसनीय कदम है जो हमारे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और संरक्षण के लिए काम करता है।

# स्वच्छता दौड़ का आयोजन: स्वच्छता के प्रति दिया जागरूकता का संदेश

## स्कूली बच्चों, अधिकारियों-कर्मचारियों, सहित जनप्रतिनिधियों ने लगायी दौड़

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में आज मंगलवार को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। दौड़ का शुभारंभ जय स्तंभ चौक से किया गया, जो मुख्यालय के प्रमुख चौक और बाज़ारों से होकर गुजरी। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, जिसमें ज़िला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक किया और स्वच्छता की शपथ दिलायी । प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिये। इस अवसर पर बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू और कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। स्वयं भी दौड़ में हिस्सा लिया और स्वच्छता के महत्व पर बल दिया। दौड़ में भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों में ओमप्रकाश जोशी और राजेंद्र शर्मा भी शामिल थे, जो पार्षदों और अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ इस आयोजन का हिस्सा बने। दौड़ के समापन पर आयोजित सभा में विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता केवल हमारे घरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि हमें अपने शहर और सार्वजनिक स्थानों को भी स्वच्छ बनाये रखे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे समाज की समृद्धि और स्वास्थ्य का आधार है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने स्वच्छता पर प्रकाश डाला। जनप्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा ने भी इस मौके पर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया और समाज के हर वर्ग से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। मुख्य कार्यालयन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने सभी आभार माना । उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की सराहना करते हुए इस तरह के आयोजनों को आवश्यक बताया।

# प्रधान पाठक धनेश रजक की अनूठी पहल



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी लोधी विकासखंड साजा के प्रधान पाठक धनेश रजक ने अपने विद्यालय में एक अनूठी पहल करते हुए अपने जन्मदिन पर अपने स्वयं के पैसे से अशोक, कदम, बादाम, करंज पेड़ खरीदकर और ग्राम के जन प्रतिनिधि व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष - मुकेश निर्मलकर सरपंच, बिरजू वर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मिडिल स्कूल, मिथुन पटेल अध्यक्ष प्राथमिक शाला खपरी धोबी, राजेंद्र निर्मलकर सदस्य किसान मोर्चा, फिरतु निर्मल कर वरिष्ठ नागरिक के हाथों माँ के नाम एक एक पौधा रोपण कराया। इस अच्छे कार्य के लिए ग्राम पंचायत सरपंच सहित दोनों स्कूल के शाला प्रबंधन समिति व ग्राम वासियों ने प्रधान पाठक धनेश रजक को बधाई व शुभकामनायें दिये।इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप आम जनता के प्रति हम सभी शासकीय सेवकों का व्यवहार अत्यंत मधुर, आत्मीय एवं नम्र होना चाहिए। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उनके कार्यालयों में अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में उनसे मुलाकात के लिए पहुँचने वाले लोगों से सदैव मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने को कहा है। जिससे कि आम जनता का शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास अर्जित होने के अलावा अपनापन का भाव भी विकसित हो सके। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों से अपेक्षा की जानकारी देते हुए इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने भी अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप आम जनता के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह बनकर पूरी प्रतिबद्धता एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर डीआर ठाकुर एवं पूजा बंसल सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में समय-सीमा के बाहर कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नही होनी चाहिए। उन्होंने निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का निराकरण नही होने पर संबंधित राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसे शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना बताया। इस संबंध में उन्होंने शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आम जनता को स्वास्थ्य विभाग का समुचित लाभ दिलाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिले के पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से भर्ती कर उनके स्थिति में सुधार के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम सरदा में श्री राम मंच के उद्घाटन में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम सरदा में निर्मित श्री राम मंच पीपल चौक सरदा के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम हम सभी के इष्ट हैं और उनके बताए रास्तों पर चलकर ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है इस आयोजन के लिए उन्होंने ग्राम वासियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाइयां प्रेषित की तथा लोगों से भगवान राम के बताएं मार्ग पर चलने का आवाहन किया साथी साथ आशीष छाबड़ा ने गणेश उत्सव पंडाल में जाकर भगवान श्री गणेश जी का विधि विधान से पूजा अर्चन कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की श्री राम मंच के उद्घाटन अवसर पर ग्राम शारदा में महिला खेल का आयोजन विशेष कर छत्तीसगढ़ी खेल जिसमें मटकी फोड़ बिंदी टिप कुर्सी दौड़ इत्यादि का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही साथ मां सरस्वती महिला मानस मंडली द्वारा रामायण की प्रस्तुति भी की गई कार्य म के विशिष्ट अतिथि चिंता कोसले रामविलास साहू श्यामलाल साहू घनश्याम साहू संदीप साहू मौजी राम साहू जोगेंदर छाबड़ा सुमन गोस्वामी ललित विश्वकर्मा रवि रजक आशुतोष गर्ग मिथलेश साहू विकास साहू जागेश्वर साहू झलेश्वर साहू टिकेश साहू लालू साहू धनेश साहू नंदकुमार साहू सनत कुमार साहू ममता साहू एवं साथी स्व सहायता समूह की महिलाएं व समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

# सक्ती विकासखंड में पोषण माह के अंतर्गत वजन तिहार एवं विभिन्न कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पूरे प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केदो में पोषण माह के अंतर्गत वजन तिहार सहित विभिन्न कार्यक्रमों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन किया जा रहा है, तथा इसी श्रृंखला में नवगठित शक्ति जिले के शक्ति विकासखंड में भी एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना शक्ति द्वारा जहां प्रत्येक आंगनबाड़ी केदो में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के माध्यम से वजन तिहार को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, तो वहीं इस संबंध में आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर परियोजना अधिकारी श्याम कंवर ने कहा है कि आज सही पोषण से ही देश रोशन होगा एवं वजन तिहार बनेगा स्वस्थ छत्तीसगढ़ का आधार, श्याम कवर ने कहा कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत बच्चों का वजन नापा जा रहा है। वहीं महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस पोषण माह के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों में अपने जागरूकता अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के भविष्य को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के स्लोगन को लेकर व्यापक रूप से कार्य किया जा रहा है, साथ ही इस पोषण माह के अंतर्गत जहां आंगनबाड़ी केदो में बच्चों की वजन और ऊंचाई नाप कर उनके पोषण के स्तर को बढ़ाने की दिशा में भी सकारात्मक पहल की जा रही है, तो वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 6 माह के पश्चात शिशु को ऊपरी आहार देना शुरू करना चाहिए, तथा बच्चों को फल या की किसी भी प्रकार का आहार देते समय उसे अच्छी तरह से मसल कर देना चाहिए जिससे बच्चों को आसानी से वह पचा सके वही शक्ति विकासखंड में जहां महिला बाल विकास विभाग के सभी सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित विभागीय अधिकारी इस पूरे पोषण माह के अंतर्गत चल रहे अनेको कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जुटे हुए हैं तो वहीं आंगनबाड़ी केदो में भी इस पोषण माह के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बच्चों एवं उनकी माताओ में भी प्रसन्नता देखी जा रही है तथा सभी बच्चों का जहां वजन नापा जा रहा है तो वहीं यह पूरा अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। साथ ही इस वजन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केदो में ऐसे बच्चे जो की कुपोषित की श्रेणी में आएंगे उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में ले जाकर उनके स्वास्थ्य सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल की जाएगी, तथा इस संबंध में एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग शक्ति की परियोजना अधिकारी श्याम कंवर का कहना है कि 6 साल तक के बच्चों की वजन की जांच की जा रही है एवं बच्चों का बौनापन एवं दुबलेपन को भी चिन्हांकित किया जा रहा है, वहीं जिला मुख्यालय शक्ति के शक्ति शहर में भी महिला बाल विकास विभाग के वजन तिहार एवं पोषण माह को लेकर व्यापक रूप से बड़े-बड़े बोर्डिंग फ्लेक्स भी लगाए गए हैं, तथा चुकी छत्तीसगढ़ शासन की महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शक्ति जिले की भी प्रभारी मंत्री है, इस नाते से महिला एवं बाल विकास विभाग भी पूरे पोषण माह को व्यापक रूप से सफल बनाने में जुटा हुआ है।

# एसईसीएल मुख्यालय में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसईसीएल मुख्यालय में 17 सितम्बर को आदिशिल्पी विश्वकर्मा भगवान की जयन्ती बहुत ही धूमधाम के साथ विभिन्न विभागों के द्वारा मनायी गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रैंक्लिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास एवं निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा पूनम मिश्रा, उपाध्यक्षा संगीता कापरी, अनीथा फ्रैकलिन, मती इप्शिता दास, मती हसीना कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों, महिलाकर्मीगण सपरिवार विभिन्न विभागों में स्वमेव पहुचकर ''विश्वकर्माजी'' की स्थापित प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर दर्शन किए एवं आशीर्वाद व भोग-प्रसाद ग्रहण किए। एसईसीएल मुख्यालय के परिवहन विभाग, उत्खनन विभाग, टेलिफोन विभाग, एसी प्लान्ट, सिस्टम विभाग, इंदिरा विहार तथा वसंत विहार नगर प्रशासन विभाग, एसईसीएल मुख्यालय तथा इंदिरा विहार-वसंत विहार इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन में ''विश्वकर्मा जी'' की प्रतिमा स्थापित कर झॉकी सजाई गई एवं सभी जगह विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गयी एवं स्वादिस्ट भोग-प्रसाद का वितरण किया गया। आश्विन कृष्ण पक्ष की नवमी को ''आदिशिल्पी विश्वकर्मा'' के जन्मदिन के सुअवसर पर यह पर्व मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार राजा इन्द्र के लिए अलकापुर, कुबेर के लिए लंकापुर, भगवान शिव के लिए कैलाश, भगवान कृष्ण के अनुरोध पर उनके सखा सुदामा के लिए भव्य महल का निर्माण ''विश्वकर्मा भगवान'' ने किया, उन्होंने युधिष्ठिर के लिए उस अद्भुत महल का निर्माण भी किया था जिनमें जल और जमीन में अंतर न कर पाने के कारण दुर्योधन को अपमानित होना पड़ा था, इसी वजह से ''आदिशिल्पी विश्वकर्मा'' को उच्च कोटि का अभियंता कहा जाता है।

# चांपा के वार्ड नं. 21 में संचालित सोसायटी से 60 कट्टी चोरी का चावल बरामद, पुलिस ने छापामार की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



बीते दिनों जैजैपुर पुलिस द्वारा सुबह 4 बजे चांपा के वार्ड नं. 21 में संचालित माँ काली खाद्य सुरक्षा पोषण सोसायटी में दबिश दी गयी थी। सुबह 4 बजे सोसायटी संचालक सुनीता महंत को पुलिस के द्वारा बुलाया गया और सोसायटी को खुलवाया गया। सोसायटी में रखे हुए चावल लगभग 60 कट्टी को पुलिस ने जब्त कर चोरी का सामान अपने कब्जे में रखने की धारा 411 के तहत कार्रवाई की गई। लोगों का कहना है कि सोसायटी संचालिका सुनीता महंत समय पर दुकान नही खोलती है। राशन समान रहते हुए भी समान नही देती और दुर्व्यवहार करती है। लोगों ने यह भी बताया है कि राशन रहते हुए भी नही है करके राशन नही देती।इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई है। चोरी का राशन बरामद होना बड़ी बात है।इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि महिला द्वारा चोरी का सामान बेचा या खरीदा जाता है,सोसायटी संचालिका द्वारा लोगों के राशन को गबन कर बेचा जाता हैं। खाद्य निरीक्षक ब्रम्ह भट्ट से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि चोरी का सामान उनके सोसायटी से मिला है तो यह गलत है, जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। चोरी से सम्बंधित प्रकरण में 6 चोरों को पकड़ा गया था,चोरों द्वारा चांपा के एक सोसायटी में चावल रखना बताया गया।पुलिस ने छापा मारकर 60 कट्टी चोरी का चावल बरामद किया है। चोरी का सामान रखने के तहत सोसायटी संचालिका पर कार्रवाई की गई है- विवेचक, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण कंवर।

# रजिस्ट्री में ई एप्प लागू होने के निर्णय से नाराज स्टाम्प वेंडर

## संघ का कहना-ई एप्प लागू होने से रोटी रोटी का संकट हो जाएगा खड़ा

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टांप वेंडर,एव दस्तावेज लेखक संघ ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक स्टाम्प पुष्पेंद्र मीणा के आश्वासन के बाद हड़ताल नहीं करने का फैसला लिया है, ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ई ऐप लागू करने के निर्णय को लेकर प्रदेश भर के स्टांप वेंडर संघ और दस्तावेज लेखक संघ तीन दिवसीय हड़ताल पर थे, संघ का कहना है कि सरकार द्वारा ई ऐप लागू करने से हम लोगो की रोजी रोटी पर सवाल खड़े हो रहें हैं,जिसे लेकर पूरे प्रदेश के स्टांप वेंडर संघ के साथ साथ दस्तावेज लेखक संघ तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने वाले थे,जिसे लेकर संघ ने पदाधिकारियों ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक स्टाम्प पुष्पेंद्र मीणा से मिलकर अपनी मांग रखी। महानिरीक्षक पंजीयन एवंअधीक्षक स्टाम्प पुष्पेंद्र मीणा सेमिले संतुष्टि पूर्ण आश्वासन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ ने हड़ताल नही करने की बात कही है, एक चर्चा के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक स्टाम्प पुष्पेंद्र मीणा से हम लोगों ने मिलकर अपनी बात रखी महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक स्टाम्प पुष्पेंद्र मीणा से मिले संतुष्टि पूर्ण आश्वासन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ की तरफसे हड़ताल नही करने की बात कही।

# जैजैपुर नगर आगमन पर साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष का युवाओं ने किया स्वागत



पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

साहू समाज का आभार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन जैजैपुर में सम्पन्न हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि टहल सिंह साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज, कार्यक्रम अध्यक्ष संदीप साहू विधायक कसडोल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, कार्यक्रम आयोजक बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ कैलाश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा के नगर आगमन पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद साहू के नेतृत्व में नगर साहू संघ जैजैपुर के युवाओं द्वारा विश्राम गृह जैजैपुर में शाल एवं फल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से विनोद साहू, मिलनराम साहू, मिलापराम साहू, छतराम साहू, संतोष साहू, शिवम साहू, रामनारायण साहू , विजय साहू शामिल थे।

# बगैर शोर शराबा गाजे बाजे के साथ लोगों ने क्षेत्र में गणपति का विसर्जन किया



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पंडालों एवं घरों में विराजमान हुए गणपति बप्पा का पूजा अर्चना के बाद हवन पूजन किया गया और पूरे भक्ति भाव के साथ 11वें दिन प्रतिमा को विसर्जित किया गया। सुबह से ही नदियों में गणपति बप्पा के जयकारों के साथ ही लोगो का ताता देखा गया। लोगो ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ बप्पा को अगले साल फिर आने का न्योता दिया और उन्हें विदाई दी, इस दौरान बच्चों में बहुत उत्साह दिखा साथ ही उनसे बिछड़ने का गम भी था। बगैर शोर शराबा गाजे बाजे के गणपति विसर्जन कोरोना काल होने के कारण इस बार बगैर शोर शराबा गाजे बाजे के साथ लोगो ने क्षेत्र में गणपति का विसर्जन किया, इस बार बिना डीजे और नाच गाने के लोग घरो में विराजे गणेश जी का विसर्जन किया।

# जंगली जानवर फंसाने के लिए बिछाए करंट में खुद चिपका ग्रामीण, जंगल में जला दी लाश

■ वारदात में शामिल 5 आरोपी गिरफ्तार, वनांचल एरिया में हुई वारदात

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जंगली जानवरों को फंसाने के लिए लगाए गए करंट प्रवाहित तार फैलाने वाले कुछ ग्रामीणों में से एक युवक खुद उस करंट के जाल में फंस गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। सिर्फ यही नहीं इस मामले में आरोपियों ने मृतक के परिजनों के साथ मिलकर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से मृत युवक के शव को जंगल में एक नाला किनारे लकड़ी से जला दिया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संगीन धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर 4 आरोपियों को हिरासत में लेते हुए कोर्ट में पेश करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मर्ग जांच के दौरान पाया कि 14 सितंबर को करीब 08 बजे रात में सियाम्बर राठिया, रामनारायण राठिया, चनेश बसोड़, अलताफ राठिया और करन यादव ने मिलकर जंगली सुअर को बिजली करेंट से मारने के लिये सेंट्रिंग छड़ बांधने वाला तार को जंगल में बिछाया। इसमें बिजली खम्भा से करेंट प्रवाहित करने के लिये बांस के डंडा से बिजली तार में फंसा कर श्रीराम राठिया के खेत मेड़ तरफ से फैलाये हुये थे। घटनास्थल पर एक आम झाड़ के पास तार टूटने से रात करीब 9:30 बजे सियाम्बर राठिया के द्वारा तार को जोड़ाई कर रहा था। उसी समय बिजली करेंट से चिपकने से सियाम्बर राठिया की मौके पर मौत हो गई है। इस केस में पुलिस जांच में पाया गया है कि सियाम्बर राठिया, रामनारायण राठिया, चनेश बसोड़, अलताफ राठिया, करन यादव ने जानबूझ कर जीव जंतु या मावन जीवन को मृत्यु कारित होना संभाव्य जानते हुये भी बिना किसी सुरक्षा प्रबंध के फैलाए हुए करंट प्रवाहित सेंट्रिंग तार में चिपकने से सियाम्बार राठिया का मौत हो गई है। पुलिस रिर्पोट के अनुसार घटना के बाद आरोपितों ने एविडेंस छिपाने के उद्देश्य से मृतक सियाम्बर राठिया के शव को जला भी दिए हैं। इस मामले अपराध धारा 105, 238, 3 (5) बी.एन.एस. का घटित करना पाये जाने से कापू थाने में अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन में परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन मुंगेली में परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जश्न ए ईदमिलादुन्नबी पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक साज दृ सज्जा की गई। ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मस्जिदों में नमाज अदा करने मुस्लिम धर्मावलंबी बड़ी संख्या में मस्जिद पहुंचे। मस्जिद, में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अच्छी खासी चहलपहल देखने को मिली। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में नजऱ आया। आकर्षक परिधानों में बच्चे ईद मिलादुन्नबी की ख़ुशी मनाते नजऱ आये। ईद मिला दुन्नबी के मौके पर सुन्नी हनफ़ी मुंगेली मुस्लिमों द्वारा शहर में सोमवार को जुलूस निकाला गया। ईद मिलाद-उन-नबी कमेटी की ओर से जुलूस जामा मस्जिद से होता हुआ पड़ाव चैक, गौरव पथ होते हुए मस्जिद पर पहुंचा। जहां शहर के इमाम और उलेमा ने तकरीरें की और देश में अमन चैन की दुआ मांगी। पैगंबर हजरत के जन्मदिन की सभी वर्गों के लोगो को बधाई दी गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगो ने शांति व अमन का पैगाम देते हुये देश में चल रही समस्या से निपटने की दुआए मांगी जश्न ईद मिलादुन्नबी शांति पूर्वक मनाया इस्लाम के प्राचारक मुस्लिम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद सल्लाहो अलही वसल्लम के योमे विलादत जन्म दिवस को मुस्लिम धर्मालंबियो द्वारा शान्ति पूर्वक मनाया गया। शांति एव सद्भावना का सन्देश लेकर आय पैगम्बर साहब ने पूरी दुनिया में इस्लाम को फैलाया उसी की याद में ईद मिलादुन्नबी के रूप में मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मनाया जाता है। मुस्लिम धर्म के अनुसार 3 ईद होती है जिसमे ईद मिलादुन्नबी सबसे महत्पूर्ण मानी गई है। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर गणेश पंडाल समितियों द्वारा मुस्लिम भाइयों का जोरदार स्वागत के साथ पानी और नाश्ते का इंतजाम कर आपसी भाई चारा का संदेश देकर सभी धर्मो के लोगो ने भाग लिया। बच्चों एवं बुजुर्गो को फल व मिठाई बांटी गई।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रथम दिवस स्वच्छता शपथ, प्रभातफेरी एवं नुक्कड़ नाटक सहित स्वच्छता ही सेवा से संबन्धित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय में महाप्रबंधक ने अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर' 2024 तक "स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत 'स्वभाव-स्वच्छता, संस्कार-स्वच्छता' का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही इसी संदर्भ में 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। इस आयोजन के तहत जोनल मुख्यालय में आज प्रथम दिन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक, नीनु इटियेरा ने सभी विभागाध्यक्षो, अधिकारियों एवं उपस्थित सभी रेल कर्मचारियो को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। ज़ोनल मुख्यालय के साथ साथ तीनों रेल मंडलो में एवं अन्य इकाइयो में भी स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक आयोजित इस स्वच्छता ही सेवा अभियान में प्रत्येक दिवस थीम के अनुसार साफ-सफाई एवं स्वच्छता से संबन्धित विविध कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ आज प्रातः महाप्रबंधक कार्यालय से प्रभातफेरी निकालकर की गई। यह प्रभातफेरी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, तितली चौक होते हुए राहगीरों को स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का संदेश देते हुए स्टेशन में समाप्त हुई। प्रभातफेरी में अपर महाप्रबंधक सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा नागरिक सुरक्षा दल, रेलवे स्कूलों के विद्यार्थी व स्काउट गाइड के बच्चों ने अपनी टीमों के साथ उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बिलासपुर स्टेशन में नागरिक सुरक्षा दल एवं स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा स्वच्छ जागरूकता से संबन्धित नुक्कड़-नाटक की जीवंत प्रस्तुति देकर यात्रियों एवं नागरिकों को कचरा व गंदगी न फैलाने का संदेश दिया। साथ ही नुक्कड-नाटक के माध्यम से ही प्लास्टिक का उपयोग करने से होने वाली दुष्प्रभावों तथा पर्यावरण में फैलने वाली प्रदूषण को दर्शाते हुये सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आग्रह भी किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के आगे की कड़ी में प्रातः 11 बजे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय परिसर में महाप्रबंधक नीनु इटियेरा के द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई । 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के सभी स्टेशनों, रेलवे परिसरों, पटरियों, कार्य क्षेत्रों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता जागरूकता हेतु सभी प्रमुख स्थानों, स्टेशनों तथा कालोनियों में बैनर, पोस्टर लगाये गये हैं, साथ ही सभी स्टेशनों में यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर पर स्वच्छता शपथ का आयोजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी तीनों मंडलों,सभी कार्यालयों, स्टेशनों वर्कशाप, कोचिंग डिपो, गुड्स शेड आदि में किया गया एवं बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर साफ -सफाई एवं स्वच्छता की शपथ ली। स्वच्छता ही सेवा के दूसरे दिन कल दिनांक 18 सितम्बर, 2024 को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सफाई में उपयोग होने वाली मशीनों, बाटल क्रशिंग मशीन की उपलब्धता, डस्टबीनों एवं सामानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

# शराब के कोचियों के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले में आबकारी विभाग इन दिनों अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध महुआ शराब तथा अवैध महुआ लहान संग्रहण पर ताड बतोड़ कार्रवाई कर रहा है,जिसके चलते अवैध कारोबारीयो में काफी दशहत है, तो वहीं आबकारी विभाग द्वारा त्वरित मामले भी दर्ज किये जा रहे हैं,इसी श्रृंखला में सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवम जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के विशेष मार्गदर्शन में जिला-सक्ती में आबकारी विभाग की शराब कोचियों पर दबिश की कार्यवाही की गई है. 16 सितंबर को वृत्त जैजैपुर के ग्राम तुमीडीह में नितेश शांतेय पिता लेखराम शांतेय उम्र 20 वर्ष ग्राम तुमीडीह थाना हसौद के जनरल स्टोर से 08 ली देशी व विदेशी शराब बरामद होने से 34(2) आब अधि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया,उक्त कार्यवाही में वृत्त जैजैपुर प्रभारी घनश्याम प्रधान, आब. उप निरी. कोमल प्रसाद सिदार, आब. आर .रघुनाथ पैकरा, आबकारी स्टाफ परसराम कहरा बसंती चौधरी व वाहन चालक कमलेश यादव का योगदान रहा।

# विधायक चातुरी नंद की उपस्थिति में खम्हारपाली वजन त्यौहार का आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खम्हारपाली ,सेक्टर रुढा,परियोजना सरायपाली में वजन त्यौहार का आयोजन गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते क्षेत्रीय विधायक चातुरी नन्द ने ग्रामवासियों को जानकारी दी कि आंगनबाड़ी केंद्र में पालकगण अपने बच्चों का नियमित वजन अवश्य कराऐं कुपोषण को खत्म करने के लिए ही यह राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक चातुरी नंद द्वारा गर्भवती महिला की गोदभराई रस्म व बच्चे की अन्नप्राशन कराई गई, गर्भवती माता, शिशुवती माता को पौष्टिक भोजन लेने हेतु विधायक चातुरी नंद द्वारा प्रेरित किया गया । जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने आगे ग्रामवासियों




को यह भी जानकारी दी कि आंगनवाड़ी पर हर माह वजन लिया जाता है व बच्चों के वजन का स्तर बताया जाता है इसके साथ-साथ में किशोरी बालिकाओं को रेडी टू ईट का वितरण किया नियमित रूप से नियमानुसार किया जाता है उसके साथ ही एनीमिक महिलाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट भी किया जाता है। इस अवसर पर गर्भवती, शिशुवती महिला,किशोरी बालिका सहित महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बताया गया कि महिला इतनी जागरूक हों कि हीमोग्लोबिन 11 ग्राम या उससे ज्यादा हो तभी वह गर्भधारण करें तो बेहतर है जिससे बच्चा गर्भ में अपना पूर्ण विकास कर सके। पूर्ण गर्भधारण काल में गर्भवती को पौष्टिक पोषण लेना आवश्यक है। इसके लिए गर्भवती को दिन में बार-बार पौष्टिक व संतुलित खाना खाते रहना चाहिए। गर्भधारण काल के दौरान समय-समय पर डॉक्टर से चेकअप करवा कर पौष्टिक गोली आयरन और कैल्सियम,फोलिक एसिड डाक्टर के दिए गए निर्देश अनुसार खानी चाहिए। आंगनवाड़ी में मिलने वाला पौष्टिक रेडी टू ईट का गर्भवती स्वयं उपयोग करें क्योंकि वह बहुत पौष्टिक होता है। यदि महिला एनीमिक है तो उसका बच्चा भी कमजोर होगा और जब बच्चा कमजोर होगा तो उसका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाएगा।एनीमिक महिला है तो उसको भी कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक नुकसान हो सकते हैं। जिसका खामीआजा उसे स्वयं ही भुगतना पड़ता है। इसके पश्चात महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी गेंदराम नारंग ने कहा कि एनीमिया की 70त्न समस्या वैसी ही हल हो जाएगी जब आप पौष्टिक भोजन और आयरन व कैल्सियम,फोलिक एसिड लें, साथ ही यदि पौष्टिक व्यंजन आपको लेना है तो इसके लिए महतारी वंदन की राशि सरकार द्वारा प्रतिमाह दिया जाता है, जिसे अपने स्वास्थ्य के लिए उपयोग कर अपने सेहत में सुधार ला सकती है। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पौष्टिक व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई गई.जिसमें यह दर्शाया गया कि इसमें सभी प्रकार के पौष्टीक तत्व होते हैं जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फलों का भी उपयोग करने प्रेरित किया गया. आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेक्टर पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला, सिंधुलता, संजू भोई, सुशीला, गीता, उतरा नायक, पूर्णिमा नायक विश्वनाथ नायक निर्मल बढ़ई रविशंकर साहू मित्रभानु प्रधान बसंत साहू चक्रधर साहू (सचिव) के साथ साथ बड़ी संख्या में बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे।

# अनंत चतुर्दशी पर्व पर विघ्नहर्ता श्रीगणेश की मूर्तियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी शहर रायपुर में अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व अवसर पर प्रथम पूज्य देव विघ्नहर्ता श्रीगणेश की मूर्तियों का श्रद्धापूर्वक विसर्जन करने महादेवघाट के समीप नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा दी गयी विसर्जन कुण्ड की व्यवस्था के अंतर्गत मूर्ति विसर्जन करने श्रीगणेश भक्तों का मेला आज सुबह से लग गया है. भक्तजन श्रीगणेश की घरों एवं पंडालों में बिठायी मूर्तियों को लाकर नगर निगम के विसर्जन कुण्ड में उपलब्ध क्रेन एवं रोलिंग मशीन की सहायता से पूजा - अर्चना, आरती के बाद नम आँखों से गणपति बप्पा को दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर्व पर बिदाई देने जुटे हैं. जानकारी दी गयी है कि नगर निगम के विसर्जन कुण्ड में महादेवघाट के समीप आज दोपहर 1 बजे तक श्रद्धालुजनों द्वारा श्रीगणेश की 2228 छोटी मूर्तियों एवं 234 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया जा चुका है. श्रीगणेश की मूर्तियों के श्रद्धापूर्ण विसर्जन का सिलसिला तेजी के साथ विसर्जन कुण्ड स्थल पर श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा निरन्तर जारी है. नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर जिला प्रशासन के निर्देश पर रायपुर जिला पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर माननीय एनजीटी, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल के दिशा - निर्देश के अनुरूप प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी परम्परागत तरीके से विसर्जन व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से विसर्जन कुण्ड में दी गयी है. इस हेतु 8 - 8 घंटे की तीन पालियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जोनवार ड्यूटी 17 सितम्बर से लेकर 23 सितम्बर तक लगायी गयी है। क्रेन, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, फर्स्ट एड मेडिकल कैंप लगाया गया है. नगर निगम सहित गृह विभाग, होम गार्ड, सीएमएचओ का सहयोग निर्देशानुसार प्रशासनिक व्यवस्था में मिल रहा है। इस हेतु नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पूर्व में ही आवश्यक निर्देश प्रशासनिक तौर पर श्रीगणेश मूर्तियों की विसर्जन व्यवस्था देने जारी किये हैं एवं इस हेतु एक समिति गठित की है।

# पीसीओएस को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित रखने के टिप्स

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल सितंबर को पीसीओएस जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रिशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट ने कहा भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। पीसीओएस के लक्षणों में अनियमित माहवारी, पुरुष हॉर्मोन का बढ़ना, ओवरी में सिस्ट, वजन बढ़ना, एक्ने, शरीर पर ज्यादा बाल आना और प्रजनन समस्याएं शामिल हैं। इन लक्षणों को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने के लिए जानी-मानी आहार विशेषज्ञ और वेलनेस कंसल्टेंट, शीला कृष्णास्वामी संतुलित और स्वच्छ आहार लेने की सलाह देती हैं। वे कहती हैं कि बादाम, हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें और साबुत अनाज जैसे प्राकृतिक खाद्य पदार्थ खाना जरूरी है, क्योंकि इससे शरीर को सही पोषण मिलता है और समग्र सेहत में सुधार होता है। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों का चयन करें: पीसीओएस को नियंत्रित करने के लिए दालें, साबुत अनाज, सीड्स और बादाम जैसे नट्स, जिनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, काफी फायदेमंद होते हैं। इनसे ब्लड शुगर के स्तर पर नियंत्रण रहता है और इंसुलिन के फास्टिंग स्तर को कम करने में मदद मिलती है। रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने से न केवल ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है, बल्कि वजन भी सही बना रहता है और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (बैड कोलेस्ट्रॉल) भी कम हो जाता है। इससे पीसीओएस के लक्षणों में सुधार और समग्र सेहत बेहतर हो सकती है। संतुलित आहार को प्राथमिकता दें: पीसीओएस को नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है, जिसमें फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, फलियां और बादाम जैसे नट्स शामिल हों। बादाम खासतौर पर हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर के लिए जाना जाता है, जो पेट भरा हुआ महसूस कराता है और वजन नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा, बादाम में मैग्नीशियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर-एनआईएन) की डाइटरी गाइडलाइन में भी बादाम जैसे पौष्टिक नट्स को रोजाना खाने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये अच्छी सेहत के लिए फायदेमंद हैं। नियमित शारीरिक गतिविधि: पीसीओएस को नियंत्रित करने के लिए रोज़ाना एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है। ब्रिस्क वॉकिंग, स्विमिंग, कोई खेल खेलना या योग करने से वजन को नियंत्रित रखने और इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ाने में मदद मिलती है। ये दोनों चीजें पीसीओएस के लक्षणों को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में सहायक होती हैं।

# कोलता समाज द्वारा नुआखाई मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज द्वारा आयोजित नुआखाई मिलन एवं सम्मान समारोह 2024 बेलडीह में सेजेस सरायपाली में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत,नृत्य कला में पारंगत कु. अनुष्का प्रधान ,पिता अजय प्रधान (व्याख्याता गिधली) को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कु.अनुष्का प्रधान राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ - साथ सेजेस स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भिलाई (दुर्ग) में सराहनीय प्रस्तुति दे चुकीं हैं एवं सिरपुर महोत्सव में अपने नृत्य कला का उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर चुकीं हैं तथा विभिन्न मंचों पर संबलपुरी,छत्तीसगढ़ी गीतों नृत्य कर खूब वाहवाही बटोर चुकीं हैं। सामाजिक बंधुओं द्वारा इस वृहद मंच पर कु. अनुष्का प्रधान को प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो,शाल,श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए जाने पर समाज के पदाधिकारियों एवं परिवारजनों,शाखा सभा तोषगांव से रामधारी पात्र,संजय प्रधान,धरणीधर साहू ,प्रकाश प्रधान,प्रवीण भोई, आंचलिक सरायपाली से ललित साहू,देवेंद्र




भोई,प्रदीप साहू,क्षितिपति साहू,राजेश प्रधान,किशोर भोई आंचलिक बसना पिथोरा,महासमुन्द, रायपुर और भिलाई के पदाधिकारियों के साथ संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू, महामंत्री मथामणी बढ़ाई एवं विजय शंकर विशाल,पूर्व पदाधिकारी सुवर्धन प्रधान,हरिचरण प्रधान,व्यास देव भोई,महिला पदाधिकारी मंदाकिनी साहू,त्रिवेणी बढ़ाई,सीमा रानी प्रधान आदि के साथ गुरुजनों,इष्टमित्रों,रिश्तेदारों आदि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। .इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक जनमहिला पुरुष उपस्थित थे।

## तहसीलदार नीलमणि दुबे के विरुद्ध किए जा रहे षड्यंत्र की सर्व ब्राह्मण समाज ने निंदा की है

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उपप्रांत अध्यक्ष लेखमणि पांडे, जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा सहित पदाधिकारियो ने तहसीलदार नीलमणि दुबे पर अनावश्यक दबाव बनाकर प्रताड़ित करने के प्रयास की कटु शब्दों में निंदा की है। दुबे कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष और बेदाग छवि के अधिकारी हैं। किसी भी दबाव में नहीं झुकने वाले तथा संघ के माध्यम से समस्याओं को बेबाक रखते रहते हैं, जिसके कारण से उन्हें अनावश्यक दबाव बनाकर परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। समाज शीघ्र ही मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल से मिलकर प्रताड़ित करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग को लेकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

## पूर्व संगठन मंत्री राम प्रताप सिंह ने रायपुर के श्री बालाजी अस्पताल पहुंचकर बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल से की मुलाकात



**रायपुर।** पूर्व संगठन मंत्री राम प्रताप सिंह ने रायपुर के श्री बालाजी अस्पताल पहुंचकर बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा विधायक को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दी।

## कलिंगा विश्वविद्यालय ने उर्मिला मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



पहला धन स्वास्थ्य है - यह उद्धरण इस बात पर जोर देता है कि अच्छा स्वास्थ्य वह आधार है जिस पर हमारे जीवन के अन्य सभी पहलू निर्मित होते हैं। स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और उनकी रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना है। कलिंगा विश्वविद्यालय ने उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, रायपुर के सहयोग से विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के लाभार्थ एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। चिकित्सा शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में छात्र कल्याण विभाग की डीन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर की देखरेख में और टीम के सदस्यों के सहयोग से किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने किया, साथ ही टीम के अन्य सदस्यों में कुलानुशासक डॉ. ए. विजयानंद, प्रभारी छात्र कल्याण अधिष्ठाता- लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, छात्र कल्याण के उप अधिष्ठाता - शेख अब्दुल कादिर, सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता- निकिता जोशी, स्टाफ नर्स- सुमन चौहान, स्टाफनर्स- कुलदीप सिंह, और अन्य शामिल थे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। उर्मिला मेमोरियल अस्पताल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी- डॉ. संज्ञा श्रीवास्तव, कॉरपोरेट हेड- राजेश दुबे और मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव- चंद्रकांत गुप्ता के नेतृत्व में उर्मिला अस्पताल की मेडिकल टीम के साथ नर्सिंग स्टाफके सदस्य थुपेंद्राय, सोनामणि, गीतेश्वरी, सोमनाथ और दिनेश शामिल थे।

# एनएमडीसी किरंदुल सिविल विभाग में किया गया विश्वकर्मा पूजा

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



विश्व की सर्वोत्तम गुणवत्तायुक्त एवं देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना के सिविल विभाग में मंगलवार को विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया।सिविल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया।ततपश्चात प्रसाद वितरण की गई।इस दौरान एस के पांडेय उप महाप्रबंधक (सिविल ),वेंकटेश्वरलू सहायक महाप्रबंधक (सिविल),एस पी राजु वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल),महेश कुमार संबेटा वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल),डी भास्कर प्रबंधक (सिविल),बी श्रीनिवास राव प्रबंधक (सिविल) उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में फार्मेसी पेशे को बढ़ावा देने में एपीटीआई की भूमिका विषय पर हुई बैठक

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में फार्मेसी पेशे को बढ़ावा देने में एपीटीआई की भूमिका विषय पर आधारित, एपीटीआई छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के सहयोग से कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, रायपुर में एक बैठक आयोजित की गई । बैठक के दौरान आमंत्रित वक्ताओं द्वारा फार्मेसी के क्षेत्र में अनुभव और यात्रा को साझा किया गया, जिसमें डॉ. दीपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, एपीटीआई मध्य क्षेत्र, डॉ. अंबर व्यास अध्यक्ष, एपीटीआई सीजी राज्य शाखा, डॉ. शेखर वर्मा उपाध्यक्ष शामिल थे। , एपीटीआई सीजी राज्य शाखा, डॉ. अजाजुद्दीन उपाध्यक्ष, सीजी राज्य शाखा, डॉ. शिव शंकर शुक्ला सचिव। एपीटीआई राज्य शाखा, डॉ. विशाल जैन एसोसिएट प्रोफेसर, यूआईओपी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, उपाध्यक्ष, आईपीजीए, सीजी राज्य शाखा, पूर्व उपाध्यक्ष एपीटीआई सीजी राज्य शाखा ने बैठक की अध्यक्षता की, डॉ. बीना गिडवानी एपीटीआई राज्य शाखा, डॉ. नागेंद्र सिंह चौहान औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर इत्यादि शामिल थे। बैठक का संचालन डॉ. नेहा दुबे सहायक प्रोफेसर ने किया बैठक में फार्मेसी संकाय के सभी शिक्षक, एम फार्मेसी के विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित थे। किशोर जादवानी, अध्यक्ष, श्री. संस्था के सचिव हरजीत सिंह हुरा और फार्मेसी संकाय के प्राचार्यों ने विशिष्ट अतिथि को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया।

## डांस प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित डांस प्रतियोगिताओं में विधायक चातुरी नंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। विधायक नंद ने दीप प्रज्वलित कर डांस प्रतियोगिताओ का भव्य शुभारंभ किया।विधायक नंद ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि डांस प्रतियोगिताओ के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के छिपी हुई प्रतिभाओं को एक मंच मिलता है जिससे वे आगे बढ़ते है। उन्होंने शानदान आयोजनों के लिए आयोजक समितियों को धन्यवाद दिया है। विधायक चातुरी नंद ने ग्रामवासियों से ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने ग्राम झारबंद में माता जसगीत गाकर उपस्थित ग्रामवासियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, सरपंच दीपक साहू, नीलांचल भोई, लोकनाथ पटेल, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग गरियाबंद (छ.ग.)**
Phone No.:- 07706-241533, Fax No.-07706-241488 Email :- eepwd.gbd-cg@gov.in

ज्ञाप क्रं./4652/NIT-07/2024-25/व.ले.लि. गरियाबन्द, दिनांक 13/09/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 03.10.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 09.10.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 10.10.2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे
4. निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750/-
5. कार्य की अवधि :- 02 माह
6. निविदा प्रपत्र :- A
7. ठेकेदार की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अन्तर्गत द-श्रेणी से अ-श्रेणी तक

| एन.आई.टी./ निविदा क्रमांक | कार्य का नाम/No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)/ अमानत राशि/बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 07 T0014 | Construction of Guard Room and Barbet Wire Fencing Work in Boundrywall at Civil Court Gariaband (प्रथम आमंत्रण) | 8.67 6510.00 130050.00 |
| 07 T0015 | Construction of Septic Tank and Ladies & Gents Toilet Vayavhar Nyalay Rajim (प्रथम आमंत्रण) | 4.60 4600.00 69000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग गरियाबंद (छ.ग.)

G-242502552/3



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., सेतु निर्माण मंडल, रायपुर (छ.ग.)**
**आकाशवाणी के पिछे सिरपुर भवन, रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. - 0771-4091255, ईमेल-sebr.raipur@nic.in

ज्ञाप क्रं.2491/ /सा/2024 रायपुर, दिनांक 13/09/2024

**// निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण) //**

(निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 25.09.2024, समय-17:30 बजे तक)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| एन.आई.टी.क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01/155513 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत जिला बेमेतरा के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल पुल कार्यों का सर्वे एवं बोरिंग (डबल बैरेड) का कार्य। | रू. 24.86 लाख |
| 02/158526 | उपसंभाग राजनांदगांव के अंतर्गत जिला राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल पुल कार्यों का सर्वे (डबल बैरेड) का कार्य। | रू. 29.12 लाख |
| 03/158531 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग दुर्ग के अंतर्गत जिला दुर्ग के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल पुल कार्यों का सर्वे एवं बोरिंग (डबल बैरेड) का कार्य। | रू. 33.03 लाख |
| 04/158549 | वर्ष 2024-25 के लिये सेतु उपसंभाग क्र.1 रायपुर अंतर्गत बोरिंग का कार्य। | रू. 48.52 लाख |
| 05/158552 | वर्ष 2024-25 के लिये सेतु उपसंभाग क्र.2 रायपुर अंतर्गत बोरिंग का कार्य। | रू. 38.05 लाख |
| 06/158556 | वर्ष 2024-25 के लिये सेतु उपसंभाग धमतरी अंतर्गत बोरिंग का कार्य। | रू. 38.15 लाख |
| 07/158563 | वर्ष 2024-25 के लिये सेतु उपसंभाग क्र.3 रायपुर अंतर्गत बोरिंग का कार्य। | रू. 28.64 लाख |
| 08/158568 | वर्ष 2024-25 के लिये सेतु उपसंभाग गरियाबंद अंतर्गत बोरिंग का कार्य। | रू. 27.44 लाख |
| 09/158573 | वर्ष 2024-25 के लिये सेतु उपसंभाग महासमुंद अंतर्गत बोरिंग का कार्य। | रू. 38.05 लाख |
| 10/158637 | लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग, कांकेर अंतर्गत सेतु उपसंभाग कांकेर के विभिन्न पुलों हेतु बोरिंग कार्य। | रू. 52.98 लाख निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 27.09.2024, समय-17:30 बजे तक |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदि विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. सेतु मण्डल,रायपुर (छ.ग.)

G-242502556/4



पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013

DCB BANK

**कब्जे का नोटिस**

अधोहस्ताक्षरी, डीसीबी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन (2002 का 54) के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तारीखों पर एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ताओं (उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता) को नोटिस में उल्लिखित राशि को, जैसा कि सारणीबद्ध रूप में नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर उस पर अतिरिक्त ब्याज सहित चुकाने के लिए कहा गया।
उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित नियम, 2002 की धारा 14(1) के साथ नियम 8 को भी पढ़ें, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है।
उधारकर्ता, विशेष रूप से सह-उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति (अचल संपत्ति का विवरण) के साथ लेनदेन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन नीचे उल्लिखित संबंधित राशि के लिए डीसीबी बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| प्रतीकात्मक कब्जे की तिथि 12 सितंबर, 2024 | |
|---|---|
| मांग नोटिस दिनांक : | 09-05-2024 |
| उधारकर्ता(ओं) और सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम : | मेसर्स एयर फेयर कूलिंग सिस्टम (इसके मालिक श्री सय्यद मिस्बा अहमद के माध्यम से), श्री सय्यद मिस्बा अहमद और श्रीमती सैय्यदा शकेरा बेगम |
| ऋण खाता संख्या : | 21242600000107/21241600000046 |
| कुल बकाया राशि : | रु. 79,94,156.13 (रुपये उनासी लाख चौरानबे हजार एक सौ छप्पन और तेरह पैसे मात्र) 9 मई 2024 तक |

अचल संपत्ति का विवरण - प्रॉपर्टी का पूरा टुकड़ा, केएच. नंबर. 195/5 का हिस्सा, 640 वर्ग फीट कार्पेट एरिया, 550 वर्ग फीट निर्मित एरिया, फोन नंबर 105, चौरसिया कॉलोनी, मौजा - मठपुरैना, दूरभाष और जिला रायपुर में स्थित है। छग. जो पूर्व में - श्री सिद्दीकी का प्लॉट, पश्चिम रोड, उत्तर में - श्रीमती की जमीन से घिरा है। बलवंत कौर, दक्षिण - सौम्या कश्यप की भूमि (सुरक्षित संपत्ति)।

| प्रतीकात्मक कब्जे की तिथि 12 सितंबर, 2024 | |
|---|---|
| मांग नोटिस दिनांक : | 16-05-2024 |
| उधारकर्ता(ओं) और सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम : | मेसर्स तिवारी टायर्स (इसके मालिक श्री संतोष कुमार तिवारी के माध्यम से), श्री संतोष कुमार तिवारी, श्री रितेश कुमार तिवारी और श्रीमती बालेश्वरी तिवारी |
| ऋण खाता संख्या : | 12541600000019/12556200000019/12556500000019 |
| कुल बकाया राशि : | रु. 69,89,206.44 (रुपये उनहत्तर लाख नवासी हजार दो सौ छ और चौवालीस पैसे मात्र) 15 मई 2024 तक |

अचल संपत्ति का विवरण : आवासीय संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल, खाता संख्या 33/3, 33/5, क्षेत्रफल 1300 वर्ग फीट, 525 वर्ग फीट, कुल क्षेत्रफल-1825 वर्ग फीट, पीएच नंबर 14/ए, एम. जी. रोड, गांधी चौक, बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़ में स्थित। (सुरक्षित संपत्ति)

दिनांक : 18.09.2024
स्थान : रायपुर

डीसीबी बैंक लिमिटेड के लिए
प्राधिकृत अधिकारी

# अंतत: परंपरा बनी रही... देर शाम झांकियां अपने रुट पर पहुंची, नगरवासियों में आयोजन को लेकर उत्साह बना रहा

## असमंजस के बीच लंबी प्रशासनिक कवायद और समितियों की सहमति पर बनी बात





पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

उथल-पुथल और मान-मनौव्वल के बीच लंबे वक्त तक संशय बने रहने के बाद आखिरकार संस्कारधानी में परंपरा अनुसार विसर्जन झांकिया निकाली जाने की तैयारियां देर शाम तक पूरी कर ली गई। निर्धारित रुट के मुताबिक झांकिया अपनी-अपनी जगहों पर पहुंच चुकी थी। झांकियों के कारीगर इसकी टेस्टिंग और दूसरे बंदोबस्त बनाने में जुटे हुए थे। शाम के साथ ही पुलिस प्रशासन ने तय रुट पर सख्ती बढ़ा दी और झांकियों के लिए रास्ता तैयार करने में जुट गए। दूसरी ओर जिला प्रशासन के अधिकारी भी इस आयोजन में सक्रिय रहे। डीजे को अनुमति न मिलने के चलते लगातार झांकियों के निकलने को लेकर असमंजस की स्थिति बन रही थी। अंततः सोमवार की रात प्रशासन और समितियों की बैठक के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई। नगरवासियों में भी झांकी के उत्सव को लेकर उत्साह बना हुआ है। मंगलवार कर पूरी रात झांकियां शहर के अलग अलग मार्गों से होते हुए विसर्जन के लिए आगे बढ़ेगी। पूरी रात हजारों की भीड़ इसका हिस्सा बनेगी। शहर के अलावा दूर-दराज से भी लोग झांकियां देखने यहां पहुंचते हैं। आयोजन के लिए 700 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। झांकियां रास्ते में न अटकें इसके लिए एक महीने पहले से तैयारियां की जा रही थीं। बेहतर विकल्प लेकर समितियों के साथ बैठकर रुट निर्धारित किया गया है। इस बार भी 30 से अधिक झांकियां निकाले जाने की जानकारी है। राजनीतिक दल, निगम और दूसरी समितियां द्वारा अलग-अलग स्थानों पर मंच बनाकर झांकियों के स्वागत की व्यवस्था की गई है। विभिन्न माध्यमों से झांकियों का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। शहर की सरहदों पर जांच भी तेज कर दी गई है। निकाय क्षेत्र में शराब दुकानों के बंद होने से शराब की तस्करी का संदेह बना हुआ है। वहीं 17 सितंबर की शाम से डोंगरगांव, डोंगरगढ़ इलाके में शराब दुकानें बंद कर दी गई है जो कि 19 सितंबर को खुलेगी। खैरागढ़ में भी 18 सितंबर को शराब दुकान बंद रहेगी।

# देश भर के लिए स्वीकृत पीएम आवास में 30 प्रतिशत छग को: कमलेश सारस्वत

## 2044 करोड़ की पहली किस्त मिलने पर महिला मोर्चा ने आभार जताया

पायनियर संवाददाता ◀ अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास हेतु छत्तीसगढ़ के हितग्राहियों को 2044 करोड़ की किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी किए जाने पर जिला भाजपा महिला मोर्चा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया है। जिला भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मती कमलेश सारस्वत ने कहा कि, अपनी छत को सपना संजोने वाले गरीब परिवारों के लिए ये बड़ी सौगात है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पीएम आवास योजना को रोक दिए जाने से हितग्राही निराश थे। भाजपा सरकार में इन परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हो रहा है।

उन्होंने बताया कि, 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 5 लाख 11 हजार पीएम आवास हितग्राहियों के लिए 2044 करोड़ की पहली किस्त जारी की गई है। बड़ी उपलब्धि है कि देशभर में स्वीकृत आवासों में 30 प्रतिशत हिस्सा छत्तीसगढ़ को मिला है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देने का लक्ष्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने रखा है। जबकि 8 लाख 46 हजार 932 हितग्राहियों को पैसे जारी किए जा चुके हैं। जिला अध्यक्ष मती सारस्वत ने कहा कि, सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास हेतु प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनहितैषी योजनाओं के निर्धारण और क्रियान्वयन के लिए दिन-रात एक कर चुके हैं। डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ नए नई गति के साथ अपनी विकासशील यात्रा पर अनवरत आगे बढ़ रहा है। उद्योगों की स्थापना हेतु सरकार ने बड़ी पहल की है। सिंगल विंडो सिस्टम लांच किए जाने से व्यपारियों और बड़े उद्यमियों को छग में व्यवसाय का सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण मिला है। फसल का बेहतर भुगतान किसानों को मिल रहा है। माताओं ड्ड बहनों को प्रति माह महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। प्रदेश का गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी वर्ग विष्णु के सुशासन में संतुष्ट और समृद्ध हो रहे हैं।

# प्राणघातक हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

■ ग्राम दीवानटोला के गणेश पंडाल में रिकॉर्डिंग डांस के दौरान दिया था घटना को अंजाम

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




ग्राम दीवानटोला में ग्रामीणजन गणेश पण्डाल के पास रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता के लिये इकट्ठा हुये थे पास में ही गांव के असामाजिक प्रवृत्ति के आरोपीगण के द्वारा आशिष कुमार टोडर, हेमलाल टोडर एवं हुसैन बांधे मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर रहे थे गाना बजाना बंद करों कहकर चिल्ला रहे थे इस दौरान गांव के जितेन्द्र नेताम, चुम्मन लाल उईके और मलेश नेताम उन्हे समझाने गये कहने लगे कि गांव में पुजा पाठ का महौल है गांव के बेटी बहू इकट्ठा हुये है तुम लोग यहां गाली गलौज कर रहे हो गांव का महौल खराब कर रहे हो कहने पर आशिष कुमार टोडर तुम लोग बहुत ज्यादा गांव मे सियानी कर रहे हो कह कर तीनों आरोपीगण एक राय होकर एक धारदार हथियार से हत्या करने के नियत से ताबडतोड वार जितेन्द्र नेताम पर किये जितेन्द्र नेताम के मुंह नाक एवं सीने में गंभीर चोटे आयी मलेश नेताम के सिर में वार किये एवं चुम्मन उईके के कान में वार किये जिससे उन्हे चोटे आयी । जितेन्द्र नेताम को गंभीर होने पर राजनांदगांव ईलाज हेतु रिफर किया गया शेष दो आहत मलेश नेताम एवं चुम्मन उईके को प्राथमिक उपचार पश्चात डिस्चार्ज किया गया घटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया आरोपियों के पतातलाश हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव ाहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में टीम गठित की गई जो आरोपी हेमलाल गांव में उपस्थित मिला शेष दो आरोपी घटना पश्चात दुर्ग भाग गये थे, जिसके पतसाजी हेतु टीम दुर्ग रवाना हुई थी जहा से आरोपी आशीष टोडर एवं हुसैन बंधे को दुर्ग से अभिरक्षा में लिया गया आरोपी आशिष टोडर से घटना में प्रयुक्त हथियार को उसके निशांनदेही पर बरामद पर जप्त किया गया तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास उपनिरीक्षक ओमसाहू एवं आरक्षक 160 देवीप्रसाद साहू, आरक्षक 460 फुलेन्द्र राजपुत, आरक्षक 1546 सत्येन्द्र, आरक्षक 1432 द्वारिका कलारी का विशेष योगदान रहा।

# मजदूर दिवस पर भारतीय मजदूर संघ की रैली

## संघर्ष का इतिहास है मजदूर संघ: संतोष पाण्डेय

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय श्रम दिवस भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ ने शहर में रैली का प्रदर्शन किया, जो शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुये महावीर चौक में समाप्त हुई। यहां पर सार्वजनिक सभा का भी आयोजन किया गया था। रैली व सार्वजनिक सभा के पूर्व गांधी सभागृह म्यूनिस्पल स्कूल में मजदूर सम्मेलन हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुये पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने भारतीय मजदूर संघ को देशभक्त मजदूरों का संगठन बताते हुये कहा कि 23 जुलाई सन् 1955 को अपनी स्थापना के चंददिनों के भीतर ही भारतीय मजदूर संघ ने ट्रेड यूनियन क्षेत्र में अपना सिक्का जमा लिया। भामसं देश के सबसे बड़े श्रमिक संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त है। भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में बताया कि श्रमिक सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन-अर्चन किया और कहा कि भारतीय मजदूर संघ संघर्ष के नये इतिहास का जन्मदाता है। जब-जब देश पर विदेशी विपत्ति आई तब-तब मजदूर संघ के कार्यकर्ता देशसेवा के लिये आगे आये। सम्मेलन को वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, सुदर्शनदास मानिकपुरी, हमाल नेता ठाकुरराम, भामसं के जिला मंत्री नरेश साहू, पहुप दास ने संबोधित किया। अध्यक्षता भामसं के जिला अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा ने किया। सम्मेलन में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, रामजी भारती, भरत लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### पुलिस ने गुम बच्चे को मिलाया परिजनों से

**राजनांदगांव।** बिरेन्द्र यादव निवासी बसंतपुर थाना बसंतपुर आकर बताया कि इसका लडका लीलाधर यादव उम्र 11 वर्ष कल दिनांक 16.09.24 को दोपहर 12 बजे अपने घर से गणेश देखने जा रहा हूं कहकर निकला है जो अभी तक घर वापस नही आना बताने पर थाना प्रभारी सत्यनारायण द्वारा त्तकाल गुम बालक का पता तलाश करने टीम गठित कर गुमशुदा बालक का सकुशल पता कर उसके पिताजी बिरेन्द्र यादव को गुमशुदा उसके पुत्र को सुपुर्दकिया गया उक्त सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी सत्यनाराण देवागन ,म0प्र0आर0 197 मेनका साहू, प्र0आर0 991 दीपक जायसवाल, आरक्षक 1312 प्रवीण मेश्राम, प्र0आर0 592, आर0 1527 की भुमिका सराहनीय रही ।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत भेलवा तालाब से की गई

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूवात की गई। भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने सब के सहयोग से किया जा रहा है। दुर्ग विधानसभा सांसद विजय बघेल, संभाग आयुक्त एस यन राठौर, दुर्ग कलेक्टर सुश्री त्रृच्चा प्रकाश चैधरी, महापौर नीरज पाल, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज ,जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ,एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवयी निगम भिलाई आयुक्त अशोक द्विवेदी, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में नेहरू नगर चैंक स्थित भेलवा तालाब में किया गया। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन 01 कार्यालय में सभी ने स्वच्छता ई सेवा शपथ लिया गया। सभी ने संकल्प लिया हम खुद भी श्रमदान करेंगे और दूसरे लोगों को भी कम से कम 100 लोगों से और करने के लिए प्रेरित करेंगे । फिर सब लोगों ने मिलकर तालाब में साफसफाई कर के श्रमदान किया। सांसद विजय बघेल ने सभी से आग्रह किया की स्वच्छता सतत चलने वाली प्रक्रिया है। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं सफाई रखना है हमारी दादी नानी रोज सुबह घर के अंदर बाहर झाड़ू लगाकर गोबर लिप करके साफ - साफसफाई करते थे।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का नगर में शँखनाद, नगर पंचायत की रैली एवं स्वच्छता के लिए शपथ




पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का नगर पंचायत में शँखनाद हुआ। नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता रैली निकालकर नागरिकों को जागरूक किया गया। वहीं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। यह पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 01 अक्टूबर तक संचालित होगा। नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पंचायत कार्यालय से स्वच्छता मे कार्यरत वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। इस मौके पर अध्यक्ष हीरा निषाद, उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, पार्षद मति वैशाली बोरकर, डीकेश साहू, रविन्द्र मंडलोई सहित समस्त पार्षदगण एवं सीएमओ विनम्र जेमा, निकाय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मी नागरिक उपस्थित थे। इस संदर्भ में सीएमओ विनम्र जेमा ने पॉयनियर को बताया कि नगर मे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्कूलों मे प्रतियोगिता, श्रमदान, प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु जागरूकता रैली, एक पेड़ माँ के नाम, सफाई मित्र व सुरक्षा शिविर जैसे आयोजन होंगे।

### भाजपा की अस्पताल में सेवा

भाजपा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ मरीजो की सेवा से किया। इस मौके पर दिनेश गाँधी, जागृति यदु, गुलशन हिरवानी, चुन्नी यदु, रामकुमार गुप्ता, दिनेश साहू, सरिता ढीमर, अंजू त्रिपाठी, सतीश पांडे, डिकेश साहू, योगेश पटेल, अजय वैष्णव, बीरेंद्र साहू, मनीष साहू, प्रवेश ठाकुर, कोमल साहू, लल्ला यदु सहित अनेक भाजपाई थे।

# मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन, 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

केंद्र में बैठी मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सांसद संतोष पांडे ने आज भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियां को साझा किया। सांसद संतोष पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मूलमंत्र को लक्ष्य बनाकर देश के विकास का जो संकल्प व्यक्त किया था, अपने इस कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में इस पर उन्होंने तेजी से अमल किया है। इन प्रथम 100 दिनों में ही लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएँ शुरू करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केंद्र सरकार 2047 तक ''विकसित भारत'' के लक्ष्य-पथ पर तेज रफ्तार से बढ़ रही है। देश की आधारभूत संरचना समेत 140 करोड़ देशवासियों के कल्याण के लिए मोदी-सरकार की प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत बजट प्रावधानों ने किया था। पहले 100 दिनों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्त्व में शुरू की गई परियोजनाओं में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4, किसान हितैषी योजनाएं, मध्यम वर्ग को राहत हेतु विभिन्न कार्यक्रम, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, ओबीसी, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों का सशक्तिकरण, वक्फ(संशोधन) विधेयक, 2024, सुलभ स्वास्थ्य सेवा की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ नेता रहे मौजूद आज आयोजित पत्रकार वार्ता में रमेश पटेल, खूबचंद पारख, भरतलाल वर्मा, रामजी भारती, सचिन सिंह बघेल, नीलू शर्मा, विनोद खांडेकर, गिन्नी चावला, अमर लालवानी, गोलू सूर्यवंशी उपस्थित थे।

## कॉम्प्लेक्स नीलामी के बाधक तत्वों के मुँह पर तमाचा, मेनरोड की दुकानें खरीदने लगी व्यापारियों की होड़

# जनपद पंचायत के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की हुई नीलामी

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




स्टेटहाइवे किनारे निर्मित जनपद पंचायत डोंगरगांव के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के दुकानों की आखिरकार नीलामी हो गई। दो बार यदाकदा कारणों से स्थगित होने के बाद 16 सितंबर को नीलामी के लिए प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम के मार्गदर्शन एवं सीईओ नवीन की उपस्थिति में जनपद सभागार में नीलामी की प्रक्रिया बगैर किसी व्यवधान के संपादित की गई है। नीलामी से जनपद को लगभग एक करोड़ से अधिक की नीलामी प्रतिभूति राशि प्राप्ति हुई है। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत द्वारा 2023 में जनपद के राजस्व आय के दृष्टिकोण से जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू एवं उपाध्यक्ष सुयश नाहटा के पहल एवं सत्तापक्ष सदस्यों सहयोग से मेनरोड किनारे 5 दुकानों वाली शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया था। उक्त कॉम्प्लेक्स के दुकानों की नीलामी के लिए सामान्य सभा मे निर्णय मुताबिक सर्वप्रथम फरवरी 2024 में प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, हालांकि लोकसभा चुनाव की सन्निकटता के मद्देनजर उक्त नीलामी स्वमेव स्थगित हो गई थी। उपरांत अगस्त 2024 में पुनः काम्प्लेक्स के नीलामी हेतु नियमानुसार सामान्य सभा में निर्णय मुताबिक अखबार में नीलामी सूचना का प्रकाशन किया गया था, हालांकि जनपद में विप पार्टी के सदस्यों ने नीलामी दिवस राजनैतिक कारणों से विरोध जाहिर करते हुए नीलामी में विपक्ष को विश्वास में नही लेने, पर्याप्त सूचना प्रकाशन नही करने तथा सिर्फनगर को महत्व देकर ग्रामीण किसानों को दुकान खरीदने से वंचित रखने जैसे बेतुका आरोप लगाकर नीलामी बाधित कर दिया। हालांकि इसके बावजूद भी जनपद में विपक्ष पार्टी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ही नीलामी प्रक्रिया जारी थी। अंततः सभी 5 दुकानों के लिए प्रतिभूति राशि हेतु पृथक पृथक रसीद नही होने जैसी त्रुटि एवं बोलीदारों में संभावित टकराव के मद्देनजर नीलामी स्थगित कर दी गई थी। अब प्रत्येक दुकानों के लिए पृथक पृथक रसीद प्रदान करने के उपरांत नीलामी प्रक्रिया की गई। जानकारी मुताबिक अधिकतम बोली कि 25 फीसदी राशि जमा कराकर बाकी राशि 30 दिवस के भीतर जमा कराकर रजिस्ट्री प्रक्रिया की जावेगी। नीलामी दरम्यान अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सदस्यगण, आरएल साहू, ओमप्रकाश जैन, हीरा शेंडे, गजेंद्र हरिहारणो सहित पत्रकारगण एवं नगर व अंचल के व्यापारी बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

**जनपद को एक करोड़ की प्रतिभूति**-जनपद पंचायत में इस बार 5 दुकानों के लिए पृथक पृथक रसीद के स्पष्ट नियम के साथ नीलामी प्रक्रिया अपनाई गई। प्रत्येक में 12,500 हजार प्रतिभूति एवं ढाई लाख आधारमूल्य के साथ दुकान क्र 01 को बोलीदार मकबूल हसन ने 25 लाख 55 हजार में खरीद ली। दुकान क्र 02 व 03 को लक्ष्मी सिंह राजपूत ने क्रमशः 22 लाख एक हजार एवं 21 लाख 61 हजार में खरीद ली। इसी प्रकार दुकान क्र04 व 05 को अधिकतम बोलीदार सौरभ नाहटा ने क्रमशः 21 लाख 75 हजार एवं 23 लाख 60 हजार में खरीद ली है।

**बाधक तत्वों के मुंह पर तमाचा**- जनपद की राजस्व आय बढ़ाने के विरोधी तत्व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के नीलामी में इस बार नजर नही आये। विपक्ष के अधिकतर सदस्य नदारद रहे। वहीं अपने सदस्यों से विरोध कराकर उनका राजनैतिक पर कतरने वाले कथित आका के कुछ नुमाईंदे भी शर्मिंदगी से बचने नीलामी से दूर रहे। ऐसे तत्वों को लेकर सभागार मे नीलामी पुर्व तीखी प्रतिक्रिया भी हुई। बहरहाल इस नीलामी को राजस्व विरोधी तत्वों एवं इनके आकाओं के मुँह पर तमाचा माना जा रहा है।

# अवैध शराब बिक्री को लेकर विवाद चाकू से वार कर युवक की हत्या

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर में विसर्जन झांकी की शाम ही हत्या की वारदात हुई है। शहर के बाहरी हिस्से पेंड्री में तीन-चार संदिग्धों ने मिलकर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घायल युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। आरोपियों ने मृतक पर अंधाधुन हमला किया जिससे उसके शरीर पर कई गहरी चोटें आई।

पेंड्री के अटल आवास में यह वारदात शाम तकरीबन 5.30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि यहां दो गुटों के बीच शराब की अवैध बिक्री को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच ही तीन-चार युवकों ने घेरकर पेंड्री निवासी कामता पटेल (24) पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। मृतक के शरीर में चाकू से 10-11 वार किए गए हैं। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। जबकि आसपास के लोगों ने कामता को अस्पताल पहुंचाया। लालबाग पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई है।

# पीएम मोदी ने जशपुर न.पा. क्षेत्र के 74 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत कराया गृह प्रवेश

## विधायक रायमुनी भगत ने हितग्राहियों को सौंपा पूर्णता प्रमाण-पत्र

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत जशपुर नगर पालिका क्षेत्र के 74 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। जशपुर के वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में इन 74 हितग्राहियों को खुशियों की चाभी सौंपी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभान्वित हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा के कार्यक्रम के तहत लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर कम्युनिटी हॉल में मौजूद हितग्राहियों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए श्रीमती भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों का दर्द समझते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ इस क्षेत्र के लोगों को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मकान मिलना उनके सपनों को पूरा होने जैसा है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार होने से विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और धर्मों के लोगों को आवास प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना और उज्जवला योजना जैसी स्कीम चालू की गई है। आज महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रूपए की मान से प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए मिल रहा है। वहीं उज्जवला योजना की मदद से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। श्रीमती भगत ने इस अवसर पर लोगों को नशा से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा नाश का जड़ है। हमें अपने स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए इससे दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, पार्षदगण नीतू गुप्ता, पिंकी लकड़ा, एंजला खेस, मालती भगत, लाल देव राम सहित नगर पालिका से मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय एवं हितग्राही और अन्य लोग मौजूद रहे।

### फिर एक सुने मकान का ताला टूटा,नगदी समेत हजारों के सामान ले भागे चोर

**रायगढ़।** रायगढ़ जिला मुख्यालय में अज्ञात चोरों का आतंक जारी है। एक बार फिर से चोरों ने एक सुने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफअपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जगतपुर लक्ष्मी हाईट्स के पास निवासरत पूनमचंद अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पूनमचंद अग्रवाल के नाम से किराने का दुकान है तथा वहीं उसी मकान के दूसरे कमरे में वह अकेले रहता है। पीड़ित ने बताया कि 08 सितंबर की सुबह वह किसी काम के सिलसिले में अंबिकापुर गया हुआ था। इस दौरान 11 सितंबर की सुबह सवा दस बजे वह वापस रायगढ़ आया तो देखा कि उसके दुकान का ताला टूटा हुआ था। जिसके बाद अंदर जाकर देखने पर पता चला कि आलमारी खुला था जिसमें से लगभग 20 हजार नगद और दुकान के अन्य सामान कीमती लगभग 15 हजार को अज्ञात चोरों ने सुनेपन का फायदा उठाकर लेकर फरार हो गए।

# सीएम साय ने कुनकुरी की जल समस्या से निजात दिलाने अमृत मिशन योजना से 48 करोड़ रुपए की दी स्वीकृति

## अब कुनकुरीवासियो को नहीं होगी कोई पेयजल की समस्या

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर नगर पंचायत कुनकुरी में जल समस्या से निबटने के लिए नगर पंचायत ने 50 साल की बड़ी कार्ययोजना तैयार की है। इस निर्माण कार्य के पूरा हो जाने से नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 15 वार्डो के हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। नगर पंचायत कुनकुरी की सीएमओ प्रवीण कुमार उपाध्याय ने बताया कि निर्देश के अनुसार नगर पंचायत ने अमृत मिशन 2.0 के तहत जल आवर्धन योजना के लिए 48 करोड़ रूपये का प्रस्ताव और प्राक्कलन रिपोर्ट स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेजा था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगरीय प्रशासन मंत्री व उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने इसे तत्काल स्वीकृति देते हुए,बजट जारी कर दिया है। सीएमओ उपाध्याय ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होनें बताया कि इस बजट से नगर में जल आपूर्ति के लिए फरसाकानी में ईब नदी के तट पर इंटकवेल का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ पम्पिंग स्टेशन और 3.50 एमएलडी क्षमता वाटर ट्रीटमेंट प्लांट,5713 रा वाटर पाइप लाइन, 4010 क्लीयर वाटर पाइप लाइन,36 हजार 930 मीटर जल आपूर्ति पाइप लाइन 940 किलो लीटर क्षमता का एक ओवर हेड टेंक का निर्माण किया जाएगा। जल आपूर्ति के लिए नगर में पहले से प्रयोग किए जा रहे टेंक का उपयोग भी जारी रहेगा। नगर पंचायत का अनुमान है कि इस जल आवर्द्वन योजना से जल आपूर्ति शुरू हो जाने से अगले 50 साल तक कुनकुरी नगरवासियों को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। फरसाकानी में निर्माण होने वाले जल आवर्धन योजना से कुनकुरी नगर में निवासरत 13 हजार 648 लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। नगर पंचायत के आंकड़ों के मुताबिक कुनकुरी शहर में 15 वार्डो में 2495 घर है। फिलहाल इन सभी घरों तक नलों की पहुंच नहीं हो सकी है। इसके कारण गर्मी के मौसम में नगरवासियों को जल समस्या से जुझना पड़ता है। टैंकर से पानी आपूर्ति कर नगर पंचायत नगरवासियों को राहत देने की कोशिश करता है। लेकिन इससे विवाद की स्थिति बनती रहती है। उम्मीद की जा रही है कि अमृत मिशन योजना के अंतर्गत जल आवर्द्वन योजना का निर्माण पूरा हो जाने से समस्या सुलझ सकेगी।

# पुलिस ने वर्ष 2021 में ऐक्सिस बैंक से 85 लाख के धोखाधडी मामले के मास्टरमाइंड आरोपी को किया गिरफ्तार

- आरोपी द्वारा ओरियेन्टल बैंक शाखा धमतरी के फर्जी स्टेटमेंट लेकर ऐक्सिस बैंक से लिया गया था 85 लाख का लोन

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



योगेश देशमुख ऐक्सिस बैंक का मैनेजर द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर दिनांक 03/09/21 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि बालाजी सेल्स की प्रोपाईटर उषा ज्ञानचंदानी पति धर्मेन्द्र निवासी आमापारा धमतरी द्वारा ओरयेन्टल बैंक ऑफ कामर्स शाखा धमतरी में अपने लोन खाते का फर्जी बैक स्टेटमेन्ट प्रस्तुत कर ऐक्सिस बैंक शाखा धमतरी से 85,00000 रूपये पच्यासी लाख का लोन राशि प्राप्त कर धोखाधडी किया गया है की रिपोर्ट पर अप. क्र. 365/21 धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान थाना सिटी कोतवाली धमतरी द्वारा आरोपीया के द्वारा प्रस्तुत ओरियेन्टल बैंक शाखा धमतरी के फर्जी स्टेटमेंट के संबंध में उक्त बैंक से स्टेटमेट लिया गया जिसमें आरोपीया द्वारा प्रस्तुत स्टेटमेट एवं बैंक से प्राप्त स्टेटमेट भिन्नता पाया गया है जिस पर आरोपीया अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से फरार थी जिसकी अग्रिम जमानत, एडीजे न्यायालय धमतरी, उच्च्च न्यायालय बिलासपुर से निरस्त किया गया था। आरोपीया से पूछताछ पर शैलेन्द्र ज्ञानचंदानी को बालाजी सेल्स की प्रापाईटर का संचालन करना बताया है जिस संबंध में पुछताछ के संबंध में लगातार आरोपी को उपस्थित होने नोटिस जारी किया गया लेकिन आरोपी थाना नहीं आकर फरार रहा ना ही विवेचना कार्य में सहयोग किया, जिसके लिए लगातार पतासाजी की गई जो दिनांक 15/09/24 को थाना उपस्थित आया जिससे प्रकरण के संबंध में पुछताछ किया गया जो गोल मोल जवाब देता रहा एवं बालाजी सेल्स का मूल दस्तावेज प्रस्तुत नही किया है एवं ना ही बैंक से संबंधित कोई जानकारी दिया गया। जिसके विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 420,120(बी)भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध है, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का नाम शैलेन्द्र ज्ञानचंदानी पिता स्व0 चुहडमल ज्ञानचंदानी उम्र 49 वर्ष साकिन महालक्ष्मी इन्के्लेव मकान नं 15 धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी।

# जूटमिल पुलिस ने बेंगलुरु से गुमशुदा बालिका को किया दस्तयाब

## पुलिस ने बालिका को भगा ले जाने वाले युवक को पॉक्सो एक्ट में भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के जूटमिल क्षेत्र से गुम हुई बालिका को जूटमिल पुलिस ने बेंगलुरु से दस्तयाब कर वापस रायगढ़ लाया। 24 वर्षीय युवक राजकुमार उरांव बालिका को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया था। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी बालिका के पिता ने 3 मार्च को जूटमिल थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, रिपोर्ट के अनुसार, बालिका रिश्तेदारी में जूटमिल क्षेत्र गई हुई थी। 29 फरवरी को रिश्तेदारों ने उसे घर जाने के लिए कोड़ातराई से बस में बिठा दिया था, लेकिन वह शाम तक घर नहीं पहुंची। जब उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो वह बंद मिला। रिश्तेदारों और अन्य स्थानों पर पता करने पर भी महिला का कोई पता नहीं चल सका। बालिका के पिता की रिपोर्ट के आधार पर जूटमिल थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान, महिला के परिजन और सहेलियों से पूछताछ की गई। टीआई जूटमिल मोहन भारद्वाज ने महिला के सोशल मीडिया अकाउंट्स और मोबाइल नंबर की जांच की, जिसमें पता चला कि वह बेंगलुरु के गुट्टाहल्ली मुलबागल में थी। पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर जूटमिल पुलिस की एक टीम को बेंगलुरु भेजा गया। वहां गुम बालिका और संदिग्ध राजकुमार की सघन पतासाजी की गई। 13 सितंबर को संदिग्ध राजकुमार को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि बालिका उसके साथ है। बालिका को दस्तयाब कर रायगढ़ लाया गया। बालिका अधिकारी ने उसका विधिवत बयान लिया, जिसमें बालिका ने बताया कि राजकुमार उसे शादी का झांसा देकर बेंगलुरु ले गया था।

# मदिरापान करने वाले सावधान, देशी शराब की बोतल में केंचुआ देख ग्राहक हैरान

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के पुसौर में देशी शराब की शीशी में केचुआ मिला है। ग्राहक ने शीशी में केचुआ मिलने की बात सेल्समैन से कही तो तत्काल उसने दूसरी शीशी दे दी। इस दौरान शराब ग्राहक ने कहा कि इसे पीकर जान भी जा सकती थी।

मामला पुसौर के देशी शराब दुकान का है। शराब ग्राहक ने बताया कि इस तरह के कई मामले कुछ दिन पहले रायगढ़ के देशी शराब दुकान में सामने आ चुके हैं, लेकिन आबकारी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। कभी छिपकली तो कभी कीड़े तो कभी केचुआ निकल रहे हैं। इस लापरवाही पर कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। ग्राहक से जब हमने चर्चा किया, तो उसने बताया कि यह काफी गलत बात है कि शराब की शीशी में कीड़ा मिल रहा है। कोई जहरीला कीड़ा भी हो सकता है और अगर इसे कोई नजरअंदाज करता है तो उसकी जान भी जा सकती है। उनका कहना है कि पहले भी शराब की शीशी में कीड़ा, छिपकली का हड्डी तो कभी केचुआ निकलने का मामला सूनने को मिला है।

# सड़क में पैदल चल रही महिला को ट्रेलर ने कुचला मौके पर हुई मौत, गुस्साये लोगों ने किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में शराब के नशे में धुत्त ट्रेलर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे चल रही महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उक्त मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम रैबार के डीपापारा निवासी महिला सकुंतला सिदार 60 साल अपने भतीजे के घर से पैदल अपने घर जा रही थी इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए महिला को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि महिला को ठोकर मारकर भागने वाले ट्रेलर चालक नशे में धुत्त था जिसे गांव के ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

**2 घंटे तक चला चक्काजाम-** सड़क हादसे में महिला की मौत हो जाने के बाद गुस्साये गांव के ग्रामीणों ने महिला के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर एकजुट होकर घटना स्थल पर चक्काजाम शुरू कर दिया था जिससे सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फिर गाड़ी मालिक के द्वारा तत्कालिक सहायता के रूप में 1 लाख रूपये और शासन की तरफ से 25 हजार की सहायता राशि मिलने के पश्चात दो घंटे बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

# ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की मौत, एनएच 49 में फिर हुआ हादसा, आरोपी चालक हुआ फरार

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में एनएच 49 में एक बार फिर तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। उक्त घटना खरसिया थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पलगडा घाट में आज सुबह एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एयू 3021 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक क्रमांक सीजी एव्हाई 4843 सवार पलगडा निवासी राघवेन्द्र चैधरी 40 साल को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

**एनएच 49 में थम नही रहा हादसा-** गांव के ग्रामीणों का कहना था कि एनएच 49 में भारी वाहन के चालकों ने द्वारा तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए अक्सर इस तरह की दुर्घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है जिससे बेकसुर लोगों की असमय मौत हो रही है।

**अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत-**बताया जा रहा है कि राघवेन्द्र आज सुबह किसी काम के सिलसिले में घर से निकला हुआ था जब वह एनएच 49 में पहुंचा ही था कि ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा राघवेन्द्र को उपचार हेतु अस्पताल लेकर जा रहा था इसी बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

**आरोपी चालक फरार-**सोमवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आकर बाईक सवार की मौत हो जाने की जानकारी मिलते ही खरसिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए फरार आरोपी चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

### विधायक रायमुनी भगत और एसपी शशी मोहन,संगम चौक गणपति पंडाल में पहुंचकर की आरती



**जशपुरनगर।** संगम चौक में विराजे गणपति बप्पा की संध्या आरती में पहुंच जशपुर विधायक रायमुनी भगत और एसपी शशिमोहन सिंह ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर गणपति बप्पा का आरती की। इस दौरान जिलेवासियों के सुख समृद्धि और शांति की कामना भी की। सोमवार की शाम जशपुर विधायक रायमुनी भगत संगम चौक में विराजे गणपति बप्पा की संध्या आरती में पहुंची और यहां विधिविधान से पूजा अर्चना कर संध्या आरती की,इस दौरान जशपुर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने भी संध्या आरती किया।

# भगवत भक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति की शिक्षा भी आवश्यक : उमेश साहू

## ग्राम श्यामतराई में आयोजित एक दिवसीय रामसत्ता कार्यक्रम में उपस्थित हुए उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



उमेश साहू अध्यक्ष भाजपा गंगरेल मंडल एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि लोकसभा महासमुंद क्षेत्र ने ग्राम श्यामतराई में आयोजित एक दिवसीय रामसत्ता कार्यक्रम में उपस्थित हुए। समिति के सदस्यों के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विराजे भगवान लंबोदर महाराज जी का आरती हुआ वहीं पर विराजमान माता दुर्गा के मूर्ति पर आरती हुआ फिर सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उमेश साहू ने अपने उद्बोधन में जयकारा लगाते हुए भारत माता की जय के साथ धर्म की जय हो , अधर्म का नाश हो ,प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो गौ माता की जय का जय घोष कराए। एक लाइन उमेश साहू के बोलने के बाद स्वतः वहां उपस्थित भक्तगण ग्रामीण जन खुद से दूसरी लाइन दोहराने लगे इस पर उमेश साहू ने श्रोताओं से कहे की यहां के श्रोतागण स्वत ज्ञान से भरे हुए हैं तभी पहली लाइन के दोहराने पर दूसरी लाइन को वह स्वतः बोल रहे हैं ऐसे ज्ञानी श्रोताओं के समक्ष बोलना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए श्रोता समूह से निवेदन किये कि ईश्वर की भक्ति परलोक के लिए आवश्यक है और परलोक के लिए ईश्वर की भक्ति जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक इस जीवन को जीने के लिए जिस राष्ट्र में हम जन्म लिए हैं उस राष्ट्र के प्रति राष्ट्रभक्ति भी उतना ही आवश्यक है। राष्ट्र की भक्ति जब.जब स्वयं भगवान भी इस संसार में आए वह भी राष्ट्र भक्ति किये वह भी जन्म देने वाली मिट्टी की महिमा बताए और उसको नमन किया ऐसा दृश्य ऐसा वर्णन शास्त्रों में दिखता है।और आज जो कार्यक्रम हो रहा है ऐसे कार्यक्रमों में भी राष्ट्र की महिमा का वर्णन किया जाता है इसीलिए उन्होंने उपस्थित सभी पलक गनों और युवाओं से आग्रह किया कि ईश्वर भक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति की शिक्षा हम सब को लेनी और देनी भी चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के सभापति कविता योगेश बाबर और जनपद पंचायत के सदस्य धनेश्वरी साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष हेमंत पाले, उपाध्यक्ष दक्ष साहू, कोषाध्यक्ष सुमन सॉरी, सचिव सोमेश मरकाम, संयोजक ताम्रध्वज साहू के साथ.साथ सैकणो ग्रामीण उपस्थित थे।

## हत्या करने के लिए क्राइम पेट्रोल देखकर बनाई गई थी योजना, 4 हुए गिरफ्तार

# शराब के लिए जमीन गिरवी रखने और रोजाना की लड़ाई से परेशान होकर भाईयों ने मिलकर कर दी बड़े भाई की हत्या

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आदतन शराबी भाई की हरकतों से परेशान होकर अपने एक सगे भाई और दो मौसेरे भाईयों ने मिलकर उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने सिर काटकर जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने कुनकुरी-तपकरा रोड के जंगल में मिली सरकटी लाश अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा लिया है। इस संबंध में एसपी शशि मोहन ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 12 अगस्त की सुबह करीब 10.00 बजे गणेश बारीक ने पुलिस को सूचना दिया कि कुनकुरी-तपकरा जाने वाले मेन रोड श्री टोली गांव के चुरहागड़ा जंगल में एक एक व्यक्ति का शव सिर धड़ से अलग मिला है।सूचना पर मौके पर जाकर तस्दीक करने पर अज्ञात पुरुष उम्र करीब 30-35 वर्ष का सिर एवं धड़ घने जंगल में अलग अलग कुछ दूरी पर पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। तत्काल अति पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एवं उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में मृतक की पहचान तथा आरोपी की पतासाजी के लिए टीम बनायी गई।

**अभिषेक लकड़ा के रूप में पहचान -** मृतक का चेहरा, हाथ में बने टैटू के आधार पर उसकी पहचान के लिए लगातार कोशिश की जाती रही तभी पुलिस को सूचना मिली कि मृतक अभिषेक लकड़ा निवासी बरजोर डूमरटोली थाना कासांबेल का लग रहा है। सूचना तस्दीक की गई मृतक के पिता ख्रीस्तोफर लकडा निवासी बरजोर कांसाबेल एवं पत्नी अर्पिता तिर्की निवासी केरसई से पूछताछ कर जिला अस्पताल जशपुर के मरचुरी ले जाकर मृतक शव को दिखाने पर मृतक को अभिषेक लकड़ा का होना पहचान किये। पहचान बाद शव को परिजनों को सौंपा गया।

**विवाद के बाद कर दी हत्या -**प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस टीम को जानकारी मिली कि घटना के दो दिन पूर्व मृतक का उसके मौसेरे भाई से झगडा मारपीट हुआ था उसके बाद से मृतक गायब हुआ है। संदेह के आधार पर मृतक के मौसेरे भाई अभय एक्का, संदीप एक्का, पड़ोसी निर्दोष तिर्की निवासी बरजोर डूमरटोली थाना कांसाबेल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा घटना के बारे में अति. पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एवं टीम के अधिकारियों द्वारा बारीकी से पूछताछ किया गया। पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे लगातार और मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ पर आरोपी अभय ने घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुए बताया कि अभिषेक लकड़ा इसके मौसेरा भाई है जो अक्सर शराब पीकर नशे में घर में झगडा मारपीट करता रहता था। जमीन को भी गिरवी रख देता था। 10 सितंबर को शाम करीब 06-7 बजे अभिषेक लकड़ा शराब के नशे में गाली गलौज हल्ला करते घर आया और अभय, अभय के भाई व मां से गाली गलौच, लड़ाई झगड़ा करने लगा।तब इन लोगों ने मृतक को मना किया तो और भी उग्र होकर मारपीट पर उतारू हो गया। तब अभय ने लकड़ी के फाड़ा से हाथ पैर में मारा जिससे दाहिने पैर चोट लगकर पैर टूट गया। अभिषेक को अस्पताल ले जाने से पुलिस केश होने का डर होने से ईलाज नहीं कराया। हमेशा के लिये भाई अभिषेक को रास्ते से हटाने के लिये प्लान बनाया और 11 सितंबर को रात में अपने भाई संदीप एक्का, मृतक के भाई अनुप लकड़ा एवं पड़ोसी निर्दोष तिर्की से मिलकर घटना को अंजाम देने के बारे में चर्चा किया और भाई अभिषेक रोज रोज परेशान करता है उसको हमेशा के लिये खत्म कर देते है, किसी को भी पता नहीं चलेगा।

# निगम में धूमधाम से मनाई श्री विश्वकर्मा जयंती, महापौर ने पूजा अर्चना कर की शहर की सुख समृद्धि की कामना

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत निगम में आज धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर शहर के सुख और समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल एवं निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, वाहन शाखा के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य भोला महोविया तथा अधिकारियों/कर्मचारियों ने वाहनों की पूजा की।श्री विश्वकर्मा पूजन मंगलवार को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर एमआईसी संजय कोहले,दीपक साहू,मनदीप सिंह भाटिया,विजेंद्र भारद्वाज,श्रद्धा सोनी,बृजलाल पटेल,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,भवन अधिकारी गिरीश दिवान, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,दुर्गेश गुप्ता,कर्मशाला अधीक्षक शॉएब अहमद सहित आदि मौजूद रहे। इस दौरान महापौर ने भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा का श्रद्धा के साथ महापौर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने पूजन के बाद निगम कर्मचारियों एवं शहरवासियों को 'विश्वकर्मा जयंती' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नव-निर्माण एवं नव-सृजन में जुटे सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करते हैं।

# छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनायें

## छत्तीसगढ़ की अपरम्परागत ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश हेतु निवेशकों को किया गया आमंत्रित

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ऊर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद की उपस्थिति में गुजरात में आयोजित ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट-2024 के दौरान आयोजित ''ग्रीन हाइड्रोजन सीईओ राऊंड टेबल'' कॉन्फ्रेंस में निवेशकों को यह जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले निवेशकों को राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 के तहत हर संभव प्रोत्साहन और सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार द्वारा किया गया। सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इस अंतर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट में छत्तीसगढ़ राज्य में अपरम्परागत ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। निवेशकों को छत्तीसगढ़ में भविष्य की महत्वपूर्ण बायोमास आधारित योजनायें जैसे- बायो-एथेनॉल, बायोजेट एवियेशन फ्यूल, कम्प्रेस्ड बायोगैस तथा ग्रीन हाइड्रोजन आदि में निवेश के लिये निवेशकों को आमंत्रित किया गया। निवेशकों को जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ राज्य के पूरे ग्रामीण परिदृश्य में बायोमास जैसे कि कृषि अपशिष्ट, डेयरी उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट, फ्ल एवं सब्जी बाजारों के अपशिष्ट, गोबर की बहुतायत है, जिसका उपयुक्त तकनीक से प्रसंस्करण कर वृहद पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की अपार संभावनायें हैं। यह प्रयास सफ्ल होने पर राज्य में संचालित वृहद स्टील उद्योगों, खादय प्रसंस्करण इकाईयों, फर्टीलाईजर इकाई में ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग इन्डस्ट्रीयल एप्लीकेशन के रूप में किया जाएगा। इस तरह राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन वर्ष 2030 के लक्ष्य 05 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन की दिशा में छत्तीसगढ़ का अहम् योगदान निश्चित होगा तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी।

सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी निवशकों को आश्वस्त किया कि राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2024-29 में हरित अर्थव्यवस्था के निर्माण हेतु निवेशकों को यथासंभव प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही राज्य में रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे।

# राज्य के सभी जिलों में खुलेंगे अन्नपूर्णा दाल भात केन्द्र : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा सहायता योजना होगी प्रारंभ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में राज्य के सभी जिलों में अन्नपूर्णा दाल-भात केन्द्र और पंजीकृत श्रमिक परिवारों के बच्चों को श्रेष्ठ आवासीय विद्यालय में निःशुल्क अध्ययन की सुविधा देने के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा सहायता योजना शुरू करने की घोषणा की।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इस मौके पर श्रमिकों को विश्वकर्मा दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए 57 हजार से अधिक पंजीकृत परिवारों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 49.43 करोड़ रूपए की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से उनके खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में श्रमवीरों को शाल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने श्रम विभाग द्वारा तैयार की गई कॉफी टेबल बुक 'क्रेडल्स ऑफ होप' का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने की। मुख्यमंत्री साय ने श्रमिकों के हित में श्रम विभाग द्वारा शुरू किए गए श्रमेव जयते एप और श्रमिक हेल्पलाइन नंबर की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में उन्होंने ढाई से 3 साल तक केंद्र में श्रम राज्य मंत्री के रूप में काम किया। तब श्रमिकों को बहुत ही कम पेंशन राशि मिलती थी। प्रधानमंत्री की पहल पर यह राशि बढ़ाकर एक हजार रूपए की गई। साथ ही प्रोविडेंट फंड बनाकर श्रमिकों को यूनिवर्सल नंबर आबंटित किए गए। इस यूनिवर्सल नंबर के जरिए श्रमिकों को देश के किसी भी स्थान जाने पर इस स्थायी नंबर के जरिए विभिन्न लाभ मिलते हैं। इसी प्रकार श्रमिक भाई पीएफ की राशि क्लेम नहीं करते थे, उन्हें 27 हजार करोड़ रूपए दावा राशि का भुगतान कराया गया।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार में योजनाओं के क्रियान्वयन में सुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। श्रमिकों को आज विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। श्रमिकों के बीच अब कोई बिचौलिया नहीं आएगा। श्रमिकों को अब राशि सीधे उनके बैंक खातों में मिल रही है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए संचालित अनेक कल्याणकारी योजनाएं जिसे पिछली सरकार ने बंद कर दी थी। मुख्यमंत्री साय उन योजनाओं को पुनः शुरूआत कर रहे हैं। यह श्रमिकों के लिए खुशी का अवसर है। श्रम मंत्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के श्रमिकों के हित अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा 235 करोड़ रूपए अलग-अलग योजना के माध्यम से सहायता राशि श्रमिकों को प्रदान की गई है। जिसका सीधा लाभ श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मिल रहा है।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रमेव जयते एप और शिकायत निवारण पोर्टल एवं टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। अब श्रमवीरों द्वारा किसी भी समय अपने शंका, समस्या का निवारण घर बैठे कर सकते हैं। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि श्रमवीर हमारे प्रदेश के रीढ़ की हड्डी है, इनके दम पर ही हमारा राज्य प्रगतिशील है। श्रमवीरों के सच्चे सम्मान के लिए हमारी सरकार हमेशा कार्यरत है। उन्होंने कहा कि श्रमवीरों के बच्चों के भविष्य व शिक्षा के लिए हमें बेहतर से बेहतर प्रयास करना चाहिए।

# स्थानीय निकायों के निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के मार्गदर्शन में यहां अटल नगर नया रायपुर स्थित राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में वीसी के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेंन्द्र भुरे ने उपस्थित सभी अधिकारियों को मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले का नाम मतदाता सूची में अवश्य रूप से जोड़ा जावें। आयोग द्वारा आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए एक सटीक और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। मास्टर ट्रेनर द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जिला स्तर के मास्टर ट्रेनरों को मतदाता सूची तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया अद्यतन नियम एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतदाता सूची तैयार करने में किसी भी प्रकार के गलती या त्रुटि से बचने के उपायों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण कायक्रम में मतदाता पंजीकरण, नामांकन और सूची में सुधार जैसे महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया साथ ही डिजिटल उपकरणों और सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल के बारे में भी बताया गया। आयोग के सचिव डॉ. भुरे ने गतदिवस आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिये जारी कार्यक्रम का कड़ाई से पालन करने को कहा, उन्होंने मतदाता शिक्षा और जागरूकता अभियानों को सक्रियता से करने को कहा ताकि अधिक से अधिक लोग मताधिकार का उपयोग कर सकें। मास्टर ट्रेनर द्वारा अधिकारियों को पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के वैधानिक प्रावधान, अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति, कर्तव्य एवं उसके प्रशिक्षण, निर्वाचन नामावली तैयार करने हेतु प्रक्रिया तथा प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन एवं मुद्रण के सबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम में दावा आपत्ति प्राप्ति एवं निराकरण, प्रारंभिक निर्वाचक नामावली में आवश्यक संशोधन एवं साफ्टवेयर में प्रविष्टि, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन एवं मुद्रण, अपील, राजनैतिक दल हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं निर्वाचक नामावली अभिकर्ता की नियुक्ति तथा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण हेतु आवश्यक प्रचार-प्रसार (जाबो) के संबंध में विस्तार से बताया गया। आयोग के अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण में पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी दिया गया।

# हमारे समृद्ध अतीत और कला-संगीत की अद्भुत परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है चक्रधर समारोह : राज्यपाल रमेन डेका

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ में आयोजित चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि हमारे समृद्ध अतीत और कला-संगीत की अद्भुत परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। राज्यपाल डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ और असम की संस्कृति में समानता है। ब्रिटिश काल में छत्तीसगढ़ से अनेक लोग असम आए और वहाँ रच-बस गए। राज्यपाल होने के नाते मेरी प्राथमिकता है कि यहाँ की संस्कृति को बढ़ावा मिले। यहाँ की शिक्षा व्यवस्था बहुत प्राचीन है। उन्होंने अतीत में रामायण, महाभारत से संबंधित दीये की रोशनी में खेले जाने वाले नाटकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नैतिकता की शिक्षा के साथ नाटक भक्ति मार्ग से जोड़ते थे। भक्ति मार्ग से ही देश-प्रदेश का विकास संभव है। राज्यपाल ने कहा कि भले ही हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग है लेकिन हमें समाज के उत्थान के लिए काम करना है।

# बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी बहुत जरूरी : मंत्री राजवाड़े

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े कांकेर जिला के ग्राम गढ़पिछवाड़ी के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित विभाग स्तरीय विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल एवं प्रोजेक्ट का अवलोकन किया तथा उनके उत्कृष्ट कलात्मक मॉडल की सराहना की। कैबिनेट मंत्री राजवाड़े ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी प्रतिभा छोटी या बड़ी नहीं होती। आज के बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना बहुत जरूरी है तथा सरस्वती शिक्षा संस्थान इस कार्य में अन्य संस्थाओं की अपेक्षा कहीं अधिक अग्रणी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं अनुशासित होना आवश्यक है तभी वे अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम होंगे। मती राजवाड़े ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर का मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण करना भी है और यह संस्थान भलीभांति अपना कर्तव्य निर्वहन कर रहा है। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद मोहन मण्डावी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की बात कहीं।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को 298 करोड़ 66 लाख की अनुदान और सहायता राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। राज्य में सूखा, बाढ, अतिवृष्टि, अग्नि, दुर्घटना, ओलावृष्टि, आंधी-तूफान आदि के मामलों में अब तक 298.66 करोड़ की सहायता राशि स्वीकृत की जा चुकी है। राज्य के सभी कलेक्टरों को प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ितों को तत्काल सहायता राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अन्तर्गत राहत आयुक्त कार्यालय राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अन्तर्गत राहत आयुक्त कार्यालय मंत्रालय में स्थापित किया गया है। राज्य स्तर पर प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की जानकारी संकलित कर पीड़ितों को प्रदाय की जा रही इसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा 298 करोड़ 66 लाख 55 हज़ार रुपए की स्वीकृत अनुदान सहायता राशि सभी 33 जिलों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जारी की गई है। वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य आपदा मोचननिधि के लिए 533 करोड़ 60 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के लिए 133 करोड़ 40 लाख रूपए का प्रावधान के साथ-साथ निर्देशन व प्रशासन के लिए 3.26 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। आपदाओं का विश्लेषण एवं योजना तैयार करने के लिए 58 लाख रूपए का प्रावधान राज्य सकरार द्वारा किया गया है।

# अरुण साव ने पीएम आवास योजना के 23 हजार से अधिक लाभार्थी परिवारों को गृहप्रवेश पर दी बधाई



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 23 हजार 071 लाभार्थी परिवारों को आज अपने नए आशियाने में प्रवेश पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में देश के चार लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित मकानों में गृहप्रवेश करा रहे हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के 68 नगरीय निकायों के 23 हजार 071 परिवार भी शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने अपने अमेरिका प्रवास के बीच वहां से भेजे संदेश में सभी लाभार्थी परिवारों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा है कि आज आप सभी को अपने सपनों का आशियाना मिल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आप लोगों का गृहप्रवेश कराने वाले हैं। साव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी शुभेच्छाएं व्यक्त की हैं कि आप इसी तरह लोगों का जीवन आसान बनाते रहें और लगातार हमारा नेतृत्व करते रहें।

# 18 लाख नये आवास देने का वादा झूठा : दीपक बैज

## कांग्रेस सरकार ने 7.5 लाख हितग्राहियों के खाता में पहली किश्त दिया था

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भाजपा सरकार भ्रम फैला रही है। विधानसभा चुनाव में वादा किये थे 18 लाख आवासहीनों को आवास देंगे, अब दावा कर रहे है 8 लाख आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली गयी है जबकि हकीकत यह है कि सरकार के पास अभी तक पात्र हितग्राहियों की न सूची है और न संख्या, जिन लोगों के खाते में पहली किस्त डालने का दावा कर रहे है उन सभी के खाते में पहली किश्त तो कांग्रेस की सरकार ने अक्टूबर में ही जारी कर दिया है। भाजपा सरकार में साहस है तो जिन लोगों के खाते में पैसा डालने का दावा कर रहे है उनकी सूची सार्वजनिक किया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 के जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए कल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 18 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 2,37,000 ग्रामीण पीएम आवास तथा 19,000 शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 23 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाएं। शेष लगभग 7.5 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया तथा 7.5 लाख आवासहीनो के लिये मकान बनाने के लिये पहली किश्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दिया था। साय सरकार बताये वह किन 18 लाख लोगों को आवास देने का दावा कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा की साय सरकार ने अभी तक एक भी हितग्राही के लिये नया मकान नहीं बनाया है। भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास केवल सरकारी विज्ञापनों और होर्डिंग में ही दिखते रहे है, हकीकत में भाजपा सरकार के आने के बाद कोई नया आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली थी। उसके बाद भाजपा सरकार ने एक भी रू. नहीं भेजा है।

18 Sep. 2024 Pride Of Raipur

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही
रोज आइये, रोज उपहार पाइएं...
लक्की ड्रॉ
2 पीस कप सेट
आपका विश्वास... हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...
बुकिंग के लिए संपर्क करें :
+91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोट: मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403